सुप्रभात
रांची, गुरुवार
08.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 30



12 एनटीआर जूनियर के साथ काम करना चाहती हैं कीर्ति

## न्यूज डायरी

### सीएम सोरेन के मामले में 17 को होगी सुनवाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर 17 अगस्त को सुनवाई होगी। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। इसके बाद एमपीएलएलए मामले के विशेष अदालत में अगली सुनवाई की तारीख 17 अगस्त निर्धारित की है।

### नक्सली संगठनों पर 13 को डीजीपी करेंगे बैठक

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता 13 अगस्त को नक्सली संगठन के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा करेंगे। डीजीपी ने आईजी स्पेशल ब्रांच को निर्देश दिया है कि 12 अगस्त तक प्राप्त सूचनाएं और सभी सक्रिय नक्सली संगठन, नक्सल से जुड़े अपराधी और स्प्लिंटर ग्रुप की संपूर्ण विवरणी तैयार कर ब्रीफ करेंगे। समीक्षा बैठक में कई जिलों के पुलिस पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का एसओपी जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया-एसओपी जारी की है। इस योजना में 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को ही योजना का लाभ दिया जाना है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए महिला को कई दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे जो एसओपी में बताया गया है।

### टाटा स्टील के जुस्कोकर्मी ने दफ्तर में आत्महत्या की

**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना क्षेत्र में स्थित कार्यालय में टाटा स्टील के यूसीआईएल जुस्को में कार्यरत एक 54 वर्षीय कर्मचारी ओम प्रकाश ने कार्यालय में आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट में लिखा कि वह वर्क लोड के करण आत्महत्या कर रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

### भारत को हराकर श्रीलंका ने वनडे सीरीज जीती

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका ने बुधवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में चल रहे वनडे सीरीज के तीसरे मैच में भारत को 110 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत से कोई वनडे सीरीज जीती। भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज को 2-0 से गंवायी। श्रीलंकाई स्पिनर्स के सामने भारतीय टीम सिर्फ 138 रनों पर ढेर हो गये।

### हिंसाग्रस्त ढाका से 400 लोग दिल्ली लाये गये

**नयी दिल्ली।** हिंसाग्रस्त बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 400 से अधिक लोगों को भारत लाया गया। एयर इंडिया और इंडिगो की विशेष उड़ान के जरिये बुधवार सुबह छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया। एक अधिकारी ने कहा कि एअर इंडिया ने ढाका में हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचा संबंधी चुनौतियों के बावजूद बेहद कम समय में विशेष उड़ान का संचालन किया।

# 140 करोड़ की उम्मीदों पर भारी पड़ा 100 ग्राम, फोगाट अयोग्य घोषित

**पेरिस ओलंपिक**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का वजन कुछ ग्राम अधिक होने के कारण उन्हें 50 किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती की फाइनल स्पर्द्धा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। इससे वह अब फाइनल मुकाबले में हिस्सा नहीं ले पाएंगी।

भारतीय ओलंपिक संघ ने एक वक्तव्य में कहा कि रात में टीम द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद बुधवार की सुबह फोगाट का वजन तय मानक से लगभग 100 ग्राम अधिक था। इससे 140 करोड़ भारतवासियों की उम्मीदें टूट गयीं।

**फाइनल खेले बिना ओलंपिक से बाहर**



### विनेश भारतीय महिलाओं की भावना : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर किये जाने पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि विनेश भारतीय महिलाओं की अथक भावना की प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट के असाधारण कारनामों ने हर भारतीय को रोमांचित किया है और देश को गौरवान्वित किया है। वे अबभी 140 करोड़ लोगों के दिलों में चैंपियन हैं।

### पहलवान फोगाट चैंपियनों में चैंपियन : पीएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया में विनेश फोगाट को सांत्वना देते हुए कहा कि यह दुखद है और उनके पास निराशा व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। पहलवान फोगाट चैंपियनों में चैंपियन हैं। वह हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। श्री मोदी ने भारतीय ओलिम्पिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा से बातकर विनेश के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारत के पास मौजूद विकल्पों का पता लगाने को कहा है।

## मुख्यमंत्री हेमंत की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 37 प्रस्तावों को दी मंजूरी

# ग्राम प्रधानों की सम्मान राशि दोगुनी
# 1315 प्रधान वनरक्षी के पद भी सृजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इसके अंतर्गत राज्य सरकार ने पारंपरिक ग्राम प्रधानों को दी जाने वाली सम्मान राशि को दोगुना करने का निर्णय लिया है। मानकी, परगनैत, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा, पराणिक, जोगमांझी, कुड़ाम नायकी, नायकी, गोड़ैत, मूल रैयत, ग्रामीण दिउरी, पुजारी, पहड़ा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घटवाल व तावेदन को देय सम्मान राशि दोगुनी होगी। इसमें मानकी और परगनैत को 6,000 रुपये एवं मुंडा एवं ग्राम प्रधान को 4,000 रुपये सम्मान राशि दी जायेगी। जबकि अन्य पारंपरिक ग्राम प्रधानों को 2,000 रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। पारंपरिक ग्राम प्रधानों की सम्मान राशि में वृद्धि से राज्य सरकार के कोष पर प्रतिवर्ष 44.79 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ने का अनुमान लगाया गया है।

इसके अलावा कैबिनेट में बिहार राज्य परिवहन निगम के 619 कर्मियों को समायोजित करते हुये सेवांत लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। ये कर्मी एक जुलाई 2004 से समायोजित माने जायेंगे। वहीं नगर उंटारी और चांडिल में अनुमंडल अभियोजन कायार्लय के गठन की स्वीकृति दी गई। दोनों जगह आठ-आठ पद सृजित किये जायेंगे।

### सभी कोटि के अस्पतालों का होगा उन्नयन

सरकार ने वनरक्षी के 1553 पदों का प्रत्यापन करते हुये प्रधान वनरक्षी के 1315 पद पर सृजन की स्वीकृति दी गई। वहीं बाल आरक्षी से सामान्य आरक्षी में नियुक्ति के लिए शारीरिक योग्यता या चिकित्सीय योग्यता प्राप्त नहीं करने वाले बाल आरक्षी को पुलिस विभाग में ही फोर्थ ग्रेड में नियुक्ति की जायेगी। केंद्रीय एजेंसी के कार्य दायित्व के मामले की कार्य मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग से कराने के प्रस्ताव को मंजूदी दी गयी। वहीं राज्य अंतर्गत सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पतालों का उन्नयन करने और दूसरे चरण में सभी अनुमंडल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन करने का निर्णय लिया गया। नर्सिंग संस्थान क्षेत्र के नामांकन प्रबंधन के नियम-2023 में संशोधन किया गया। अब सभी सीटों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत न्यूनतम अंक लाना अनिवार्य होगा। सदर अस्पताल खूंटी के डॉक्टर नीलम को सेवा से बर्खास्त किया गया। कोडरमा और चाईबासा में 100-100 सीटों वाले मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए शैक्षणिक पदों का सृजन को स्वीकृति दी गयी।

### एयर एंबुलेंस के किराये में 50 फीसदी तक कटौती

एयर एम्बुलेंस के रेंट दर में 50 प्रतिशत की कटौती कर दी गयी है। अब रांची से नयी दिल्ली एयर एंबुलेंस के लिए 5 लाख की जगह 3 लाख 10,000 रुपये लगेंगे। रांची से मुंबई के लिये 7 लाख की बजाय चार लाखे, रांची से चेन्नई के लिए 8 लाख की जगह 3 लाख 30,000 रुपये। वहीं रांची से कोलकाता के लिए 3 लाख के बजाय एक लाख, रांची से वाराणसी के लिए अब 3.15 लाख लगेंगे। जबकि लखनऊ के लिए 2 लाख, तिरुपति जाने के लिए 5 लाख रुपये की जगह 2 लाख लिये जायेंगे। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए मानक तय किये गये।

# बोकारो में करंट से मां-बेटी और भांजे की मौत

■ महिला को बचाने में एक-एक कर करंट की चपेट में आते गये बच्चे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** माराफारी थाना क्षेत्र के कैंप वन में बुधवार को बाथरूम में टुल्लू पंप से पानी निकालने के दौरान करंट की चपेट में आने से मां-बेटी और भांजे की मौत हो गयी। करंट से जख्मी तीनों को परिजनों ने आनन-फानन में बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की शिकार मृतक महिला सुलेखा देवी है। वहीं मृतकों में उनकी 16 वर्षीय बेटी करिश्मा और महिला का 22 वर्षीय भांजा सौरभ कुमार शामिल है। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत को बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है।

मृतक के पड़ोसी और भाजपा नेता बिरंची नारायण के अनुसार पहले महिला सुलेखा देवी बिजली करंट की चपेट में आयीं। उन्हें बचाने गयी बेटी करिश्मा भी चपेट में आ गयी। महिला का भांजा दोनों को बचाने गया और वह भी करंट की चपेट में आ गया। स्थानीय युवक ने जब उनकी चीखने की आवाज सुनी तो वे घर के अंदर गया। उन्होंने देखा कि तीनों करंट की चपेट में आ गये हैं। उसने किसी तरह से बिजली की आपूर्ति बंद की। इसके तुरंत बाद सभी को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

भाजपा विधायक बिरंची नारायण भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस घटना को दुखद बताया और कहा कि एक ही परिवार के तीन लोगों का निधन होना किसी बड़े से सदमे से कम नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन से मदद की अपील की है।

# उग्रवादियों ने रांची के बुढ़मू में छह बड़े वाहनों में लगायी आग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/बुढ़मू।** रांची के बुढ़मू में छापर स्थित दामोदर नदी बालू घाट में उग्रवादियों ने छह वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह घटना मंगलवार देर रात करीब 12 बजे की है। जहां उग्रवादियों ने अवैध बालू ढुलाई में लगे चार टर्बो, एक ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। बता दें कि बुढ़मू, ठाकुरगांव समेत अनेक इलाके में उग्रवादियों की दहशत है।

**लेवी को लेकर घटना को दिया अंजाम :** जानकारी के अनुसार लेवी को लेकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल किसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेवारी नहीं ली है, लेकिन कहा जा रहा है कि जेजेएमपी कमांडर राहुल तुरी उर्फ अलोक जी ने वाहनों को आग के हवाले किया है। इनका मकसद डर का माहौल पैदा कर बालू कारोबारियों से लेवी वसूलना है।



**छापर घाट में होता है करोड़ों का खेल :** छापर स्थित दामोदर नदी घाट से अवैध बालू कारोबार का करोड़ों का खेल होता है। जिसमें उग्रवादी, अपराधी, सफेदपोश सहित दर्जनों अवैध स्टॉकर शामिल रहते हैं। पुलिस भी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है। छापर घाट में पूर्व में भी कई वाहनों को आग के हवाले किया जा चुका है।

**छापर बालू घाट बना उग्रवादियों व अपराधियों का अड्डा :** करोड़ों की अवैध उगाही के कारण छापर बालू घाट उग्रवादियों और अपराधियों का चरम अड्डा बन गया है। आये दिन यहां कभी उग्रवादी तो कभी अपराधी वाहनों में आगजनी करते हैं। बुढ़मू छापर घाट में टीएसपीसी, जेजेएमपी, पांडेय गिरोह, अमन साव गिरोह, अलोकजी गिरोह, वीएस तिवारी गिरोह पूर्ण रूप से सक्रिय है।

### बोकारो: लुगू पहाड़ में नक्सली बंकर ध्वस्त

**बोकारो।** बोकारो जिले के ललपनिया जगेश्वर विहार थाना क्षेत्र स्थित लुगु पहाड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक, 25 लाख के ईनामी नक्सली रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल उर्फ बिरसेन एवं अन्य ईनामी नक्सलियों की छिपे होने की सूचना पर बुधवार को इलाके में कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ, जैप समेत अन्य पुलिस बल ने छापेमारी की।

इस दौरान सुरक्षा बलों ने लुगू पहाड़ पर सर्च ऑपरेशन चलाया और नक्सलियों का बंकर ध्वस्त कर दिया। इस क्रम में पुलिस ने नक्सली पत्रिका और खाद्य सामग्री समेत कई सामान बरामद किए। बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल के ललपनिया थाना क्षेत्र के लुगू पहाड़ पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया और नक्सलियों का बंकर ध्वस्त कर दिया। सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि लुगू पहाड़ पर शीर्ष नक्सली जमे हुए हैं। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया और कामयाबी मिली।


# प्रतिबंधित मांस की खुलेआम बिक्री पर सरकार कार्रवाई करे: हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने खुलेआम प्रतिबंधित मांस की बिक्री को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि रांची में प्रतिबंधित मांस बेचे जाने एवं उसे काटे जाने के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, इसपर सरकार को जवाब एक सप्ताह में शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने को कहा है। मामले के अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि वे खुले में प्रतिबंधित मांस की बिक्री होने की बात को वेरीफाई करेंगे। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से डोरंडा मोहल्ले में खुलेआम प्रतिबंधित मांस की बिक्री का फोटोग्राफ प्रस्तुत किया गया था।

इस मामले में कोर्ट ने रांची एसएसपी से झारखंड गो जातीय पशु वध निषेध अधिनियम 2005 के तहत रांची में की गयी कार्रवाई की जानकारी मांगी। इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में अवैध रूप से संचालित 70 से अधिक मीट शॉप विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई है। जिस पर कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि खुलेआम रांची में प्रतिबंधित मांस की बिक्री हो तो रही है इस बात को कोर्ट से छुपाया गया है।



बता दें कि राज्यभर में मीट शॉप विक्रेताओं द्वारा दुकान के बाहर कटे बकरा एवं मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हो रही थी। मामले में कोर्ट ने मौखिक कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हो रहा है, विक्रेता काले शीशे का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, कई मीट शॉप विक्रेता बिना लाइसेंस के ही दुकान चला रहे हैं।

### दस साल से लापता झारखंड का बालक दिल्ली से बरामद

**रांची।** महिला एवं बाल विकास के नयी दिल्ली स्थित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र की पहल पर मानव तस्करी के शिकार 10 साल से लापता झारखंड के एक बालक को मुक्त कराया गया है। इसके लिए दिल्ली और हरियाणा में सघन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था। साहिबगंज के बरहेट थाना क्षेत्र से कई वर्ष पहले एक बच्चा लापता हुआ था। उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। गुप्त मिशन चलाते हुए झारखंड भवन के कर्मचारी यात्री बनकर एक ट्रैवल एजेंसी वाले से फोन कर उसके कार्यालय पहुंचे और उसे धर दबोचा। एजेंसी के मालिक ने बताया कि उसके द्वारा ही उस बच्चे को काम पर लगवाया गया था। वहां बच्चा तो नहीं मिला, लेकिन दिल्ली वाले आवास पर झारखंड का एक दूसरा बालक मिला। उससे घर और ऑफिस का काम कराया जा रहा था। इस दौरान कानूनी प्रक्रिया पूरी कर 10 वर्षों से लापता बालक को सकुशल उसके परिवार के पास झारखंड भेजा।


### तमिलनाडु कमाने गये 5 मजदूरों की अपील

# हेमंत सर, हमें बचा लीजिये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/धनबाद।** रोजी-रोटी के लिए तमिलनाडु गए झारखंड के पांच मजदूर वहीं फंस गए हैं। वीडियो संदेश जारी करके हेमंत सोरेन सरकार से मार्मिक अपील कर उन्होंने बचाने का अनुरोध किया है। मजदूरों ने कहा है कि झारखंड सरकार उन्हें घर लौटने में मदद करे। ये सभी मजदूर धनबाद और गिरिडीह जिले के रहने वाले हैं। बता दें कि धनबाद जिले के तिलैया पंचायत और गिरिडीह जिले के खुखरा थाना क्षेत्र के सिमरकोड़ी गांव से मजदूरी करने के लिए पांच मजदूर तमिलनाडु गए थे।

**कपड़े की फैक्ट्री में 25 हजार सैलेरी का मिला था आश्वासन:** गोविंदपुर प्रखंड के तिलैया पंचायत निवासी रमेश महतो के भाई सुरेश महतो ने बताया कि पहचान के ही एक व्यक्ति ने तमिलनाडु में कपड़ा फैक्ट्री में 25 हजार प्रतिमाह पर नौकरी लगाने की बात कही थी, लेकिन पता चला कि उन्हें वहां बोरिंग के काम में लगा दिया।



**मजदूरों से मारपीट का सुरेश महतो ने लगाया आरोप :** रमेश कुमार महतो के भाई सूरज कुमार महतो ने बताया कि जबरन ऐसा काम करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो काम उन्होंने कभी नहीं किया। कथित तौर पर उनके साथ मारपीट भी की जा रही है।

इस मामले में शिक्षित मजदूर युवक महावीर झारखंडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं मंत्री बेबी देवी को सोशल मीडिया एक्स पर टैग कर ट्वीट किया है।

## 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर हथकरघा को स्वदेशी आंदोलन की सच्ची भावना बताया

# भारतीय संस्कृति के प्रतीक हथकरघा को फैशन डिजाइनिंग से जोड़ने की जरूरत : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि हथकरघा भारतीय संस्कृति का प्रतीक है और इसे फैशन डिजाइनिंग से जोड़ने की जरूरत है। स्वदेशी आंदोलन की सच्ची भावना में हथकरघा को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हथकरघा उत्पाद प्रधानमंत्री की वोकल फॉर लोकल पहल का एक प्रमुख घटक है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने बुधवार को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस को संबोधित करते हुए आर्थिक राष्ट्रवाद को आर्थिक विकास और आर्थिक स्वतंत्रता का मूल आधार बताया। हथकरघा के पर्यावरणीय और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हथकरघा को बढ़ावा देना समय की जरूरत है, देश की जरूरत है और जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में ग्रह की जरूरत है।



कार्यक्रम के दौरान हथकरघा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए पांच संत कबीर पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किए। उपराष्ट्रपति ने कॉफी टेबल बुक परम्परा- भारत की चिरस्थायी हथकरघा परम्पराएं और पुरस्कार सूची का विमोचन किया।

रोजगार सृजन में हथकरघा के महत्व पर जोर देते हुए खासकर ग्रामीण महिलाओं के लिए, उपराष्ट्रपति ने ऐसे उत्पादों के लिए पर्याप्त विपणन अवसर सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने भारत के कॉरपोरेट्स से खासकर होटल उद्योग में हथकरघा उत्पादों का व्यापक रूप से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतिबद्धता न केवल भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देगी बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगी।

आर्थिक राष्ट्रवाद को हमारी आर्थिक वृद्धि का मूल आधार बताते हुए धनखड़ ने आर्थिक राष्ट्रवाद के तीन प्रमुख लाभों को रेखांकित किया। पहला, यह बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बचाने में मदद करता है। दूसरा, आयात को कम करके हम रोजगार के अवसर पैदा करते हैं और स्थानीय आजीविका की रक्षा करते हैं। तीसरा यह कि घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करके उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है।

उन्होंने चिंता व्यक्त की कि कुछ लोग राष्ट्रीय हितों पर सीमित आर्थिक लाभ को प्राथमिकता देते हैं और सवाल उठाते हैं कि क्या राजकोषीय लाभ अपरिहार्य आयात को उचित ठहराते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी राजकोषीय लाभ, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने और स्थानीय रोजगार की रक्षा करने के मूल्य से अधिक नहीं हो सकता।

श्री धनखड़ ने 7 अगस्त 2015 को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस घोषित करने के प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी निर्णय की प्रशंसा की।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 82000 रु./प्रति किलो |



## देवराज सिंह बने लातेहार के प्रभारी



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता देवराज सिंह को लातेहार जिला का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने उनका मनोनयन किया है। प्रभारी बनाए जाने पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, झारखंड महासचिव संगठन कर्मवीर, विधायक सीपी सिंह, सांसद प्रदीप वर्मा, विधायक समरी लाल, वरूण साहू, रमेश सिंह संहिता अन्य नेताओं ने बधाई दी है।

### 75वें वन महोत्सव में बोले सीएम हेमंत, शहरीकरण से हरे-भरे जंगल कंक्रीट के जंगल में बदले, बिगड़ा प्राकृतिक संतुलन

# पौधा लगायें और बचायें, तभी हम आप भी बचेंगे

- सभी के सहयोग से ही प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित रख सकेंगे
- जहां घर बनायें, वहां कम से कम एक पेड़ जरूर लगायें
- जब प्रकृति सुरक्षित रहेगी तभी मानव जीवन का अस्तित्व रहेगा




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है। लेकिन, सदियों से चली आ रही ये व्यवस्था अन्धाधुंध विकास और शहरीकरण की दौड़ में पीछे छूटती जा रही है। श्री सोरेन बुधवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, गढ़खटंगा में आयोजित 75वां वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ने ले ली है। इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। अगर हम अब भी नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। आज जरूरत इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की खातिर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के अभियान का हम हिस्सा बनें। पेड़ों को बचने का संकल्प लें। सभी के सहयोग और भागीदारी से प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित मानव जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**पेड़ों से करनी होगी दोस्ती**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण संरक्षण को चुनौती मिल रही है। वह मनुष्य, जीव- जंतु और पूरी प्राकृतिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में, हमें तय करना है कि हम प्रकृति के साथ मिलकर अथवा प्रकृति से छेड़छाड़ कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। अगर प्रकृति के साथ चलना है तो हमें अपने जीवन शैली में बदलाव लाना होगा। पेड़ों से दोस्ती करनी होगी और उन्हें बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घर बनाते हैं तो उससे पहले वहां एक पेड़ जरूर लगायें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की वजह से बाढ़ और सुखाड़ जैसे कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम चक्र में बदलाव से कृषि प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्राकृतिक व्यवस्था का कम से कम नुकसान कैसे हो, इस दिशा में हम सभी आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि एक ऐसा भी वक्त था, जब झारखंड जैसे प्रदेश में वन महोत्सव मनाने की कोई जरूरत नहीं थी। पूरा राज्य हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित था। लेकिन, विकास की रफ्तार जैसे-जैसे बढ़ती गई। जंगल सिमटते चले गये। यह समय की भी मांग है कि हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की मुहिम में अपनी भागीदारी निभायें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पेड़ लगाने का अभियान सिर्फ बारिश के मौसम तक सिमट कर नहीं रहना चाहिये। जाड़ा, गर्मी और बरसात हर मौसम में उस मौसम के अनुकूल पेड़ लगाने की मुहिम चलनी चाहिये। पेड़ लगाने का सतत अभियान कभी नहीं रुकना चाहिये।

### वन समिति के सदस्य सम्मानित, कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वनों के संवर्धन और विकास के क्षेत्र में बेहतर योगदान करने वाले वन समिति के सदस्यों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। उन्होंने भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान आने वाले लोगों को परिसर का भ्रमण करने हेतु चार लाभुकों को बैट्री ऑपरेटेड ऑटो प्रदान किया। वन महोत्सव में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक राजेश कच्छप, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव एवं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने हाई कोर्ट से याचिका ली वापस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में आरोपी पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने हाई कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका को वापस ले लिया है। इसमें उन्होंने मामले के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (अनुसंधानकर्ता) की गवाही ट्रायल के दौरान एनआईए कोर्ट में सभी गवाहों की गवाही पूरी होने से पहले करा लिए जाने को चुनौती दी थी। साथ ही अनुसंधानकर्ता की गवाही न मानने का आग्रह किया था। दरअसल, राजा पीटर की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि मामले में एनआईए कोर्ट, रांची में ट्रायल चल रही है जिसमें अभियोजन की ओर से गवाहों का बयान दर्ज किया जा रहा है। ट्रायल के दौरान मामले के चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (अनुसंधानकर्ता की) गवाही सबसे अंत में होनी चाहिए थी। लेकिन अन्य गवाहों की गवाही पूरी होने के पहले ही अनुसंधानकर्ता की गवाही पूरी करा ली गई है। मामले में अनुसंधानकर्ता की गवाही के बाद अब दूसरे अन्य गवाहों का क्रॉस एग्जामिनेशन ठीक से नहीं होगा। इसलिए चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर की गवाही को ना माना जाए। मामले की सुनवाई के दौरान राजा पीटर की ओर से ही इस याचिका को वापस लेने का आग्रह किया गया, जिस पर कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की।

**पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड के ट्रायल में अनुसंधानकर्ता की गवाही पहले करा लेने का मामला**

बता दें की यह मामला अभी गवाही के स्टेज पर चल रहा है। 9 जुलाई 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, नक्सली कुंदन पाहन समेत कई आरोपी ट्रायल फेस कर रहे है।

## भारत आदिवासी पार्टी महिला मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी महिला मोर्चा की बैठक बुधवार को करम टोली स्थित धूमकुडिया सभागार में प्रदेश अध्यक्ष कुंदर्शी मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूरे झारखण्ड में भारत आदिवासी पार्टी (महिला मोर्चा) का सदस्यता अभियान चलाने और विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर अधिकार सम्मेलन आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप, अभय भूट कुवर उपिस्थत थे। इस बैठक में संकुतला उरांव, बसंती कच्छप, गुलाबो मुंडा, सुरेंद्र लिंडा, डोलिया कच्छप, संगीता तिग्गा, मीणा मुंडा, आशा तिर्की, चिंता तिर्की पूनम कश्यप, रेनू कच्छप, शीला खलखो, रोज कच्छप, सपना मुंडा आदि महिलाओं ने भाग लिया।

## मंईयां सम्मान योजना में राशनकार्ड की बाध्यता समाप्त की जाये : सीपीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (एमएमएमएसवाई) राज्य की गरीब महिलाओं को कुछ आर्थिक मदद उपलब्ध कराए जाने की दिशा में बढा हुआ एक ठोस कदम है। सीपीएम का राज्य सचिव मंडल अबुआ आवास योजना और इसके बाद एमएमएमएसवाई जिसमें झारखंड की गरीब महिलाओं को केंद्र में रखकर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देता है। लेकिन एमएमएमएसवाई योजना का लाभ राज्य की महिला आबादी के केवल आधे हिस्से को ही मिल पाएगा।

**राशन कार्ड नहीं रहने या राशन कार्ड में नाम नहीं रहने के कारण हजारों गरीब महिलाएं इस योजना से वंचित रह जायेंगी**




क्योंकि राज्य की महिला जनसंख्या में पचास प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं के पास राशनकार्ड नहीं है। हजारों महिलाओं ने राशनकार्ड में अपना नाम जोड़ने या नया राशनकार्ड बनाने के लिए बहुत पहले ही आवेदन दिया है। लेकिन अभी तक पारिवारिक राशन कार्ड में नाम जोड़ने या नया राशन कार्ड निर्गत करने का काम लंबित है।

राशनकार्ड नहीं रहने या राशनकार्ड में नाम नहीं रहने के कारण हजारों गरीब महिलाएं इस योजना से वंचित रहेंगीं। जबकि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जाए। सीपीएम का राज्य सचिवमंडल हेमंत सरकार से मांग करती है कि एमएमएमएसवाई में राशनकार्ड की बाध्यता को शिथिल किए जाने का आदेश दिया जाए ताकि झारखंड की अधिकांश गरीब महिलाओं को इस योजना के दायरे में लाया जा सके।

## दो लाख तक के कृषि ऋण माफ करने की भी मंजूरी

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने दो लाख तक कृषि ऋण माफ करने का निर्णय लिया। कृषि अधीनस्थ सेवा की कर्मियों को प्रथम एसीपी और सेकंड एसीपी वेतनमान स्वीकृति प्रदान की गई। बैंकों में सरकारी राशि और खाता खोलने और बैंकों के चयन करने के संबंध मापदंड तैयार किये गये। निदेशक कोषागार को सदस्य बनाया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र में आरओबी निर्माण करने के लिये रेलवे और पथ निर्माण और दक्षिण पूर्व रेलवे और झारखंड सरकार के बीच होने वाले एमओयू की स्वीकृति दी गई। विश्व आदिवासी दिवस 9 और 10 अगस्त के दिन कार्यक्रम आयोजन करने के लिये नई दिल्ली की कंपनी एक्सिस कंसलटेंट को इवेंट आयोजन के लिये 7.49 करोड़ रुपए देने की घटोंतर स्वीकृति दी गई। इसके अलावा विधानसभा सदस्य इंद्रजीत महतो के चिकित्सा इत्यादि खर्च के संपूर्ण राशि देने की स्वीकृति दी गयी। वहीं एमडीएफ मत के तहत जिन जिलों को 30 करोड़ राशि उपलब्ध है उन्हें अनटाइड फंड से कम राशि दी जायेगी। लातेहार जिला में अवस्थित बिहार साल्वेंट एंड केमिकल लिमिटेड के अधिग्रहण पर वन विभाग के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया।

## आलमगीर आलम के बेल पर हुई आंशिक सुनवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से मामले में बहस पूरी कर ली गई। अदालत के समक्ष कहा कि आलमगीर आलम मामले में पूरी तरह से निर्दोष हैं। जिस आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन पर वह आरोप साबित नहीं हो रहा है। गलत तरीके से उनकी गिरफ्तारी हुई है। साथ ही उम्र और स्वास्थ्य का हवाला देते हुये जमानत देने का अनुरोध किया गया। याचिका पर ईडी की ओर से



बहस की जायेगी। इसके लिये अदालत ने 9 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। पिछली सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से लगभग 1500 पन्नों की लिखित बहस अदालत में फाइल की गई थी। ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल है। मालूम हो कि आलमगीर आलम ने 18 जुलाई को गिरफ्तारी के 64 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। दाखिल याचिका में अपने आप को मामले में निर्दोष बताया है। ईडी ने उनको 15 मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में हैं। यह गिरफ्तारी उनके आप्त सचिव संजीव कुमार लाल एवं उसका नौकर जहांगीर आलम के यहां से मिले करोड़ रुपए नकद बरामदी मामले में किया गया है। इसी मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत नौ आरोपी जेल में है।

### हाईकोर्ट का सिमडेगा सिविल कोर्ट को निर्देश, पारा शिक्षक हत्याकांड के आरोपी का ट्रायल जल्द करें पूरा

**रांची।** वर्ष 2010 में सिमडेगा के पारा शिक्षक मनोज कुमार हत्याकांड के सूचक संजय कुमार की याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सिमडेगा सिविल कोर्ट को इस केस से जुड़े अन्य अभियुक्तों के मामले में जल्द ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता के माध्यम से सूचक ने हाई कोर्ट को बताया कि इस केस के मुख्य आरोपी नक्सली बारूद गोप के खिलाफ पिछले 14 वर्षों से सिमडेगा सिविल कोर्ट ट्रायल पूरा नहीं हुआ, जबकि इसी केस के आरोपी पूर्व मंत्री एनोस एक्का को सजा भी हो गयी। हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सूचक की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने बहस की।

## जीएसटी घोटाले के बाद लाइसेंस रद्द करने के मामले में राहत नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को जीएसटी घोटाला मामले में लाइसेंस रद्द करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी को राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रार्थी को पहले सक्षम प्राधिकार के पास जाना चाहिए। जमशेदपुर में हुए जीएसटी घोटाला मामले में शिव कुमार देवड़ा की कंपनी पूजाश्री ओपीसी भी घोटाला में शामिल थी। इसके फर्जी कागजात पर जीएसटी घोटाला किया गया। इसके बाद कार्रवाई करते हुए कंपनी का जीएसटी लाइसेंस रद्द कर दिया



गया। इसके बाद प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। जीएससी की ओर से अधिवक्ता पीएएस पति ने अदालत को बताया कि प्रार्थी को सक्षम प्राधिकार के यहां पहले जाना चाहिए। सीधे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने उचित नहीं है। इस पर अदालत ने प्रार्थी को सक्षम प्राधिकार के यहां अपनी बात करने का निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

# रजिस्टर्ड गोशालाओं में लगेगी हाईमास्ट लाइट हायड्रोपोनिक चारा उत्पादन की भी होगी पहल

**झारखण्ड गो सेवा आयोग की 12वीं बैठक में लिया गया निर्णय**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** झारखण्ड गो सेवा आयोग की 12वीं बैठक का आयोजन अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद अध्यक्षता में हेसाग स्थित पशुपालन भवन में किया गया। इसमें झारखण्ड गो सेवा आयोग के उपध्यक्ष राजू गिरी भी उपस्थित हुए। बैठक में कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने भी वर्मी कम्पोस्ट की खरीदारी एवं अन्य विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक के बाद आयोग के अध्यक्ष ने मीडिया को जानकारी देते कहा कि कुल 12 प्रस्तावों पर आयोग ने अनुमोदन प्रदान किया है। इसमें आयोग के वित्तीय वर्ष 2023-24 के व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह जुलाई 2024 तक के व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित कार्ययोजना पर अनुमोदन दिया गया।

रांची गौशाला न्यास, हरमू रोड, रांची को 75 गोवंशीय पशुओं के लिए भोजनादि मद में द्वितीय किस्त के तौर पर सात लाख पचास हजार रुपए के विमुक्ति प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया। वैद्यनाथधाम गौशाला, देवघर को 83 गोवंशीय पशुओं के भोजनादि मद को लेकर सात लाख सैंतालीस हजार रुपया व्यय की स्वीकृति दी गयी। कलकत्ता पिंजरापोल सोसायटी शाखा-हजारीबाग को 57 गोवंशीय पशुओं के भोजनादि को लेकर सहायता अनुदान के तौर पर पाँच लाख तेरह हजार रुपए की विमुक्ति प्रस्ताव पर अनुमोदन हुआ। कोडरमा गौशाला समिति यदुटांड़ झुमरी तिलैया, कोडरमा में प्राधिकृत स्तर से जब्त कर रखे गए 27 (सत्ताईस) गोवंशीय पशुओं के भोजनादि मद को लेकर कुल सहायता अनुदान राशि नौ लाख पचासी हजार रुपया के व्यय की स्वीकृति दी गयी। झारखण्ड गो सेवा आयोग नियमावली, 2007 के नियम 12 व्यय की रीति में दर्शित सीमा में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर अनुमोदन हुआ।

**गोशालाओं में रोशनी और चारा की व्यवस्था**

राजीव रंजन ने बताया कि निबंधित गौशाला में हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन के प्रस्ताव पर पांच लाख से अधिक राशि के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया है। निबंधित गौशाला में हायड्रोपोनिक चारा प्रस्ताव पर पांच लाख से अधिक राशि के व्यय प्रस्ताव पर भी अनुमोदन हुआ है। नये गौशालाओं के निबंधन को लेकर जटिल प्रक्रिया को शिथिल करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन के अलावा गोबर प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम को झारखण्ड राज्य के सभी जिले में कराने के प्रस्ताव तथा कैटल रेस्क्यू वाहन के गौशाला द्वारा आवश्यकता आधारित मांग पर सहायता अनुदान दिए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन भी हुआ है। माँ मनसा आरोग्य धाम गौशाला जाँतकाटा बहरागोड़ा, पूर्वी सिंहभूम को निबंधन जिला पशुपालन पदाधिकारी (पूर्वी सिंहभूम) के प्रतिवेदन के आलोक में निरस्त करने पर अनुमोदन दिया गया। असहाय एवं बूढी निराश्रित गोवंशीय पशुओं को भी गौशाला में आश्रय देने पर सहायता अनुदान राशि दिए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन हुआ है।

आयोग की बैठक में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव अल्बर्ट विलुंग, वित्त विभाग के मनोज कुमार पाठक, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव मनोहर मरांडी, पुलिस अधीक्षक स्पेशल ब्रांच चंदन कुमार झा, झारखण्ड गो सेवा आयोग के सचिव डा० संजय प्रसाद, निबंधक डा० मुकेश मिश्रा, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डा० प्रभात कुमार पांडेय एवं डा० जय कुमार तिवारी व अन्य भी उपस्थित रहे।

## ठगा-ठगी नीति ई झारखंड राज्य में नाय चालतो : शशांक राज

**भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर संघर्ष करते रहेंगे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा है कि हेमन्त सरकार के पांच वर्षों में युवाओं को सिर्फ लॉलीपॉप दिखाया गया। श्री राज बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है। उन्होंने कहा कि ऐ हेमंत दादा, तोर ठगा-ठगी नीति ई राज्य में नाय चालतो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बार-बार जेएसएससी के वार्षिक कैलेंडर जारी करने के बावजूद, निकम्मी राज्य सरकार सही तरीके से परीक्षा आयोजित करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार के निकम्मेपन का आलम यह है कि नियुक्ति परीक्षाओं के वार्षिक कैलेंडर के नाम पर राज्य के युवाओं को बड़े सुहावने सपने दिखाती है। लेकिन, असलियत में कुछ करती नहीं है।




उन्होंने कहा कि जेएसएससी द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर को लेकर राज्य भर के छात्रों में इस कदर आक्रोश है कि आशंका है कि झामुमो सरकार ने जान बूझकर चुनाव से चंद महीने पहले वार्षिक कैलेंडर जारी किया है। ताकि युवाओं को छलकर उनका वोट पा सके। उन्होंने कहा कि आज भी ये सरकार जेएसएससी-सीजीएल के माध्यम से एक भी बहाली नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि स्थिति यह है की एक बार किसी तरह परीक्षा हुई भी तो उसे भी पेपर लीक के कारण रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आईटीआई इंस्ट्रक्टर के 930 पद के लिए राज्य सरकार ने परीक्षा लिया। किन्तु आज तक उसका परीक्षाफल नही दिया है। हजारों युवा राजभवन के सामने धरने पर बैठे हुये है और परीक्षाफल देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह सहायक पुलिस कर्मी के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया। सरकार के तरफ से आजतक ना सुध लिया, ना चिन्ता किया। एक महीने से भी ज्यादा वक्त से वो सभी मोरहाबादी मैदान में धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से एलडीसी के परीक्षा फॉर्म भरवाकर छात्रों से फीस वसूल कर आज तक उसकी परीक्षा नही करवाई। उनके पैसे से ब्याज खाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो का एक-एक कार्यकर्ता राज्य के युवा के साथ खड़ा है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता बबन बैठा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमार उपस्थित थे।

सुप्रभात

गुरुवार 08.08.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 111

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद की सजा

**धनबाद ।** काम दिलाने का झांसा देकर यूपी निवासी नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी बरवड्डा निवासी संतोष हाड़ी को पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बीस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है वहीं अदालत ने दूसरे आरोपी पीरटांड़ गिरिडीह निवासी गीता देवी को सात वर्ष कैद एवं पांच हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। मंगलवार को अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर बरवड्डा थाने में 9दिसंबर 23 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पांच दिसंबर 23 को पीड़िता अपने घर से भागकर बनारस आ गई थी। वहां एक होटल मे काम कर रही थी। सात दिसंबर 23 को पीड़िता बनारस से धनबाद आ गई जहां उसे गीता देवी मिली, गीता पीड़िता को लेकर बरवड्डा अपने घर लेकर आई और उसे वहां छोड़कर कहीं चली गई। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि वहां संतोष हाड़ी ,जो पहले से मौजूद था ने उसके साथ दुष्कर्म किया। । पीड़िता ने आरोप लगाया कि गीता उसके साथ दुष्कर्म करवाने के लिए ही उसे अपने घर ले गई थी।

## धनबाद रेल मंडल में चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान



**धनबाद।** धनवाद रेल मंडल में बुधवार को बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। मंडल के विभिन्न खंडों सहित धनबाद, गोमो, चन्द्रपुरा, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली में गहन टिकट चेकिंग की गई। जांच अभियान में 683 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। यात्रियों से 3 लाख 4 हजार 670 रूपये जुर्माना के रूप में वसूल किया गया तथा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई।

## वर्कशॉप की चाहरदीवारी गिरने से बालक घायल

**कतरास।** बीसीसीएल के वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के वर्कशॉप की चाहरदीवारी बुधवार के दिन अचानक गिर जाने से वहाँ पास के घर में खेल रहा साजन कुमार भुईयां नामक एक 12 वर्षीय बालक लड़का घायल हो गया. उसके सिर में गहरी चोट लगने की खबर है. उसे इलाज के लिए कतरास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. बताते हैं की चाहरदीवारी के मलबे में दबकर एक बाइक, टीवी समेत घर के अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए. घटना की सूचना पाकर कोलियरी प्रबंधक की ने मौके पर पहुंचे तथा घायल बालक के ईलाज के लिए सहायता राशि देने का आश्वासन दिया।

## भाजपा ने शुरू किया हर घर तिरंगा अभियान

**धनबाद।** भाजपा ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धनबाद महानगर के सभी 17 मंडलों में 51 हजार तिरंगा वितरण किया जाएगा। हर मंडल में 3 हजार तिरंगा बांटा जाएगा। साथ ही भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा 11 से 13 अगस्त तक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन करेगा। इसके अलावा महापुरुषों की प्रतिमा के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### डीसी ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, टुंडी का निरीक्षण, दिये निर्देश

# सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- छात्रावास में पुरुषों के प्रवेश पर रोक का निर्देश
- किचन में साफ-सफाई रखें ध्यान और छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने आज टुंडी प्रखंड के दौरा के क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और छात्राओं व शिक्षिकाओं से रू ब रू हुई।इस दौरान विद्यालय की बच्चियों ने उपायुक्त का स्वागत किया एवं खुद से बनाए पुष्पगुच्छ एवं पेंटिंग भेंट की। इस दौरान उन्होंने वार्डन से आवासीय विद्यालय में रह रहे बच्चियों की बजी जानकारी ली।



उपायुक्त ने विद्यालय के किचन व होस्टल के अन्य कमरों का भी निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने वार्डन को किचन की साफ-सफाई रखने व बच्चियों को मेन्यू के अनुसार ही गुणवत्तापूर्ण खाना परोसने की बात कही।वहीं अकाउंटेंट को विद्यालय में आवश्यक वस्तुओं की आपुर्ति समय पर सुनिश्चित कराने की बात कही साथ ही शौचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई कराने पर भी बल दिया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय की शिक्षिकाओं से शिक्षा और अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। उपायुक्त ने छात्राओं से भी बात कर समास्याओं को जानने की कोशिश की। उपायुक्त ने विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं से मुलाकात कर उनके पठन-पाठन और विद्यालय में मिल रही सुविधाओं के संदर्भ में जानकारियां ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, सीसीटीवी समेत कई अन्य बिंदुओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बाहरी लोगों का कैंपस परिसर में आना-जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार से पुरुष हॉस्टल में प्रवेश नहीं करेंगे। सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रखना हमारी जिम्मेदारी है और इसका पालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता। वहीं किचन में कोयला पर खाना पकता देख उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए 1 हफ्ते के अंदर गैस सिलेंडर लगवाने हेतु निर्देशित किया।स

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया, टुंडी अंचल अधिकारी जितेंद्र प्रसाद , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

### धनबाद चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया शुरू

## पहले दिन अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने लिया नामांकन पत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का 2024-26 सत्र के चुनाव के लिए बुधवार को नॉमिनेशन फार्म चीरागोडा स्थित कार्यालय में मिलना शुरू हो गया है। चुनाव प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को 6 फार्म लिये गए। अध्यक्ष पद पर चेतन प्रकाश गोयनका और राजीव शर्मा, महासचिव पद उम्मीदवार के लिए अजय नारायण लाल और राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद के लिए श्याम नारायण गुप्ता और संजीव कुमार चौरसिया ने फार्म लिया। नॉमिनेशन फार्म 7 से 9 अगस्त तक प्रातः 11 से 2 बजे दोपहर तक चीरागोडा स्थित कार्यालय में मिलेगा। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 11अगस्त है।

## अपराधों पर काबू के लिए टाइगर जवानों को एसएसपी ने दिये निर्देश

**धनबाद।** जिले में बढ़ते अपराध को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन ने पुलिस लाइन केंद्र में बुधवार को सभी थाना के टाइगर मोबाइल के साथ बैठक की। ग बैठक में टाइगर जवानों को सख्त निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र में विशेष चौकसी बरतें और सघन जांच करें। बैठक के बाद सभी टाइगर जवानों के साथ शहर भ्रमण गश्ती निकाली गई। नेतृत्व धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दन, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी तथा डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर और यातायात डीएसपी ने किया। अच्छे कार्य के लिए कई टाइगर जवानों को रिवार्ड भी दिया गया। 5 जवानोंको शो कॉज किया गया है और सभी को अपनी वर्दी पर नेम प्लेट लगाने के सख्त निर्देश दिए गए है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को बताया कि विगत कई दिनों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी, छिनतई और अन्य अपराध रोकने के लिए टाइगर पुलिस को विशेष निर्देश दिये जा रहे हैं। टाइगर पुलिस को विशेष गश्ती करते हुए गैर तरीके से ड्रग, शराब, गांजा तथा जुआ खेलने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है तथा रात्रि में मुहल्ले की गली में अनजान व्यक्तियों को शक के आधार पर विशेष जांच करना है।

**बैठक में थे मौजूद**

बैठक के बाद सभी टाइगर पुलिस के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक नेतृत्व में पुलिस लाइन केंद्र से शहर में गस्ती भ्रमण निकाली गई है जो सरायढेला, गोल बिल्डिंग, रिंग रोड, मेमको मोड़, धैया, कंबाइंड बिल्डिंग, लुबि सर्कुलर रोड, बेकार बांध, पूजा टाकीज, रांगाटांड, बैंक मोड़, पुराना बाजार, जोड़ा फाटक, धनसार, मटकुरिया वअन्य क्षेत्रो में गई है।



## दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए सदर अस्पताल में शिविर का उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** झालसा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद राम शर्मा के निर्देश पर सदर अस्पताल धनबाद में दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर का उद्घाटन बुधवार को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया। अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि सिविल सर्जन डॉक्टर भानु प्रतापन सिंह एवं डॉक्टर राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में गोरा चंद शिशु रोग विशेषज्ञ, मुकेश प्रसाद हड्डी रोग विशेषज्ञ, सरोजिनी मुर्मू नेत्र रोग विशेषज्ञ, राजीव कुमार सिंह औषधि रोग विशेषज्ञ, मीनाक्षी दुबे मनोरोग विशेषज्ञ, मनोज कुमार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, जुनेद आलम ई ए न टी विशेषज्ञ की टीम गठित कर 18 साल तक के दिव्यांग बच्चों के लिए चार दिवसीय स्पेशल कैंप शुरू किया गया है। शिविर में सभी दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का लक्ष्य है। जिले में 18 साल तक के 2618 बच्चों को चिन्हित किया गया है। 439 बच्चे ऐसे हैं जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं है। उन सभी का दिव्यांगता प्रमाण पत्र चार दिवसीय शिविर में बनाया जाएगा। चिन्हित दिव्यांग बच्चों को 20 से 23 अगस्त तक प्रखंड स्तरीय शिविर लगाकर प्रमाण पत्र, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल आदि का वितरण किया जाएगा।

# डीसी ने टुंडी के शिविरों का दौरा कर दी लाभुकों को पावती रसीद

**झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिले में मुख्यमंत्री मइयाँ सम्मान योजना के मुतल्लिक यांत्रिक दोष व तकनीकी गड़बड़ी की शिकायत के निराकरण के लिये उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने आज टुंडी के कमारडीह एवं टुंडी पंचायत का दौरा कर शिविरों का निरीक्षण किया। आवेदनों की आनलाइन इंट्री में आनेवाले तकनीकी व्यवधान की कम्प्यूटर ऑपरेटर से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से आफलाइन मोड में लाभुकों से आवेदन लेकर उसकी रिसीविंग देने का निर्देश दिया। वहीं जिन लाभुकों का आवेदन ऑनलाइन जमा हो गया उन्हें पावती रसीद दी। उल्लेखनीय है कि महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार आवेदिका के आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं। आवेदिका का मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड होना चाहिए। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी होना चाहिए।



**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर उपायुक्त सुश्री मिश्र के साथ निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी टुंडी शैलेन्द्र चौरसिया, अंचल अधिकारी जितेन्द्र प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सीएससी मैनेजर अंजार हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## धनबाद में लगा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में आज नौकरी के लिए 230 बेरोजगारों का चयन किया गया जबकि 217 का शार्ट लिस्ट हुआ है। इन्हें में अवसर मिलने की आसार हैं। शहर के बरटांड़ स्थित नियोजनालय कैम्पस में आयोजित इस मेले में कुल1450 उम्मीदवार शामिल हुए जबकि नियोजक एजेंसियों की संख्या 21 थी। कुछ उम्मीदवारों को तत्काल नियुक्ति पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राज्य के चीफ इंस्पेक्टर आफ बायलर्स शंभू नाथ वर्मा,प्रवीण कुमार, श्रम अधीक्षक, रंजीत कुमार, श्रम अधीक्षक, श्री राकेश कुमार, मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी, आईटीआई, धनबाद एवं श्री आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। आरंभ में नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अतिथितियों का स्वागत करते हुए नियोजनालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में आगंतुक, बेरोजगार आवेदक/ आवेदिकाओं तथा उपस्थित नियोजकों को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के सफल क्रियान्वयन से स्थानीय लोगो को स्थानीय रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। रोजगार मेला में उपस्थित नियोजकों को भी निर्देशित किया कि स्थानीय नियोजन नीति के तहत नियम एवं नियमावली का दृढ़ता से पालन करें। नियोजन पदाधिकारी, धनबाद द्वारा आज के रोजगार मेला में विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा लगाये गये स्टॉल का भ्रमण कर विभिन्न रिक्तियों, सेवा शर्तो के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा कुछेक आवेदकों की चयन के पश्चात नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

## डीएवी स्कूल पाथरडीह में 'स्वाथ्य ही जीवन' पर सेमिनार

**जोड़ापोखर।** डीएवी स्कूल पाथरडीह के सभागार में कक्षा 9 एवं 10 वीं की बच्चियों के बीच स्वाथ्य ही जीवन बिषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन प्राचार्य अरविंद कुमार पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि डॉ अशोक शर्मा वैज्ञानिक सह कर्मयोगी ने स्वाथ्य के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि सिर्फ शरीर की सफाई का मूल मंत्र नहीं है, बल्कि हर तरह की सफाई पर ध्यान देना चाहिए। मन में सकारात्मक ऊर्जा का विकास करना भी सफाई में शामिल है। बच्चियों को दुकान की बनी हुई सामग्री का सेवन नहीं करना चाहिए। चना दाल का नहीं, चना का सेवन करना चाहिए, क्योंकि उसमें छिलका होता है। फाइबर का सेवन करने से पेट भी साफ रहता है। उन्होंने कहा कि सुबह गुनगुने पानी में नीबू डाल कर सेवन करें, पैदल तेजी से चलें जिससे फेफड़े को ऑक्सीजन अधिक प्राप्त हो। घर और बाहर सफाई रखें, तो निश्चित ही कभी बीमारी नहीं आएगी। सेमिनार में 60 बच्चियों ने भाग लिया।

**एक नजर में**

## लिलोरी मंदिर कतरास में लिया गया पर्यावरण को बचाने का संकल्प



**कतरास।** सामाजिक कार्यकर्त्ता राजेश स्वर्णकार की पहल पर धनबाद नगर निगम लिलोरी मंदिर कतरास में पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया और मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम के प्रतिनिधि मालती, कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह, चुन्ना यादव, नवदीप गुप्ता, प्रदीप महतो, शिखा गुप्ता, शालिनी सेठ, कंचन चौरसिया, उषा पटवा, सूर्यदेव मिश्रा, बबलू मिश्रा, संजय साव, प्रदीप गुप्ता, भोला शर्मा आदि मौजूद थे।

## स्थानीय लोगों ने काट दी सड़क, राहगीरों को परेशानी



**जोड़ापोखर।** जीतपुर-जामाडोबा वाटर बोर्ड मुख्य सड़क को जीतपुर तड़िया के निकट स्थानीय लोगों ने काट दिया है। वाटर बोर्ड जाने वाले राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने माडा के अधिकारियों से शिकायत भी की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शनिवार को मूसलाधार बारिश के बाद घरों में पानी घुस गया था, जिससे बचने के लिए सड़क को काट दिया गया ताकि नाला में पानी बह जाए। सड़क काटे जाने के बाद उसकी मरम्मत भी नही की गई। यह वाटर बोर्ड जाने के लिए एक मात्र रास्ता है। अधिकारियों,कर्मचारियों को भी कठिनाई हो रही है। इस सड़क से दो पहिया, चार पहिया वाहनों को आने जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वाटर बोर्ड कॉलोनी के लोगों ने झमाडा के अधिकारियों से शिकायत की है, परन्तु अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं की गई है, जिससे कॉलोनी वासियों में नाराजगी है।

# 2618 दिव्यांग बालकों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए लगा झालसा का शिविर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** झालसा के तत्वाधान मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश स्थानीय सदर अस्पताल मे आयोजित दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर का उद्घाटन बुधवार को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि सिविल सर्जन डॉक्टर भानु प्रतापन सिंह एवं डॉक्टर राजकुमार सिंह की अध्यक्षता मे विभिन्न रोग संबंधित 7 डॉक्टरो गोरा चंद शिशु रोग विशेषज्ञ, मुकेश प्रसाद हड्डी रोग विशेषज्ञ, सरोजिनी मुर्मू नेत्र रोग विशेषज्ञ, राजीव कुमार सिंह औषधि रोग विशेषज्ञ, मीनाक्षी दुबे मनोरोग विशेषज्ञ, मनोज कुमार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, जुनेद आलम ई ए न टी विशेषज्ञ की टीम गठित कर चार दिवसीय 18 साल तक के दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया है जिसमे जिले में स्थित सभी दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके तहत जिले में 18 साल तक के 2618 बच्चों को चिन्हित किया गया है इनमें 439 बच्चे ऐसे हैं जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं है। उन सभी को चार दिवसीय शिविर के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जाएगा एवं सभी चिन्हित दिव्यांग बच्चों को दिनांक 20 अगस्त 2024 से 23 अगस्त 2024 तक प्रखंड स्तरीय शिविर लगाकर प्रमाण पत्र , व्हीलचेयर , ट्राईसाईकिल एवं अन्य सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ का वितरण किया जाएगा।

**दिव्यांगों के लिए काम कर रही है पूरी टीम**

उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की प्रखंड स्तरीय पैरा लिगल वॉलिंटियर एवं पूरी टीम कार्य कर रही है। दिव्यांग जनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उन सभी दिव्यांगों का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए डालसा धनबाद तत्पर है।

स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब बाघमारा ने लगाया स्तनपान जागरुकता शिविर



**स्तनपान शिशु के जन्म के बाद स्वभाविक क्रिया : मधुमाला**

**कतरास।** राज नर्सिंग होम बाघमारा में स्तनपान जागरुकता शिविर का उद्घाटन क्लब के अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार राय, डॉ जगदीश प्रसाद, डायटिशियन मधुमाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में डॉ जगदीश प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के पहले सप्ताह में विश्व स्तनपान दिवस मनाया जाता है। संस्कार ज्ञानपीठ के निदेशक ( प्रबंधन) नीरजा राय ने कहा कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं को किसी तरह की असुविधां नहीं होती ह। डायटिशियन मधुमाला ने कहा कि स्तनपान शिशु के जन्म के बाद एक स्वभाविक क्रिया है। भारत में शिशुओं को स्तनपान सभी माताएं कराती हैं। शिविर को सफल बनाने में धर्मवीर प्रसाद, किशुन लाल महतो, लक्ष्मण रवानी, रानी सिंह, रिंकू सरकार ओदि का सहयोग रहा।

### एसजेएएस अस्पताल में रीढ़ और मस्तिष्क का बेहतरीन इलाज

**धनबाद।** एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अब तक कई ब्रेन और स्पाइन का सफल ऑपरेशन हो चुका है। एसजेएएस हॉस्पिटल के डॉ कुणाल किशोर वरिष्ठ न्यूरो सर्जन के रूप में प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने अपनी विशेषज्ञता से अनेक मरीजों के जीवन को बदला है। उन्होंने बताया कि न्यूरो के ऑपरेशन के लाभ को पूरा होने में समय लगता है। बताया कि अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाता है। आधुनिक चिकित्सा साधन और उन्नत तकनीकी उपकरण मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। आईसीयू, एमआईसीयू और ऑपरेटिंग थियेटर जैसी महत्वपूर्ण इकाइयां नवीनतम मशीनरी और उपकरणों से सुसज्जित हैं, जो अस्पताल को सर्वोत्तम चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

### रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

धनबाद। विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है। पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था। जबकी चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5 :30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

### पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड

धनबाद। धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में नित नए-नए तथ्यों का रहस्योद्घाटन हो रहा है। अदालत में चल रहे शूटर चंदन की ओर से दायर अंतरिम जमानत की याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में दलील देते हुए चंदन के अधिवक्ता के के तिवारी ने कहा कि चंदन सिंह को बीते दिनों जेल में हार्ट अटैक आया था जिसका इलाज रिम्स रांची में करने की अनुमति जेल प्रशासन ने अदालत से मांगी थी अदालत ने जेल प्रशासन को अनुमति भी दी थी बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा जेल प्रशासन को पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया गया। इसलिए उसे अपने खर्चे पर इलाज करने के अंतरिम जमानत दी जाए।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में सरकार पर जमकर बरसे सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** डुमरी के केबी हाई स्कूल मैदान में बुधवार को आजसू का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो भी मौजूद थे। इस अवसर पर डुमरी के दुर्योधन महतो समर्थकों के साथ आजसू में शामिल हुए। आजसू सुप्रीमो सभी को माला पहनाकर सम्मानित किया।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि लोस चुनाव में क्षेत्र की जनता ने सहयोग दिया। ऐसे में डुमरी की जनता से उम्मीद है कि आने वाले विस में भी वह एनडीए को पूरा समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हालात को देखकर अब हेमंत सरकार को ठोस विचार करने की जरूरत है। कहा कि संताल परगना सहित पूरे राज्य को घुसपैठियों ने घेर लिया है और आने वाले दिनों में अगर हेमंत सरकार घुसपैठियों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं करती है तो हालात बदतर होते जायेंगे। कहा कि बड़े-बड़े वादे कर पांच साल तक सत्ता में रहने वाली हेमंत सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया।

सम्मेलन को सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक लंबोदर महतो समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। सम्मेलन में काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम का हुआ पंजीकरण, मिली मान्यता

**चुनाव आयोग ने पार्टी का नाम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रखने की मंजूरी दी है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांच।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो की राजनीतिक पार्टी का पंजीकरण हो गया है। चुनाव आयोग ने उन्हें पार्टी का नाम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रखने की मंजूरी दी है।



विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे जयराम महतो का संगठन अब राजनीतिक हो गया है। चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी जेएलकेएम को मान्यता दे दी है। उन्होंने मंगलवार को जेबीकेएसएस और जेएलकेएम की सेंट्रल वर्किंग कमिटी का गठन किया था। लोकसभा चुनाव के दौरान भी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले उम्मीदवार खड़े किए थे, लेकिन चुनाव आयोग में पंजीकरण नहीं होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे थे। विधानसभा चुनाव में जयराम महतो के प्रत्याशी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले लड़ेंगे।

## एसीसी ठेका कर्मी के परिजनों को मिला मुआवजा और नियोजन

# 11 लाख रुपये व अस्थायी नियोजन पर बनी सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** अदानी एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में ठेकाकर्मी सीमाटांड़ निवासी तपन मंडल की मौत के बाद शव को गेट पर रखकर आंदोलन किया गया। प्रबंधन ने बुधवार को लगभग 31 घंटे बाद चौथे राउंड की त्रिपक्षीय वार्ता की। वार्ता में परिजनों को 11 लाख रुपये मुआवजा राशि और आजीवन अस्थायी नियोजन पर सहमति बनी। इसके बाद परिजनों को रकम सौंप दी गई है।

**रामू मंडल और बबलू महतो की मेहनत लाई रंग**

अदानी एसीसी सीमेंट वर्क्स के नये प्रोजेक्ट में कार्यरत ठेकेदार विवेक इंफ्रा के ठेकाकर्मी तपन मंडल विगत 3 अगस्त को ड्यूटी पर बेहोश हो गए थे। इलाज के लिए उसे राँची रिम्स ले जाया गया, जहां 5 अगस्त की शाम उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मुआवजा राशि और नियोजन के लिए झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल और मासस केन्द्रीय सचिव चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो की अगुवाई में एसीसी प्रबंधन से वार्ता की। दो घंटे की वार्ता के विफल होने के बाद शव को गेट पर रखकर मंगलवार की सुबह जाम कर दिया गया। दूसरी बार वार्ता भी विफल रही। मंगलवार की देर रात 11 बजे एसडीपीओ सिंदरी भूपेंद्र प्रसाद राउत व झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद की देखरेख में प्रबंधन और मृतक के परिजनों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता भी विफल रही। बुधवार को दोनों पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रबंधन और परिजनों के बीच सहमति बनी। सहमति के अनुसार इसमें मृतक पत्नी संध्या रानी को मुआवजा राशि के रूप में 11 हजार रुपये, दाह संस्कार के लिए 20 हजार रुपये दिये गए, जबकि एसीसी प्रबंधन में आजीवन ठेकाकर्मी के पद पर आश्रित को नियोजित किया जाएगा।

झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने बताया कि वार्ता में प्रबंधन का अड़ियल रवैया सामने आया। दो दिनों तक शव को मुख्य द्वार पर रखकर परिजनों के साथ आंदोलन में सभी दलों के नेता शामिल हुए थे। प्रबंधन की 11 लाख रुपये मुआवजा राशि और संवेदक के अधीन नियोजन की पेशकश को परिजनों ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मुआवजा राशि 50 लाख रुपये और स्थायी नियोजन की मांग परिजनों ने की थी। मासस के केन्द्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने कहा कि परिजनों को मुआवजा दिलाने में मासस ने भी योगदान दिया है। मासस मजदूरों के हित में कार्य करती है।



**चौथे राउंड की वार्ता में ये थे शामिल**

वार्ता में मृतक के परिजनों में पत्नी संध्या रानी, भाई विपिन मंडल, भगीना ऋषि मंडल, छाताटाँड़ पंचायत मुखिया गौरी हासदा, पंचायत समिति सदस्य सोहन सोरेन, झामुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धरनीधर मंडल, जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, मन्नू आलम, रामू मंडल, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, मासस केन्द्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, अंबुज मंडल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार, भाकपा माले नेता बिमल रवानी, झामुमो नेता बसंत ठाकुर, सुबल गोराई, अशोक मंडल, दशरथ मंडल, नाजू सिंह सहित सभी दलों के नेता शामिल थे।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ पर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

**गोमो।** गोमो रेलवे फाटक के समीप दुर्गा मंड़प प्रांगण में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान एवं महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकली, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। कलश यात्रा सुबह 10 बजे यज्ञ स्थल से गाजे बाजे साथ निकली, जिसमें 1001महिलाएं व कन्याएं सिर पर कलश चल रही थी। शोभा यात्रा में कलाकारों की कई टीम भी शामिल थी, जो भगवान शंकर,मां काली, महावीर बजरंगबली आदि देवी देवताओं का रूप धारण आगे आगे चल रहे थे और रोमांच पैदा कर रहे थे। शोभायात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई थी।



## पुलिस का जनता से होना चाहिए मित्रवत व्यवहार : जोनल आईजी

**अपराध नियंत्रण में पुलिस को चाहिए जनता का पूरा सहयोग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोविंदपुर।** जोनल आईजी माइकल राज एस ने बुधवार को गोविंदपुर थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुलिस का जनता से मित्रवत व्यवहार होना चाहिए। इसका निर्देश वह हमेशा सभी पुलिस अधिकारियों को देते रहे हैं। थाना में आने वाली महिलाओं और वरीय नागरिकों के साथ पुलिस का अच्छा व्यवहार होना चाहिए। अच्छा व्यवहार से आम जनता मे पुलिस के प्रति अच्छा संदेश जाता है।



उन्होंने कहा कि व्यवसाायियों को फोन पर धमकी देने के मामले में भी पुलिस काम कर रही है। विदेश में बैठकर धमकी देने वाले अपराधियों को पकड़ने में भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियों का सहयोग लिया जा रहा है। क्षेत्र में अमन चैन कायम रहे, इस दिशा में पुलिस लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस के अलावा पब्लिक को भी नए कानून की जानकारी होनी चाहिए और अपराध नियंत्रण में भी पुलिस को जनता का पूरा सहयोग चाहिए। उन्होंने थाना की विभिन्न पंजीयों का अवलोकन किया तथा कार्य प्रणाली में सुधार के संबंध में कई निर्देश दिए। आईजी ने अनुसंधान में सुधार लाने के तरीके भी बताये। नये पुलिस अधिकारियों कई जानकारियां दी और दिशा निर्देश दिये। गोविंदपुर थाना पहुंचने पर एसएसपी एचपी जनार्दनन ने उनकी अगवानी की। मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी शंकर कामती, पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद समेत पूरी पुलिस टीम मौजूद थी। आईजी ने केस डिस्पोजल करने वाले पुलिस अधिकारियों

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से कोई महिला वंचित नहीं रहे : बीडीओ

**जामताड़ा।** मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से कोई भी महिला लाभ लेने से वंचित नहीं रहे, इसका ख्याल सभी कर्मी रखें। अपनी पंचायत में अधिक से अधिक आवेदन प्रज्ञा केंद्र संचालक के समक्ष जमा कराएं। यह निर्देश बीडीओ मुरली यादव ने प्रखंड कार्यालय में पंचायत सचिव को दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से कोई भी 21 से 50 वर्ष की महिला को वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी को इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जिन गांवों में अब तक इस योजना की जानकारी तथा फार्म उपलब्ध नहीं हुआ है वहां फॉर्म दिलाएं। उन्होंने कहा कि अब फॉर्म 15 अगस्त तक लिया जाएगा। इसलिए का भ्रमण करें और लोगों को जागरूक करें। इस योजना से महिलाओं को प्रत्येक माह 1000 रुपये मिलेगा। मौके पर अमरेंद्र झा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, तापस लायक सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## बस की चपेट में 15 वर्षीय छात्रा की मौत, विरोध में सड़क जाम

**मुआवजा पर अड़े लोग, विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे**

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत एसबीआई बैंक के समीप बस की चपेट में आने से बुधवार को 15 वर्षीय छात्रा प्रिया कुमारी की मौत हो गई। विरोध में स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों ने मुगमा चिरकुंडा सड़क को जाम कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम नही हटाया गया था।



## मजदूर की हाजिरी काटने पर प्रबंधन से भिड़ा जमसं, हुई धक्का मुक्की

# प्रबंधक अमरेंद्र कुमार सिंह को कार्यालय में बनाया बंधक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत हरियाजाम 5/6 के मजदूर मुन्ना साईं की हाजिरी काटने के विरोध में बुधवार को जनता मजदूर संघ समर्थक मजदूरों एवं प्रबंधक अमरेंद्र कुमार सिंह के बीच जमकर नोक झोंक हुई। आक्रोशित मजदूरों ने कोलियरी प्रबंधक को लगभग 2 घंटे तक कमरे में बंद कर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। प्रबंधक को कार्यालय में बंधक बनाए जाने के विरोध में बीसीकेयू समर्थक मजदूर प्रबंधन के समर्थन में सामने आ गए।

बीसीकेयू समर्थक मजदूर एवं जमसं समर्थकों के बीच नोक झोंक हुई। सूचना मिलने पर निरसा थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे। अफसर एसोसिएशन के अधिकारी भी पहुंचे। बाद में कोलियरी प्रबंधन ने जमसं समर्थकों की मांगों पर गुरुवार को बैठक करने व मामले का समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद मजदूर शांत हुए तथा कम पर लौटे। हालांकि इस संबंध में किसी भी पक्ष ने थाना में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।



चापापुर कोलियरी से 140 मजदूरों की पद स्थापना हरियाजाम कोलियरी में हुई है। उसके बावजूद उत्पादन कम होना प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करता है। प्रबंध एक साजिश के तहत सभी भूमिगत खदानों को बंद कर ओसीपी बनाना चाहता है जिसका हम लोग विरोध करते हैं और करते रहेंगे। दूसरी ओर सहायक प्रबंधक अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। कोलियरी में हाजिरी बनाने का अथॉरिटी उनकी है। लेकिन बगैर उनकी जानकारी के मुन्ना साईं हाजिरी बनाकर ड्यूटी से गायब था। उससे जानकारी मांगी तो उसने गोल मटोल जवाब दिया। इस कारण उसकी हाजिरी काट दी। बुधवार को मजदूर की आड़ में अपना दबदबा कायम करने की नीयत से अभद्र व्यवहार किया गया तथा धक्का मुक्की की गई। मुझे कमरे में जबरन बैठ कर रखा गया। विरोध प्रदर्शन में भी बाहरी लोग थे। मुन्ना साईं बराबर हाजिरी बनाकर गायब रहता है। मजदूरों का नेतृत्व गौतम सेनगुप्ता, पीएन राय, बामापद मोदक, सुरेश राम इत्यादि कर रहे थे।

**यह है मामला**

जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमल बनर्जी ने बताया कि वे लोग 13 सूत्री मांगों को लेकर कोलियरी प्रबंधक से वार्ता करने आए थे। मंगलवार को मजदूर मुन्ना साईं को आवश्यक कार्य के लिए यूनियन के क्षेत्रीय सचिव ने ईसीएल मुख्यालय साकतोड़िया भेजा था। वह कोलियरी प्रबंधन को जानकारी देकर साकतोड़िया चला गया था। 10 बजे जब वह काम पर आया तो सहायक प्रबंधक अमरेंद्र कुमार सिंह ने उसकी हाजिरी काट दी थी। उसने सारी बातें बताई। परंतु उन्होंने कहा कि कौन है क्षेत्रीय सचिव मैं नहीं जानता। सहायक प्रबंधक ने मजदूर के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया। जिससे मजदूर आक्रोशित हो गए। उन्होंने कहा कि सहायक प्रबंधक 8 वर्षों से कोलियरी के श्रमिक अनंत मलिक से अपने घर में निजी कार्य कराते हैं। उसे अविलंब कोलियरी में काम पर रखा जाए। कोलियरी में जहां पर काम करवाया जा रहा है वहां पर हवा निकासी एवं जाने की समुचित व्यवस्था नहीं है।

## एक नजर में

### उत्तरी छोटानागपुरआयुक्त पहुंची गिरिडीह, मतदाता सूची कार्य का लिया जायजा

**गिरिडीह।** उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन बुधवार को गिरिडीह पहुंची, जहां उन्होंने मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा की।



उन्होंने उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के साथ पीरटाड़ प्रखंड अंतर्गत पालगंज में संचालित नवनिर्मित मॉडल एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, क्लास रूम, पठन पाठन समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने विद्यालय के बच्चों से मुलाकात कर उनके पठन-पाठन समेत अन्य जरूरी जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने किचन रूम, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, शौचालय की सुविधा, विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था समेत अन्य जरूरी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। आयुक्त सुमन कैथरीन ने बताया कि पालगंज स्थित नवनिर्मित एकलव्य आवासीय विद्यालय बच्चों की सुविधा एवं व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। वहां पठन पाठन आरंभ कर दिया गया है। कहा कि वर्तमान में 26 बच्चे नामांकित हैं, आगे भी नामांकन प्रारंभ है। मौके पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, उप निदेशक कल्याण, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, जिला कल्याण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, पीरटांड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी समेत संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### टुंडी में अल्पसंख्यक वोट किसी की जागीर नहीं: लाला भैया

**गोमो।** झारखंड विधानसभा चुनाव में अभी विलंब है, परंतु माहौल धीरे-धीरे बनने लगा है। बडे दलों से जुडे नेता आम मतदाताओं के बीच पैठ बनाने में लगे हैं तो वही स्थानीय उम्मीदवार खुल कर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। बुधवार को अतिथि पैलेस गोमो में मिलन समारोह हुआ, जिसमें जिप सदस्य मोहम्मद इसराफिल उर्फ लाला भैया को फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें टुंडी विधानसभा क्षेत्र के भावी बिधायक के रूप में पेश किया। समारोह को संबोधित करते हुए लाला भैया ने कहा कि टुंडी के वर्तमान विधायक से लोगो का मोह भंग हो गया है। वह जन समस्या पर खरे नहीं उतरे हैं। आगामी विधानसभा में जनता मुंह तोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक वोट किसी की जागीर नहीं है। अब समय बदल गया है। टुंडी विधानसभा क्षेत्र में वह लगातार दौरा कर रहे हैं। अपने प्रयास से समस्याओं का निदान कर रहा हूं। टुंडी विधानसभा क्षेत्र में सभी धर्म समुदाय के लोगों का अपार समर्थन उन्हें मिल रहा है। सभा को कंचन प्रसाद, सोनू सिंगर, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद अकरम, जावेद अंसारी, शाहिद सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया।



### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर में अव्यवस्था, अब ऑफलाइन आवेदन

**गोविंदपुर।** मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना का पंचायत सचिवालयो में अब ऑफलाइन आवेदन भी लिए जा रहे हैं। हालांकि लिंक में अभी भी गड़बड़ी है। यही कारण है कि आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पा रहे हैं। गोविंदपुर प्रखंड के कई पंचायत सचिवालयों में इस योजना के कार्यान्वयन में अव्यवस्था का आलम है। कई पंचायत सचिवालयों में प्रज्ञा केंद्र संचालक नहीं पहुंच रहे हैं तो कई में आंगनबाड़ी सेविका और आंगनवाड़ी सुपरवाइजर नहीं पहुंच रही है। कई महिलाओं ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र संचालक नहीं चाहते हैं कि आवेदन ऑनलाइन हो सके। वे चाहते हैं कि सरकार द्वारा निर्धारित तिथि समाप्त हो जाए और वे शुल्क लेकर ऑनलाइन करें। सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार साहू ने बताया कि गोविंदपुर पूर्वी पंचायत में भारी अव्यवस्था है, वहां चार में दो कंप्यूटर ऑपरेटर ही मौजूद थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम बुधवार को कई पंचायत सचिवालय पहुंचे और महिला सम्मान योजना का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों और ऑपरेटर आंगनबाड़ी सेविका एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को सुबह 9 बजे से शाम 5बजे तक पंचायत सचिवालय में बैठकर आवेदनों का निष्पादन करना है। गुरुवार से प्रखंड स्तरीय टीम सभी पंचायत सचिवालय जाकर निरीक्षण करेगी और गायब पाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में हुई बैठक

**गिरिडीह।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की रूपरेखा तैयार करते हुए सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कहा गया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करें। शहर के सभी चौक-चौराहों एवं सभी प्रतिमा, मूर्तियों की साफ-सफाई आदि कार्यों का निष्पादन 14 अगस्त से पूर्व करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि मुख्य समारोह झंडा मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिसमें झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान, परेड किया जाएगा। परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा। बैठक में झंडा मैदान की साफ-सफाई, रंग रोगन, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-नजारत उप समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## बोकारो : बीएसएल के डीआई ने किया शुभारंभ

# बांस रोपण से बनेगा कार्बन सिंक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल द्वारा सेक्टर 2 में स्थापित हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर में आठ विभिन्न प्रजातियां के 1800 बांस के पौधे लगाए जा रहे हैं। जिसका शुभारंभ निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी ईडी सीजीएम और बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर परिसर में किया। परिसर में लगाए जा रहे बांस के पौधे पर्यावरण को लाभ पहुंचाने के अलावा इस केंद्र में बांस आधारित हस्तशिल्प वस्तुओं के निर्माण के लिए कच्चा माल भी प्रदान करेंगे। हैंडीक्राफ्ट में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बीएसएल ने दुमका स्थित एलआईएमएस ईएसएएफ फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। हैंडीक्राफ्ट सेंटर में बने उत्पादों का मार्केटिंग लिंकेज पहले ही से स्थापित है और जल्द ही बोकारो में इसके लिए एक शोरूम भी खोलने की योजना बनाई जा रही है। मौके पर उपस्थित एलआईएमएस-ईएसएएफ फाउंडेशन के निदेशक डॉ अजिथसेन सेल्वादास ने बताया कि परिसर में 1800 बांस के पौधे लगाने से लगभग 120 मीट्रिक टन उड2 का पृथक्करण और शोधन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि औसतन बांस प्रति वर्ष प्रति एकड़ लगभग 12 से 15 टन उड2 का पृथक्करण और शोधन कर सकता है। यह विभिन्न उद्योगों के लिए नवीकरणीय सामग्री की आपूर्ति करता है। इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने कहा कि यह पहल कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने के अभियान का एक हिस्सा है साथ ही आने वाले समय में इससे हैंडीक्राफ्ट सेंटर में काम करने वाले कारीगरों को कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी।

## गोड्डा जिला भाजपा एसटी मोर्चा ने निकाला महाआक्रोश रैली




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** बुधवार को पोरेयाहाट में एसटी मोर्चा द्वारा संथाल परगना में आदिवासियों की घटती जनसंख्या और लुटती जमीन के विरोध में जनआक्रोश महारैली निकाली गई। ये रैली बस स्टैंड चौक से होकर मुख्य बाजार होते हुए ब्लॉक परिसर पहुंची जो धरना स्थल में परिणत हो गई। जिसमें एसटी मोर्चा द्वारा हेमंत सोरेन सरकार के विरोध में लोगों के बीच बात रखी गई कि किस प्रकार ये सरकार बांग्ला देशी घुसपैठ, लव जिहाद, लैंड जिहाद आदि होने पर भी हाथ पर हाथ देकर बैठी हैं और तुष्टिकरण और वोट बैंक के लोभ लालच में कार्यवाही नहीं कर रही हैं, साथ ही आदिवासी मोर्चा द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया जो राज्य पाल झारखण्ड के नाम से दिया गया! आज संथाल परगना सहित पूरे झारखंड की डेमोग्राफी में अप्रत्याशित बदलाव आए हैं जिसे आंकड़ों में स्पष्ट देखा जा सकता है। 1951 की जनगणना रिपोर्ट के आधार पर पूरे झारखंड क्षेत्र में आदिवासियों की आबादी 36%थी जो 2011 की जनगणना में घटकर 26%हो गई। हिंदू आबादी 87.9%थी जो घटकर 81.7% हो गई। मुस्लिम आबादी 8.9% थी जो बढ़ कर 14.5%हो गई।

## मालदा डीआरएम ने बरहरवा रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

साहिबगंज। बुधवार को मालदा डी आर एम मनीष कुमार गुप्ता ने बरहरवा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जो यहां हमलोगो के सिंगनल सिस्टम है केबल्स है, इसमें जो हमारे कर्मचारी हैं सुपरवाइजर है कैसे काम कर रहे हैं कहीं उसके नालेज में कोई कमी तो नही है कहा पर उसको ट्रेड करना है उसी को लेकर ये निरीक्षण है। उन्होंने आर ओ बी और पार्किंग के संबंध में भी बताया कि पार्किंग के लिए कोई योग्य होता है तो उसके जिम्मे हमलोग उसे पार्किंग का ठेका दे सकते है।


**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of Jharkhand Balika Awasiya Vidyalaya, Sadar Hazaribagh located in Hazaribagh District of North Chotanagpur Division of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 30.08.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/1017/2024/2888 Ranchi, Date : 06 .08.2024

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 332076 Jharkhand Education Project CouncilP(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/08/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | BOQ की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | (A) प्रखण्ड बारियातु पंचायत अमरवाडीह ग्राम बानालात में सतबहिनी नदी से रामेश्वर गंझू के घर तक सोहरवाटाड़ होते हुए पी०सी०सी० पथ निर्माण। (B) प्रखण्ड बारियातु पंचायत शिबला ग्राम शिबला में पुराना शिबला से डोकिया होते हेतु बिश्रामपुर देवी मण्डप तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। (C) प्रखण्ड बारियातु पंचायत अमरवाडीह ग्राम बानालात में सत्यनारायण सिंह के घर से पीपल पेड़ P.W.D रोड़ तक शिव मंदिर होते हुए पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 20491749 | 410000 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.08.2024 से दिनांक 18.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.08.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 332123 (Rural Development) 24-25 (D)


## दुमका : 1 से 7 अगस्त तक झारखण्ड सरकार का हृदय परिवर्तन सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय

# झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) के आह्वान पर नौ सूत्री मांगो की पूर्ति हेतु पूर्व घोषित अनिश्चितकालीन हड़ताल सत्रहवें दिन भी जारी रही। इससे समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालय यथा जिला सामान्य शाखा, जिला विधि शाखा, जिला राजस्व शाखा, जिला भू-अर्जन कार्यालय, साहाय्य शाखा, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला स्थापना शाखा, जिला विकास शाखा, जिला योजना शाखा, जिला आपूर्ति कार्यालय, जिला पंचायत राज कार्यालय, जिला अभिलेखागार,जिला निर्वाचन कार्यालय एलआरडीसी का कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, सभी प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों में भी काम-काज पूर्णतया ठप रहा। जिला मंत्री ललन चौबे ने बताया कि सम्मान जनक मांगों की पूर्ति हेतु हमारे समस्याओं को रखने के लिए कोई फोरम नहीं बनाया गया है। वर्ष 2014 में उच्च स्तरीय कमिटि की अनुशंसा के दस वर्ष बाद भी उसे आज तक लागू नहीं किया जा सका है। समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों ने नियमानुसार अपनी मांगों को सरकार के समक्ष चरणबद्ध तरीके से रखा है। लेकिन सरकार के नकारात्मक रवैये के कारण समाहरणालय के कर्मी हड़ताल पर गए हैं। मांगो को लेकर संवैधानिक तरीके से हड़ताल करना उनकी विवशता है। सरकार को अपने अधीनस्थ सरकारी सेवकों के भविष्य की चिंता नहीं है। इस हड़ताल पर जाने के लिए सरकार ने हमें बाध्य किया है। राज्य स्तरीय समिति द्वारा अपनी मांगो की और ध्यान आकृष्ट कराने हेतु 1 से 7 अगस्त तक झारखण्ड सरकार का हृदय परिवर्तन सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। धरनास्थल पर हवन का अनुष्ठान किया गया। धरना स्थल पर बाबुराम टुडू, अजीत बास्की, प्रमीता सोरेन, आंनद हांसदा, राजेश सहाय, सुजीत कुमार, रौशन कुमार, पानमुनी मुर्मू, शुशीला सोरेन, प्रमोद सोरेन, रामिनी झा, जियान मरांडी, जनता बेसरा, मनोरमा कुमारी, प्रमिला टुडू, भूदेब पंडित, दीपक कुमार, पार्थ मंडल, अभिषेक शुक्ल, प्रदीप दास, जया भारती, चेतना दस, पुतुल शर्मा, गणेश्वर देहरी, विश्वजीत दत्ता, चून्न हेम्ब्रम, मंयक भारद्वाज, संदीप कुमार, दीपक बास्की, संतोष देहरी, विकास, ईषा आदि उपस्थित थे।

### स्पीड न्यूज

## बेरमो : होसिर के पूर्व मुखिया का निधन



बेरमो/गोमिया। गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह के पूर्व सहयोगी सह एकीकृत होसिर पंचायत के पूर्व मुखिया घनश्याम राम का बुधवार को निधन हो गया। वे करीब 84 वर्ष के थे। इन दिनों वे बीमार थे और दिल्ली से इलाज चल रहा था। दो दिन पहले ही वे इलाज कराकर लौटे थे। फिर उनकी तबियत बिगड़ गई। उन्हे बोकारो ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनका बुधवार को निधन हो गया। घनश्याम राम पूर्व में आईईएल कंपनी में भी कार्यरत थे। 1985 में जब निर्दलीय विधायक के रूप में माधव लाल सिंह निर्वाचित हुए उस चुनाव में अग्रणी भूमिका में थे। उनके दो पुत्र और दो पुत्री है। घनश्याम राम के निधन की सूचना मिलते ही उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व विधायक विधायक माधव लाल सिंह ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनके करीबी साथी थे। भगवान मृत आत्मा को शांति प्रदान करे।

## एमडीओ मॉडल और रेवन्यू शेयरिंग का सीटू करेगा विरोध



बेरमो/गोमिया। मजदूर संगठनों ने कोल इंडिया द्वारा एमडीओ मॉडल और रेवेन्यू शेयरिंग के आधार पर कोयला उद्योग के संचालन के प्रस्ताव का विरोध करने की योजना बनाई है। एनसीओईए (सीटू) के महासचिव प्रदीप कुमार विश्वास ने स्वांग–गोविंदपुर फेस–2 में आयोजित पीट मीटिंग में कहा कि कोल इंडिया निजी पूंजीपतियों को कोयला उद्योग सौंपने की साजिश रच रही है, जिससे स्थाई मजदूरों की जरूरत खत्म हो जाएगी। कोयला उद्योग का मुनाफा केवल निजी कंपनियों तक सीमित रह जाएगा। उन्होंने कहा कि एमडीओ मॉडल के तहत कोलियरी के संसाधन आउटसोर्सिंग कंपनियों और निजी मालिकों को सौंपे जाएंगे, जो भारी मुनाफा कमाएंगे। इसका विरोध करने के लिए एकजुट होना होगा। सीटू नेता राकेश और गौतम राम ने कहा कि कोयला उद्योग और बाजार पर भारत सरकार का नियंत्रण होना चाहिए, लेकिन सरकार इसे निजी मालिकों को सौंपना चाहती है।

## एसकेएमयू में दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने बुधवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने की। एसकेएमयू का 8 वां दीक्षांत समारोह 30 को प्रस्तावित है।

बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने बताया कि विभिन्न परीक्षाओं के टॉपरों की सूची कुछ दिन पहले ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आपत्ति के लिए अपलोड कर दी गई थी। जिसकी अंतिम तिथि 6 अगस्त थी। कुछ आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। जिन पर परीक्षा विभाग विचार कर रही है। बैठक में प्रॉक्टर डॉ राजीव कुमार, सीसीडीसी डॉ अब्दुस सत्तार, डॉ सुजीत सोरेन, पीआरओ दीपक कुमार, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ संजय कुमार सिन्हा, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ सुशील टुडू, डॉ संतोष कुमार शील, डॉ डीएन गोराई, डॉ टीपी सिंह, डॉ संजीव कुमार, डॉ नीलेश कुमार, डॉ राजेश कुमार यादव, श्वेता मरांडी, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ हसमत अली, डॉ पीपी सिंह, प्रो आरके एस चौधरी, अमिता कुमारी, डॉ सैमुअल किस्कू, डॉ शर्मिला सोरेन, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ अजय शुक्ला, डॉ आमिर हसन, रीना कुमारी, डॉ इंद्रनील मंडल, डॉ इंद्रजीत कुमार, डॉ बिनोद मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## गोड्डाः ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** अनुमंडल पुलिस उप अधीक्षक गोड्डा जे पी एन चौधरी ने प्रेस वार्ता कर बीच बाजार में चल रहे एक नशेडियों के अड्डे पर छापेमारी कर ब्राउन शुगर के दो कारोबारियों को धर दबोचे जाने और उनसे कुल 8.14 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद होने की सूचना दी। चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा को मिली गुप्त सुचना के आधार और उनके दिशा निर्देश पर एक छापे मारी दस्ता का गठन किया गया जिसमे डीएसपी प्रशिक्षु कुमार गौरव, गोड्डा नगर थाना प्रभारी दिनेश मोहली, पुलिस निरीक्षक सदर मधुसूदन मोदक, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्तोफा, अशोक कुमार दुबे के साथ रात 9 बजे मुख्य बाजार पिरपैती रोड पर शालीमार होटल के सामने एक ज्वेलरी दुकान के छत पर छापैमारी की गई दो व्यक्ति गिरफ्तार कर लिए गये और एक व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।

## साहिबगंज : बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामलें पर भाजपा ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** संथाल परगना में लगातार आदिवासियों की घटती जनसंख्यां व बंगलादेशी घुसपैठियों के 2024 के चुनाव से पहले भाजपा ने सोरेन सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर बरहेट विधानसभा क्षेत्र के सुंदर पहाड़ी प्रखंड में संथाल परगना के कार्यक्रम प्रभारी रविंद्र टुडू के अगुवाई में सोरेन सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली गई। रविंद्र टुडू ने बताया कि इस जन आक्रोश रैली के माध्यम से सोरेन सरकार को चेतावनी दी जा रही है कि आदिवासियो के हितैसी बताने वाले सीएम हेमंत सोरेन अपना आंख खोलकर देखे की राज्य में आदिवासियों का क्या हाल है। इसके आलावे यह भी देखे सरकार की संथाल परगना के सभी जिलों में लगातार बंगलादेशी घुसपैठियों के द्वारा आदिवासी समाज को टारगेट किया जा रहा है। जिसके वजह से आदिवासियों की जन संख्यां घटती आबादी खतरे का वजह बन रहा है। टुडू ने सोरेन सरकार से यह भी मांग किया है कि एमआईटी टीम गठित कर जांच किया जाए। आदिवासी महिलाएं के लिए आरक्षित सीट के लिए जनप्रतिनिधि को बहला फुसलाकर कर घुसपैठ की राजनीतिक रूप से भी मजबूत हो रहे हैं इस विषम संकट को लेकर राज्यपाल व सीएम हेमंत सोरेन के नाम बीडीओ सुंदर पहाड़ी को एक ज्ञाप न सौंपा गया है। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष रूपनारायण तिवारी, जॉन हेमराम श्याम सुंदर राम, मनोरंजन, विजय टुडू रमेश पहाड़िया आदि मौजूद रहे।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (Co-Operative Division)**
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI**
**INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI**

**Short e-tender Notice**
Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/07/2024-25
Date:- 06.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of Vermi Shed at Various Places of Jharkhand. |
| 02. | No Of Unit | 100 |
| 03. | Estimated Value of work (INRs) | 1,07,000 X 100 = 1,70,00,000.00 |
| 04. | Earnest Money (IN Rs) | 3,40,000.00 |
| 05. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 06. | Time of Completion | 06 Months |
| 07. | Date Of Publication on Website | 16.08.2024 AT 11:00 AM |
| 08. | Last Date & Time of Submission of bids | 24.08.2024 Up to 05:00 PM |
| 09. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 |
| 10. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 16.08.2024 at 11:00 AM to 24.08.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 24.08.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be Opened at 05:00 PM on 27.08.2024.
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR.NO.332119 Co-opretive(24-25):D



**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।**

**वेदव्यास आवास निर्माण, 2024–25 हेतु आवदेन–पत्र आमंत्रण सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 22 दिनांक 26.07.2024 से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में जिले में वित्तीय वर्ष 2024–25 में वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत लघु शीर्ष 101 में 15 एवं लघु शीर्ष 789 में 03 कुल 18 आवास निर्माण का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वेदव्यास आवास निर्माण हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत आवदेकों का चयन हेतु अर्हत्ताएँ निम्न प्रकार है।

1. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों।
2. गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. घर हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वालों को भी कंडिका 1 एवं 2 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है।
4. प्रति आवास देय राशि मो0 191200/रू0 मात्र है।
5. एक परिवार से एक ही लाभुक को आवास देय होगा।
6. भू स्वामित्व प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. पूर्व से किसी अन्य सरकारी योजना से आवास का लाभ न मिला हो। (प्रखण्ड विकास पदा0 के स्तर से सत्यापन कराना अनिवार्य है।)
8. बैंक खाता तथा आधार कार्ड/वोटर आई डी कार्ड की छायाप्रति।
9. दिव्यांग आवेदकों के लिए दिव्यांगता संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

नोट :– 1. आवेदक के पूर्व के घर का जिस पर वेदव्यास आवास निर्माण होना है का GPS फोटो (लाभुक स्वयं खड़े होकर) संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से भरना अनिवार्य है तथा निर्धारित स्थानों पर संबंधित पदाधिकारी का अनुशंसा आवश्यक है।
3. आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा अथवा सिंगल विंडो सिस्टम में आधार कार्ड अथवा कोई अन्य पहचान पत्र दिखाकर प्राप्त किया जा सकता है।
4. आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य है तथा आवेदन जमा करने के उपरांत किसी भी तरह का कागजात एवं अधूरा आवेदन भी स्वीकार नहीं होगा।

**कार्यालय से आवेदन प्राप्ति एवं जमा की अंतिम तिथि :– 20.08.2024**

जिला मत्स्य पदाधिकारी
कोडरमा।

PR 332091 (Fish) 24-25 (D)



**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 13 वर्ष 2024–25**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 13.08.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 14.08.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :14.08.2024 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत हेरहंज ग्राम मेराल में पीच रोड से ललीत गंझू के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1315100 | 26500 | 2500 | 02 माह |
| 2 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत हेरहंज ग्राम धूर्रे में बजरंग बली स्थान से झमेला महुआ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 641400 | 13000 | 1250 | 02 माह |
| 3 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु ग्राम तासु में कसियाडीह पीच रोड से मध्य विद्यालय तासु तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1851700 | 37500 | 5000 | 03 माह |
| 4 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत चीरू ग्राम चीरू में मझिला टोला में नान्हु सिंह के घर से बबलू गंझू के घर होते हुए उतन सिंह के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1672800 | 33500 | 5000 | 03 माह |
| 5 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत चीरू ग्राम सेरका में मध्य विद्यालय सेरका से आंगनबाडी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2498400 | 50000 | 5000 | 03 माह |
| 6 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डीही ग्राम डीही में पंचायत भवन से उमर के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2153500 | 43500 | 5000 | 03 माह |
| 7 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डीही ग्राम मुरूप में वैद्य जी के घर से चापे मदरसा तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 3275100 | 66000 | 5000 | 03 माह |
| 8 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम हेसलबार में तराहा नदी से हेसलबार स्कूल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 4369700 | 87500 | 5000 | 03 माह |
| 9 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम सासंग में मंगलदेव उरांव के घर से नूर मिया के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 606700 | 12500 | 1250 | 02 माह |
| 10 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम पतरातु में देवा उरांव के घर से लक्ष्मण उरांव के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1096700 | 22000 | 2500 | 02 माह |
| 11 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत जालिमखूर्द ग्राम उदयपुरा में शंकर उरांव के घर से पी०डब्लू०डी० रोड तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2226100 | 45000 | 5000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. ग्रुप संख्या 01–05 तक के निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो प्रखण्ड हेरहंज के संवेदक भाग लेंगे। संवेदक के अन उपलब्धता या कार्य की अधिकता होने की स्थिति में प्रखण्ड हेरहंज के निकटतम प्रखण्ड बारियातु एवं बालूमाथ के संवेदक को कार्य आवंटन पर विचार किया जाएगा।
11. ग्रुप संख्या 06–11 पर अंकित योजना में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक भाग लेंगे।
12. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13-वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 332098 (Rural Development)24-25*D

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी

**हा**ल के दिनों में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर (आईसीएस) को पाकिस्तान में काम कर रही कुछ चीनी कंपनियों की ओर से फंडिंग भी दी गयी थी। इन पैसों का इस्तेमाल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जनभावनाएं भड़काने और छात्रों का आंदोलन खड़ा करने में किया गया था। बताया जा रहा है कि चीन और आईएसआई की मिलीभगत से यह तय किया गया था कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को गिराने के लिए कब क्या किया जाना है। इस्लामी छात्र शिबिर आईएसआई के बेहद नजदीकी माने जाने वाले देवबंदी आतंकी समूह हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) के साथ काम रहा था। भारतीय खुफिया एजेंसियां लंबे समय से इस्लामी छात्र शिबिर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थीं क्योंकि उन्हें खबर लगी थी कि भारत विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है। बताया यह भी जा रहा है कि इस्लामी छात्र शिबिर के कुछ सदस्यों को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रशिक्षण भी दिलाया गया था। इस संबंध में कुछ वीडियो भी हाल के दिनों में खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लगे थे। बताया जा रहा है कि इन सबका एकमात्र उद्देश्य यही है कि बांग्लादेश में भी अफगानिस्तान के तालिबान जैसी सरकार बनाई जा सके। चीन भी देख रहा था कि जिस तरह बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना विभिन्न मुद्दों पर चीन को वरीयता देने की बजाय भारत के साथ खड़ी हो जाती हैं उस स्थिति से तभी छुटकारा मिल सकता है जब बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थित सरकार बन जाये। इन तथ्यों को नकारा नहीं जा सकता है कि भारत पर बांग्ला देश का संकट सामान्य तख्तापलट से कहीं बहुत बड़ा है।

# 19 हजार भारतीय फंसे

**बां**ग्लादेश की भयानक स्थिति और प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत आने के एक दिन बाद भारत के विदेश मंत्री ने आज राज्यसभा में बयान दिया है। बांग्लादेश में छात्रों समेत भारतीयों से लेकर वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा चिंता का विषय बनी हुई है, इस बीच जयशंकर ने राज्यसभा में कहा कि सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए। हम अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ नजदीकी से लगातार संपर्क में हैं। वहां अनुमानित 19,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से लगभग 9000 छात्र हैं। ज्यादातर छात्र जुलाई में लौट आएङ्क हम अल्पसंख्यकों की स्थिति के संबंध में भी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समूहों और संगठनों द्वारा पहल की खबरें हैं। स्वाभाविक रूप से, कानून-व्यवस्था बहाल होने तक हम बेहद चिंतित रहेंगे। इस जटिल स्थिति में हमारे सीमा सुरक्षा बलों को विशेष रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। पिछले 24 घंटों में, हम ढाका में अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कुछ समय के लिए भारत आने की मंजूरी का अनुरोध किया। हमें उसी समय बांग्लादेश के अधिकारियों से उड़ान मंजूरी के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ। वह कल शाम दिल्ली पहुंचीं। बता दें कि अब तक जारी हिंसा में 450 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और बांग्लादेश में सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना के अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के एक दिन बाद स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के नेताओं ने कहा कि वे नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस को देश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाना चाहते हैं।

# आदिवासी समाज संघर्ष कर आगे बढ़ रहा है



**आदिवासी** समाज प्रारंभ से ही संघर्ष करता रहा है। इनके भाग्य में संघर्ष की लिखा हुआ है। इसके बिना यह समुदाय शायद ही अपनी पहचान और अस्तित्व को बचा पाने में सफल हो पायेगा। विश्व के आदि मानव को इतनी त्रासदियों, परेशानियों, कठिनाइयों, चुनौतियों, संघर्षों से गुजरना पड़ेगा, शायद ही कोई कल्पना कर सकता है। मानव समुदाय संघर्ष के बिना अपनी अस्तित्व को नहीं बचा सकता है, और न ही जीवन में कुछ कर सकता है लेकिन आदिवासियों की तो अलग ही व्यथा कथा है। यह समुदाय अपनी आजीविका के लिए ही नहीं अपितु अपनी पहचान और अस्मिता के लिए भी हजारों वर्षों से संघर्ष कर रहा है। आदिवासियों ने जितना संघर्ष किया है इतना किसी भी समुदाय के लोगों के द्वारा नहीं किया गया है। अन्य समुदाय अपनी आजीविका, विकास और आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करता रहा है लेकिन आदिवासी आजीविका के साथ ही अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए हर रोज आवाज बुलंद करता रहा है। आदिवासियों के लिए संवैधानिक प्रावधान भी हैं लेकिन उसकी तो ऐसी फजीहत की गयी है कि उसका रहना या न रहना बराबर सा प्रतीत होता है। आदिवासियों को कथा कथित सभ्य समाज के लोगों ने इंसान की श्रेणी में कभी रखा ही नहीं। तभी तो इनके कानूनों को कानून के रूप में कभी देखा ही नहीं गया। अत्याचार, अन्याय,शोषण के शिकार होते रहे हैं। हक और अधिकार छीने जा रहे हैं। इसे बचाने के लिए आदिवासी समाज प्रारंभ से मुखर रहा है। यह आज भी जारी है। आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए कुछ दंपतियों ने अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया है। आदिवासी विश्व दिवस के अवसर पर हम इन दंपतियों के बारे में प्रकाशित रहे हैं।

**सुनील मिंज- ज्योति लकड़ा**

इस दंपती का क्या कहना? सुनील मिंज और ज्योति लकड़ा का आदिवासी समाज के लिए इस तरह समर्पण रहा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। संयोग ऐसा कि दोनों ने स्कूली जीवन से आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना प्रारंभ किया जो आज भी जारी है। सुनील मिंज गढ़वा जिले के गोठानी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने



**-कोरेनलुईस मिंज**

> सुनील मिंज ने कई विस्थापन आंदोलन में सक्रिय योगदान दिया है। कुटकू आंदोलन, नेतरहाट आंदोलन, कोइल कारो आंदोलन, काठीकुंड आंदोलन आदि में बड़ी भूमिका निभायी है। सुनील मिंज का सपना था कि आदिवासियों को मीडिया जगत में लाना। इसके लिए उन्होंने सकारात्मक प्रयास भी किये। इसका नतीजा आज कुछ सामने नजर आता है। आदिवासी समाज के लोग मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम कर रहे हैं।

सातवीं कक्षा से विस्थापन के खिलाफ आंदोलन में भाग लेना प्रारंभ कर दिया था। जब वे सातवीं कक्षा में थे, तभी कुटकू डैम के खिलाफ आंदोलन करते वक्त जेल भी गये। आंदोलन में शामिल 25 अन्य साथियों के साथ उन्हें विस्थापन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जेल जाना पड़ा था। उस समय आंदोलन के बारे में उनकी उतनी समझ नहीं थी, लेकिन आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए आवाज उठाने का बीजारोपण हो चुका था। जब वे संत जेवियर कॉलेज पढ़ने के लिए आये तब, उन्हें पलामू प्रमंडल के प्रगतिशील छात्र संघ का सचिव बनाया गया। इसके बाद उन्हें आंदोलन का जिम्मा दिया गया। यहीं से आदिवासियों के लिए संघर्ष करने के लिए विचार पौध बड़ा होने लगा। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने वॉल मैगजीन का प्रारंभ किया। दीवारों पर आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अपने विचार देने लगे। कॉलज की पढ़ाई के बाद सुनील मिंज मीडिया जगत में आदिवासियों के अकाल को समाप्त करने के लिए बीड़ा उठाया। इसी क्रम में 1996 में उन्होंने अखड़ा की स्थापना की।

इसके तहत उन्होंने आदिवासियों के जीवन को डॉक्यूमेंटेड करने लगे। बगैर प्रशिक्षण के चुनौतियों को स्वीकार करते हुए लेखन की दुनिया में पदार्पण किया। संवाद फीचर ट्रेनिंग चलाया। इसके माध्यम से दूसरों के 800 लेखों का विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कराया। ग्रामीण पत्रकारिता के एक टोली बनायी। सुनील मिंज कॉलेज जीवन में हेराल्ड सैमसन टोपनो, महादेव टोप्पो, मेघनाथ आदि आदिवासी समाज के चिंतकों से प्रेरणा लिये। सामाजिक बदलाव के लिए इनसे हमेशा बातचीत करते थे। सुनील मिंज अपने बडे भाई जयप्रकाश मिंज भाकपा माले के नेता थे जिनके आंदोलन से बहुत प्रभावित थे। उन्हें के पथ पर अग्रसर होते हुए गरीब आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए नौकरी की परवाह किये बिना सामाजिक कार्य में जुटे हुए हैं। सुनील मिंज ने कई विस्थापन आंदोलन में सक्रिय योगदान दिया है। कुटकू आंदोलन, नेतरहाट आंदोलन, कोइल कारो आंदोलन, काठीकुंड आंदोलन आदि में बड़ी भूमिका निभायी है। सुनील मिंज का सपना था कि आदिवासियों को मीडिया जगत में लाना। इसके लिए उन्होंने सकारात्मक प्रयास भी किये। इसका नतीजा आज कुछ सामने नजर आता है। आदिवासी समाज के लोग मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम कर रहे हैं। सिनेमा जगत और फोटोग्राफी में आ रहे हैं। इनके आंदोलन और कार्य से आदिवासी समाज को एक दिशा मिलती रही है। बढ़निया का सच पुस्तक का लेखन करके बरवाडीह प्रखंड के बढ़निया गांव के पांच मुंडा आदिवासी परिवार के सदस्यों को मुआवजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। इस पुस्तक में उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों गोली लगने से पांच मुंडा आदिवासियों की हत्या हुई थी। जिसे सरकार भी गलत साबित कर रही थी,

परंतु तथ्यपरक और ठोस सबूत के आधार पर उन्होंने इस पुस्तक लेखन कर इसे सही साबित कराने में सफलता पायी। सरकार ने इसे सही माना और मारे गये लोगों के परिवारों को मुआवजा भी मिला। कुटकू और नेतरहाट आंदोलन करके इन परियोजनाओं को रोक कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आदिवासियासें के लिए आवंटित राशि की बंदरबाट को रोकने के लिए बजट विश्लेषण कर फंडों के दुरूपयोग को जनता के सामने लाने में सफल रहे हैं। अब तक जन सरोकारों से जुड़ी 12 से अधिक पुस्तकों का लेखन किया है।

## खास बात

# दृढ़ धारणा

**मुरलीधर**

**आदिवासियों** के मन में दृढ धारणा है की परमसत्ता अपने पूर्व प्रबंध और भलेपन के तहत मनुष्यों से पशुओं तथा पक्षियों के माध्यम से बात करता है उदाहर्ण के लिए यदि कोई आदिवासियों का समूह वधु देखने के लिए जा रहा है और एक सियार पार होता है अथवा एक सूइया (एक छोटी काली चिड़िया) रास्ते को काटते हुए उड़कर पार होती है तो यह चिन्ह है कि परमसत्ता इस विवाह संबंध की अनुमति नहीं देते हैं पुनः यदि कोई आदिवासी अपने संबंधी, अथवा मित्र के यहाँ जाता/जाती है और रास्ते में उसे पीयू चिड़िया की आवाज सुनाई देती है तो यह चिन्ह है कि परमसत्ता इस विवाह संबंध की अनुमति नहीं देते हैं पुनः यदि कोई आदिवासी अपने सम्बधि, अथवा मित्र के यहाँ जाता/जाती है और रास्ते में उसे पीयू चिड़िया की आवाज सुनाई देती है तो यह हाथ पसार कर स्वागत किये जाने तथा चावल की हंडियां के प्रचुर मात्रा में दिए जाने का संकेत है

**चेतावनी**

परमतसत्ता मनुष्यों को कुछ खतरों से आगाह करते और उन्हें सर्तक रहने की चेतावनी देते हैं उदाहरण के लिए यदि कोई फिकार (पागल सियार) किसी गाँव के निकट चिल्ला रहा हो तो यह गाँव में किसी की मृत्यु का संदेश है यदि बिना किसी प्रत्येक्ष कारण के कोई पेड़ अथवा डाली आसपास गिर जाए तो इसका अर्थ है कि वह किसी बड़े दुर्भाग्य से पीड़ित होने वाला है इस दुर्भाग्य से पीड़ित होने वाला है इस दुर्भाग्य से बचाव के लिए पेड़ की डाली को लाठी अथवा कुल्हाड़ी से एक साँस में 1 से 5 अथवा 1 से 7 बार मारना चाहिऐ स्वप्न

स्वप्न में गूंगू पहनना, नये घड़े उठाकर ले जाना बाघ से मारे जाने की पूर्वसूचना होती है, यदि कोई दुसरे दिन जंगल जाता है यदि कोई लकड़ी का गट्ठर अथवा कुन्दा स्वप्न में उठाकर जा रहा है तो यह चिन्ह है कि कोई प्रिय मित्र अथवा कोई सगा- संबंधी शीघ्र ही मर जायेगो यदि कोई स्वप्न में मछली मारने. खुखड़ी चुनने,खेत का बांध बनाने, भवन बनाने के इन किसी भी कार्य में व्यस्त है तो यह किसी मृत्यु संदेश की पूर्व सूचना है इस दुर्भाग्य से बचाव के लिए सुबह जागते ही जितनी जल्दी हो सके।

# मुक्ति की बात

## विचार-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**वास्तविकता** के साथ जीना सीखना सबसे महत्वपूर्ण बात है। आप को कुछ और नहीं करना है। अगर आप अपने मन में चीजों को तोड़ना, मरोड़ना, बिगाड़ना बंद कर दें और हरेक चीज को वैसी ही देखें जैसी वह है, तो मुक्ति आपसे बस एक कदम ही दूर है। आप को कुछ भी नहीं करना है, समय ही सब कर लेगा। समय आप को किसी और तरह से परिपक्व कर देगा।

आप को बस अपने आप को ऐसे बनाना है कि आप कोई कल्पनायें न करें, अच्छी या बुरी। आप कोई भगवान या शैतान न बनाएं, स्वर्ग और नर्क, अच्छा और खराब न बनाएं। ऐसा कुछ भी न हो कि, ₹मैं इस व्यक्ति को पसंद करता हूँ, उसे नहीं करता₹। आप हर चीज को उसी तरह से देखना सीख लें, जैसी वो है, बस यही सब कुछ है। किसी खास समय पर, कुछ विशेष गतिविधि के लिये, हमें चीजों को एक विशेष रूप में देखना पड़ सकता है। बाकी समय आप उन्हें बस वैसी ही देखिए, जैसी वे हैं।

अगर आप चीजों को वैसे ही देखते हैं जैसी वे हैं, तो आप देखेंगे कि जीवन केवल इस या उस रूप में नहीं होता। ये पूरे ब्रह्माण्ड में हर तरफ विस्फोटित हो रहा है। यह ब्रह्माण्ड एक जीवित ब्रह्माण्ड है। इस बात को आप तभी देख सकेंगे जब आप हर किसी की पहचान इस तरह से करना बंद कर दें, ₹यह जीवन है, यह जीवन नहीं है, इसमें प्राण हैं, इसमें प्राण नहीं हैं, यह पुरुष है, यह स्त्री है₹। हर चीज को बस वैसी ही देखिए जैसी वह है। तो, 'यही सब कुछ है' जैसा कुछ भी नहीं होता। यह तल्लीन हो जाने की एक अंतहीन प्रक्रिया है। मान लीजिये कि एक ऐसी स्थिति हो जब आप कहें, 'यही सब कुछ है'।

**प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना पूरे देश के सभी किसानों के लिए है। इसमें ग्राम पंचायत को इकाई बनाया गया है ताकि किसान के नुकसान की भरपाई ठीक ढंग से हो।

**– शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव श्री राहुल कुमार ने मुलाकात कर मुझे संघ के विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





डॉ. यामिनी कृष्णमूर्ति जी के निधन की दुखद सूचना मिली। भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति उनकी उत्कृष्टता और समर्पण ने पीढ़ियों को प्रेरित किया है और हमारे सांस्कृतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। **–अन्नपूर्णा देवी,**

## कार्टून वर्ल्ड

ओलंपिक सुरक्षित हो जाए ..



साभार ट्विटर डॉट कॉम

# उनके दिल में भी सपनों का उफान है लेकिन समर्पण अधिक

**के मिंज**

## विश्व आदिवासी दिवस

**आज** आदिवासी दिवस है। नौ अगस्त। विश्व आदिवासी दिवस प्रतिकात्मक न हो इस कारण मैंने कुछ रिर्पोट अलग हटकर लिखा है। आदिवासी विश्व के सबसे संघर्षशील समाज हैं तमाम कठिनाइयों के बीच अपनी मूल भावना से जुड़ें हैं। सुनील मिंज फिल्म निर्माण करना चाहते हैं। इसके लिए चीरो पाठ क्रिएशन बैनर बनाया है। वे आशावादी हैं। इसमें अधिक से अधिक आदिवासी युवाओं को लाने की इच्छा रखते हैं। इनकी धर्म पत्नी ज्योति लकड़ा ने भी स्कूली जीवन से ही आदिवासियों के मुद्दों पर काम करना प्रारंभ कर दिया था। आदिवासी छात्राओं क समस्याओं को लेकर डाल्टनगंज में छहमुहा को जाम कर दिया था। स् कूली जीवन से आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार हो गयी थी,अब तक बरकरार है। ज्योति लकड़ा कुटकू बांध परियोजना से विस्थापित हैं। उनका पैतृक गांव चपिया है, लेकिन बाद में उनके घर वालों को नयाटोली में पुनर्वासित किया गया। ज्योति लकड़ा भी कुटकू बांध से विस्थापितों के पुनर्वास और रोजगार के आंदोलन किया। बाद में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में एमए की पढ़ाई के दौरान लेखन की दुनिया में पदार्पण किया। अपनी लेखनी के माध्यम से वह समाज को दिशा देने का काम किया है। उनकी कई कविताएं और कहानियां प्रकाशित हुई हैं। अमरकंटक यूनिवर्सिटी में ज्योति लकड़ा की कहानी कोराइन डूबा पढ़ाई जाती है। महिला और भूमि को लेकर काफी दिनों से काम कर रही हैं। सरकारी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा का माहौल बनाने के लिए बच्चों को क्रिएटिव राइटिंग के माध्यम से कांके प्रखंड के स्कूलों में बच्चों को पढ़ाती हैं। अखड़ा द्वारा निर्मित फिल्मों में इनका सहयोग मिलता रहा है। ज्योति लकड़ा हजारीबाग कोलंबस कॉलेज स्नातक हैं। सुनील-ज्योति लकड़ा की एक पुत्री है जिसका नाम है लोलो सिनगी मिंज है। यह रोहतास गढ़ की राजकुमारी सिनगी दई की याद में रखा गया है। सामाजिक कार्यों को यह दंपती बखूबी कर रहा है। इन दोनों के बीच सामंजस्य बेजोड़ है। इसी का परिणाम है ये दोनों सामाजिक कार्यों के लिए समय दे पाते हैं।जेरोम जेराल्ड कुजूर- रोजालिया तिर्की सामाजिक कार्यों में इस जोड़ी का भी कोई जवाब नहीं है। इनके तीन बच्चे हैं। उनकी पढ़ाई लिखाई, अच्छी परवरिश की जिम्मेवारी के बावजूद यह दंपती सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ है। आजीविका के लिए एनजीओ में काम करते हैं। इनका उद्देश्य पैसा कमाना रहा ही नहीं। इसी कारण दोनों समाज के लिए उपलब्ध रहते हैं। पोटमाडीह लातेहार के रहने वाले जेरोम जेराल्ड कुजूर संत जेवियर कॉलेज से स्नातक हैं। इन्होंने सुनील मिंज और बीजू टोप्पो का अनुसरण करते हुए अपने को सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित किया। जेरोम जेराल्ड कुजूर पढ़ाई के बाद नेतरहाट आंदोलन में युवा अगुवा बने। 1993 में नेतरहाट आंदोलन में उन्होंने तीन बस आदिवासी युवाओं को लेकर महुवाटांड़ के रामपुर बगीचा में जुलूस निकाला था। अभी प्रत्येक वर्ष 22-23 मार्च को नेतरहाट प्रतिवाद सभा में विशेष भूमिका निभाते हैं। इनके प्रयास से ही इस आंदोलन को कुछ हद तक सफलता मिली है। अभी आंदोलन के कारण नेतरहाट फील्ड फाइरिंग रेंज प्रोजेक्ट को रोका गया है, हालांकि अभी इसे रद्द नहीं किया गया है। 1992 -95 तक पलामू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे। पायलट प्रोजेक्ट नेतरहाट फील्ड फाइरिंग रेंज विरोधी जनसंघर्ष समिति में 1993-2000 तक युवा प्रतिनिधि रहे। जन हक पत्रिका के सहायक संपादक भी थे। 2001-2003 तक हरिघाटी पत्रिका के संपादक रहे। रिपोर्टिंग के लिए 2003-04 में राष्ट्रीय मीडिया फेलोशिप आवार्ड भी मिला।

## लेटर टू एडिटर

### आरक्षण की तार्किकता

**कर्नाटक** में अब निजी क्षेत्र के उद्योगों में राज्य के लोगों को आरक्षण का शिगूफा कर्नाटक की कांग्रेस ने छेड़ दिया है। बजट में हुई घोषणाओं से जाहिर हो गया है कि रोजगार के लिए अब वह उद्योगों की तरफ देख रही है। इसकी पृष्ठभूमि में आर्थिक सर्वे की प्रस्तावना में बेलाग तौर पर उद्धृत की दो रिपोर्ट्स हैं। रोजगार सृजन निजी क्षेत्र का वास्तविक लक्ष्य है।

**– रंधीर सिंह, रांची**

### राजनीतिक पैंतरेबाजी

**सत्ताधारी** कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में निजी क्षेत्र उद्यमों में रोजगार को बढ़ावा देने की खातिर नौकरियों में आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रस्ताव राजनीतिक पैंतरेबाजी का हिस्सा है। जबकि प्राइवेट उद्यम निजी लाभ के मद्देनजर कर्मचारी की नियुक्ति योग्यता के मापदंड से नौकरी देते हैं। यदि प्रदेश सरकार निजी स्वार्थ को भुला बेरोजगारी खत्म करना चाहती है तो निजी क्षेत्र में?

**– रविशंकर, जमशेदपुर**

# रोजगार सृजन केंद्र सरकार की प्राथमिकता

**डॉ. उमेश प्रताप सिंह**

## सामयिक

**पिछले** 10 वर्ष में मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने की नीति पर कार्य किया है। सरकार का ध्येय वाक्य था "न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन"। स्पष्ट है कि सरकार जो कार्य करेगी और रोजगार पैदा करेगी दोनों ही दृष्टियों से उसके आकार में कमी आएगी। सरकार की सभी नीतियों और सुशासन का उद्देश्य निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में रोजगार पैदा करना और आर्थिक समृद्धि को तेज करना होगा। इसलिए सरकार राजकोषीय घाटे को कम करके बाजार से कम ऋण लेगी, जिससे की निजी क्षेत्र के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो सके। आधारिक संरचना पर अधिक व्यय करके उसे मजबूत करने के लिए प्रयास करेगी जिससे कि निजी निवेश बढ़े। अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण एवं डिजिटलीकरण से सरकार अपनी दक्षता को बढ़ाएगी। साथ ही अर्थव्यवस्था में होने वाले हस्तक्षेप को कम करेगी जिससे कि इंस्पेक्टरराज, लालफीताशाही या नौकरशाही के हस्तक्षेप में कमी आए। कुल मिलाकर यह सरकार की शुरू से नीति रही है कि निजी क्षेत्र को बढ़ावा देकर आर्थिक समृद्धि को तेज किया जाए, जिससे अर्थव्यवस्था में रोजगार बढ़ेगा।

मोदी सरकार की एक खासियत है नीतिगत निरंतरता। पिछले 10 वर्ष में सरकार ने नीतियों की जो दिशा निर्धारित की है नए बजट में उसी को आगे बढ़ाया गया है। परंतु साथ ही सरकार ने उन मुद्दों को भी बजट में समाहित करने का प्रयास किया है जिसके कारण उसे चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। इसीलिए रोजगार के नए अवसरों के सृजन पर खास जोर दिया गया है। बजट 2024 में ऐसे नौ क्षेत्रों का उल्लेख किया गया है जिन पर आने वाले वर्षों में भी सरकार का फोकस रहेगा और जो भारत को विकसित देश की कतार में खड़ी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये क्षेत्र हैं - कृषि क्षेत्र, कौशल विकास, मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएं, बुनियादी ढांचा, शहरी विकास, नवाचार शोध एवं विकास, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सुधार। इन नौ क्षेत्रों से संबंधित ज्यादातर घोषणाएं रोजगार को बढ़ाने वाली है और युवाओं को केंद्र में रखकर के तैयार की गई है।

इस वित्तीय वर्ष में भी सरकार ने बुनियादी ढांचे पर सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत व्यय रखा है जो कि लगभग 11.11 लाख करोड रुपये है। साथ ही राज्यों को 1.50 लाख करोड रुपये बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बिना ब्याज के देने की घोषणा की गई है। यह सरकार की नीतिगत निरंतरता को दशार्ता है। बुनियादी ढांचे पर निवेश बढ़ने से भी बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना रहती है। भारत में पर्यटन क्षेत्र की असीम संभावनाएं हैं बल्कि रोजगार सृजन के लिहाज से भी यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। बजट में पर्यटन के लिए ढाई हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रोजगार वृद्धिः सरकार ने रोजगार बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं की घोषणा की है जोकि विशेष रूप से निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित कर सकते हैं। बजट के अनुसार अगले दो से चार वर्षों में चार करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिस पर 2 लाख करोड रुपये का व्यय होगा।पिछले कार्यकाल में, सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत बड़ी कंपनियों को सब्सिडी प्रदान की गई जोकि उत्पादन के स्तर से जुड़ी थी। भारत जैसे श्रम-अधिशेष देश में पीएलआई ने रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाई। पीएलआई से कंपनियों के लिए श्रम को मशीनरी से बदलना और सब्सिडी लाभ लेना ही मुख्य रहा। इस बजट की बड़ी प्राथमिकता रोजगार और कौशल विकास है। इन योजनाओं में सरकार पहली बार कर्मचारियों और उनके नियोक्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। यह पीएलआई से "इम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव" या ईएलआई में बदलाव है।

बजट में रोजगार पैदा करने के लिए सरकार निजी क्षेत्र को मदद देगी। प्रधानमंत्री रोजगार और कौशल प्रशिक्षण पैकेज के तहत निजी कंपनियों के लिए तीन तरह के प्रोत्साहन के घोषणा की गई है। पहला, निजी कंपनी में पहली बार नौकरी पाने वाले युवा को पहले महीने का वेतन का भुगतान सरकार करेगी यदि वेतन प्रति माह एक लाख रुपये से कम है।

## स्पीड न्यूज

### रवींद्रनाथ टैगोर की मनी पुण्यतिथि



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि मनाई गई। प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक अकादमिक एसके चौधरी और शिक्षकों ने गुरु टैगोर की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संगीत शिक्षिका मम्पी पॉल के निर्देशन में रवींद्र संगीत की आकर्षक प्रस्तुति की। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए भारत में वैचारिक आजादी का बीज बोया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठ रूप से पश्चिमी देशों को परिचय कराया।

### पतरातू : चूल्हा प्रमुख का गठन



भुरकुंडा (रामगढ़)। ऋतिक चौधरी ने बुधवार को पतरातू प्रखंड के पटेलनगर पंचायत, जवाहर नगर पंचायत, सौंदा बस्ती पंचायत एवं बुध बाजार चिप हाउस पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाकर चूल्हा प्रमुख का गठन किया गया। चौधरी ने कहा कि आजसू के चूल्हा प्रमुख का दायित्व बहुत बड़ा है। चूल्हा प्रमुख के माध्यम से पार्टी घर-घर की हालात से वाकिफ होगी एवं उनकी समस्याओं का निदान करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चैधरी की सोच है कि हर घर रोजगार के लिए प्रयास करना है। युवाओं को यहीं पर रोजगार उपलब्ध हो इसके लिए नीतिगत फैसले लिए जा रहे हैं। मौके पर विश्वरंजन सिन्हा, विक्रांत साहू, राजन सिंह, आयुष सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ने लगाया हेल्थ कैंप



भुरकुंडा (रामगढ़)। सहयोग क्लिनिक के डॉ. एमके मंजुल के नेतृत्व में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा एवं पारस एचईसी हास्पीटल रांची के तत्वावधान में मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्षा रेखा वर्णवाल और पारस हॉस्पिटल के डॉ. अक्षय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में पारस अस्पताल के डॉ अक्षय कुमार सिंह की टीम एवं डा एमके मंजुल द्वारा लगभग 80 लोगों का वजन, बीपी, शुगर, अस्थमा, एसपीओ-टू, पल्स आदि की जांच किया गया। साथ ही शिविर में पाए गए मरीजों को डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श भी दिया गया। मौके पर अध्यक्ष रेखा वर्कवाल, सचिव अंजु देवी, जोन चेयरपर्सन राजेन्द्र महतो, लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, माला शर्मा, डॉ एमके मंजुल, रेखा मंजुल, विजय वर्णवाल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा सहित क्लब के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

### पलामू के मजदूर तालाब में डूबा



रामगढ़। जारा टोला तालाब में डूबने से पलामू के एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की खबर मिलने पर काफी संख्या में लोग जुटे। जिसके बाद मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान पलामू निवासी शिव कुमार के रूप में हुई है। मृतक के साथी सुधीर भुईयां के मुताबिक वे लोग ये नही जानते हैं की शिव कुमार तालाब में कब और कैसे पहुंचा। जब उन्हें जानकारी मिली तो वे तालाब पहुंचे और काफी प्रयास के बाद मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाला। मजदूर पलामू के हैं जो एक ठेकेदार के अंडर में काम करते हैं।

### मंईयां योजना का नहीं हो रहा एंट्री



कुजू। मांडू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर शिविर लगाकर आवेदन लिया जा रहा है, लेकिन नहीं हो रही है ऑनलाइन एंट्री । प्रज्ञा केंद्र संचालक दीपू राणा ने बताया कि सर्वर डाउन रहने के कारण आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री नहीं हो पा रही है। दिनभर पंचायत भवन में बैठ कर समय बिता रहे हैं। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि घर का कामकाज व धानरोपनी का कार्य छोड़कर दिनभर पंचायत भवन में बैठकर बिना एंट्री कराये ही घर जाना पड़ रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

कटकमदाग। मसरातु गांव के ईश्वरी साव की मौत बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार ईश्वरी साव हजारीबाग से काम करके साइकिल से अपने घर लौट रहे थे, तभी खिरगांव स्थित पेट्रोल पंप के पास एक हाईवा गाड़ी ने उसे चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल अवस्था मे ईश्वरी को कुछ लोगो ने सदर अस्पताल मे इलाज के लिए ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । प्राप्त सूचना के अनुसार हाईवा को पकड़ा गया है। ईश्वरी साव के दो छोटे छोटे मासूम बच्चे है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।

### गायत्री मंदिर में सत्यनारायण कथा



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रावण माह के पावन अवसर पर देवघर स्थित बैधनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर लौटे कावड़ियों द्वारा बुधवार को पटेलनगर स्थित गायत्री मंदिर में सत्यनारायण कथा का आयोजन कराया गया। इस दौरान पुरोहित सिद्धू पाठक द्वारा ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराए। सत्यनारायण कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा में बतौर यजमान विनोद कुमार सिंह, सुखदेव प्रजापति उर्फ देवा, गुड्डू सिन्हा, मनोज श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, रोहित गुप्ता, कैलाश गुप्ता व कमलेश मेहता सपरिवार शामिल हुए। पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।विनोद सिंह ने परिवार और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर पर सच्चे मन से श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालुओं की भगवान हर दुख हरकर सुखों की वर्षा करते हैं।

# जेएसपी में धूमधाम से मनी ओपी जिंदल की 94वीं जयंती

**▸▸ बच्चों को मिला गिफ्ट, विरहोर समुदाय के बीच वस्त्र व भोजन का किया गया वितरण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बाउजी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते प्लांट प्रमुख आशीष जैन।



बच्चों को गिफ्ट देते अधिकारी।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातू में महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्त्रोत ओपी जिंदल बाऊजी का 94वें जन्मदिन पर बुधवार को कई कार्यक्रम हुए। सबसे पहले हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर बाऊजी को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। साथ ही सुंदर पाठ हुआ। जिंदल आशा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ प्लांट प्रमुख आशीष जैन एचआर प्रमुख अजय झा एवं प्लांट के सभी विभाग प्रमुख ने मिलकर केक काटा। बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया गया। ओपी जिंदल के जयंती पर विरहोर समुदाय के बीच में वस्त्र का वितरण कर उन्हें भोजन कराया गया। प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि बाऊजी एक महान दूर द्रष्टा थे। मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ओपी जिंदल ग्रुप जैसा विशाल औद्योगिक समूह की स्थापना की जो आज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी मानवता को भी एक नई दिशा दिखाने वाले जननायक बाऊजी थे। एचआर प्रमुख अजय झा ने कहा कि ओपी जिंदल बाऊजी महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्त्रोत थे। दुनिया ने जहां दीवार देखी बाऊजी ने वहां दरवाजे देखें। बाऊजी आजीवन दलित-पिछड़ों, किसानो, युवाओं और महिलाओं के हितों के लिए संघर्ष किये। बाऊजी की दूरदर्शिता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आज से 50 साल पहले ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभाई। इस अवसर पर ओपी जिंदल स्कूल परिसर में ओपी जिंदल की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान बच्चों को उनके आदर्शों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।प्लांट परिसर में जिंदल परिवार ने बाऊजी के 94वीं जयंती पर नमन किया।

## बड़ाकागांव में पुलिस निरीक्षक कार्यालय का एसपी अरविंद सिंह ने किया उद्घाटन

**▸▸ एनटीपीसी ने जिला मुख्यालय में भी कई विकास योजनाओं को शुरू किया है : अरविंद सिंह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना परिसर में एनटीपीसी एनएमएल के सौजन्य से निर्मित भवन में पुलिस निरीक्षक कार्यालय का उद्घाटन एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ कुलदीप कुमार एवं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के महाप्रबंधक फैज तैयब ने संयुक्त रूप से किया। एसपी ने कहा कि पुलिस निरीक्षक कार्यालय जर्जर भवन में चल रहा था। कभी भी दुर्घटना हो सकती थी। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सामुदायिक विकास के तहत क्षेत्र के अलावा जिला मुख्यालय में भी कई प्रकार के विकास योजना संचालित जनहित में किया है। तैयब ने कहा कि सीएसआर के तहत प्रभावित क्षेत्र एवं आसपास में कई योजनाएं एनटीपीसी द्वारा संचालित हो रही है और आगे भी होती रहेगी। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम,जिप सदस्य सुनीता देवी,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, उपप्रमुख बच्चन देव कुमार,इंस्पेक्टर अनिल कुमार,थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल,केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार, ऊरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार प्रसाद, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह,एनटीपीसी के एजीएम अमित अस्थाना,राहुल सिंह, कपिल देव सिंह,पीआरओ दिलीप ठाकुर,कांग्रेस विधानसभा युवा मोर्चा अध्यक्ष तारिक अनवर उर्फ बाबर, मुखिया बासुदेव यादव,पूर्व मुखिया भीखन महतो,मनोज गुप्ता,त्रिवेणी महतो,विवेक सोनी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, एनटीपीसी के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### पेयजल योजना रोक रहे हैं पूर्व विधायक : अकेला

बरही । विधायक उमाशंकर अकेला ने बुधवार को बरही चौक के समीप प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व विधायक मनोज यादव पर पेयजल योजना में कार्य कर रहे कर्मी व कांग्रेस ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष राजू राणा को पेयजल योजना का कार्य रोकवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य को अवरोध करने के उद्देश्य से ऐसा किए है, वे बरही का विकास नहीं चाहते है। इस मामले में पूर्व विधायक मनोज यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आरोप निराधार है, पेयजल योजना कार्य में अनियमितता बरती जा रही है, जिसकी शिकायत सुबोध कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने उनसे किया था, जिसके बाद उन्होंने दोनों शिकायतकर्ता के सामने ही पेयजल योजना में कार्य कर रहे कर्मी राजू राणा को कार्य ठीक से करने का निर्देश दिया। अगर कार्य ठीक से नहीं हुआ तो कार्य रोकने की भी बात कही।

## श्रीदस स्कूल के कवि सम्मेलन में बच्चों ने कविताओं से लोगों का जीता दिल

**बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे सम्मेलन जरूरी : रोहित सिंह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को कवि सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में बरही के प्रख्यात शायर और कवि फिरोज अंसारी ने शिरकत की। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कविताओं की प्रस्तुतियों से समां बांधा। वहीं बच्चों ने स्टैंड-अप कॉमेडी करके सबको हंसी से लोटपोट कराया। इस दौरान बच्चों ने अपने शिक्षकों के ऊपर भी जोक्स क्रैक्स किया। शायर फिरोज अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में कला और संस्कृति का विशेष महत्व है, क्योंकि यह हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है। उन्होंने कविता पाठ और हास्य से संबंधित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेने से मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। उन्होंने बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने की प्रेरणा दी। स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे कवि सम्मेलनों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल नियमित रूप से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि बच्चे अकादमिक गतिविधियों के अलावा अपनी प्रतिभा को भी उभार सकें। वहीं उप प्राचार्य विकास सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाना है, जिससे वे भविष्य में अपनी प्रतिभा के माध्यम से सफलता और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सानिया साइमा, कुमोध सिंह, क्रिश कुमार, मेघा, छवि और सतीश ने अपनी प्रभावशाली कविताओं और स्टैंड-अप प्रस्तुतियों से सबका मन मोहा। इस दौरान कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक भी उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### ए ला एंग्लाइज विद्यालय में नृत्य और संगीत प्रतियोगिता आयोजित



भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में बुधवार को संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य विजयंत कुमार ने बच्चों को आशीर्वचन देकर कराया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। ओपन कैटेगरी के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पश्चिमी, पौराणिक, शास्त्रीय, समकालीन और लोक नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया। जीवंत नर्तकों ने अपनी जोशीली प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने उपस्थित विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। वहीं नन्हे-मुन्नों की रंग-बिरंगी वेशभूषा ने प्रदर्शन देखने के आनंद को और बढ़ा दिया। जजों ने भाव-भंगिमाओं, मंच कवरेज, कोरियोग्राफी पर ध्यान दिया और नर्तकों के प्रयास की सराहना की। सभी प्रतिभागियों ने वेशभूषा, कोरियोग्राफी, अभिव्यक्ति और विभिन्न प्रॉप्स के लिए कड़ी मेहनत की। जिससे सभी नृत्य प्रदर्शन सराहनीय रहे। जज सिद्धार्थ कुमार मासूम, केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, अंजली सिन्हा, शबाना खातून और प्रिया सिंह बच्चों के प्रदर्शनों से अचंभित दिखें। मौके पर प्रचार्य विजयंत कुमार ने प्रदर्शन और प्रभारी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। विद्यालय का उद्देश्य ही बच्चों का सर्वांगीण विकास है।

## मुन्ना सिंह ने हजारीबाग के कई पंचायतों का किया दौरा

**▸▸ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैंसर पीड़ित व एक्सिडेंट विक्टिम से मिले और मदद का दिया भरोसा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दारू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगे मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के पंजीकरण शिविरों का दौरा कर वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात की और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान लोगों ने उन्हें कई प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया, जिनके समाधान का उन्होंने आश्वासन दिया। श्री सिंह दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत, रामदेव खरिका पंचायत, हरली पंचायत, दारू पंचायत और इरगा पंचायत जैसे क्षेत्रों में पहुंचे। इसके अतिरिक्त उन्होंने सदर प्रखंड के हुटपाइ पंचायत और मेरु पंचायत का भी दौरा किया। मुन्ना सिंह ने दारू प्रखंड के बख़्शी डीह निवासी, कैंसर पीड़ित सरोज ठाकुर (पिता नंदू ठाकुर) से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके इलाज के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इसके बाद उन्होंने बासो बार निवासी अशोक कुमार, जिनका एक्सिडेंट हुआ और उनकी याददाश्त चली गई है, के परिजनों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ के बारे में जानकारी ली और उनके परिवार को संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद मुन्ना जी रामदेव खरिका पंचायत पहुंचे जहां कुछ दिन पहले गुपलु निवासी कमलेश्वर प्रसाद (पिता महावीर महतो) की करंट लगने से मौत हो गई थी। मुन्ना सिंह जी ने उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे लोगों में रविन्द्र कुशवाहा, जिनगा मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद राम, दारू पंचायत के मुखिया, इरगा पंचायत की मुखिया अनिता, मेरु पंचायत की सिंह, उप मुखिया मनोज कुशवाह, सिल्वार पंचायत की मुखिया रुक्मिणी, हुटपा पंचायत की मुखिया कविता सिंह, देवी, सुनील कुशवाहा उर्फ भोला, पिंटू सिंह, वकील सचिन, पप्पू, शिबू, विनोद कुशवाहा, मोहन राम, मनोरंजन यादव, रवि राणा, पप्पू सिंह, सुजीत सिंह आदि लोग शामिल थे। मुन्ना सिंह ने सभी पंचायतों में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए तत्परता दिखाई। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

## एक नजर में

### बुढ़वा महादेव मंदिर के विकास को लेकर अंबा प्रसाद ने वरीय अधिकारियों के साथ की बैठक



बड़कागांव। सुप्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर पर्यटन क्षेत्र घोषित होने के बाद विकास कार्यों में आ रही है तेजी। बुधवार को विधायक अंबा प्रसाद ने जिले के वरीय पदाधिकारी के साथ बुढ़वा महादेव मंदिर के विकास को लेकर की बैठक। पश्चिमी वन प्रमंडल के डीएफओ राजीव रंजन के साथ विधायक अंबा प्रसाद ने मंदिर परिसर में विभिन्न विकास कार्य जैसे विवाह मंडप,जगह जगह पर सिटिंग प्लेस, सीढ़ी,कम्युनिटी हॉल,वॉच टावर, ट्रेसिंग स्पोर्ट, शौचालय आदि विभिन्न विकास कार्य हेतु चर्चा हुई। उन्होंने भी इसे जल्द धरातल पर उतारने की बात कही। विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर बिजली भी बुढ़वा महादेव मंदिर तक पहुंच रही है। पोल एवं बिजली तार लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, बुढ़वा महादेव जाने वाली सड़क भी बनकर तैयार है।

### प्रसिद्ध बोधिबागी मैदान में लगे 250 पौधे



इचाक। प्रसिद्ध बोधिबागी मैदान के चारो ओर पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी ,बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से जेबीकेएसएस के क्रांतिकारी नेता गौतम कुमार व कुरहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राकेश प्रसाद मेहता के पहल से आम, अमरूद, कटहल, जामुन, शीशम,बरगद , करंज और बरगद इत्यादि के फलदार,छायादार व औषधीय 250 पौधरोपण किया गया। गौतम कुमार ने कहा की बोधीबगी मैदान में चारो ओर लगभग 1000 पौधा लगवाने का लक्ष्य रखा गया है।खाली मैदान के चारो ओर पौधारोपण से खेलप्रेमियों के लिए आकर्षक व छायादार जबकि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से हितकर साबित होगा। राकेश मेहता ने कहा कि जनता से आग्रह किया कि पौधारोपण को देख रेख के लिए अपनी भूमिका निभाएं।

### योगासन के चैंपियनों को कॉलेज ने किया पुरस्कृत



पदमा। चार अगस्त हजारीबाग योग संघ द्वारा वनडे योग कैंप के तहत प्रो. अविनाश कुमार के नेतृत्व में पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज एजुकेशन की प्रशिक्षुओं प्रियांशु, कामेश्वर, मोहित, सोनू, अमित, आशीष, अनीता, संध्या, अनीता, गिरेंद्र, महेंद्र एवं राकेशभागीदारी एवं शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अर्जित किए। प्रो. अविनाश कुमार तथा प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र, टी-शर्ट, मेडल एवं डायरी देकर पुरूस्कत किया गया। रवि प्रकाश ने कहा कि छात्र सभी प्रकार की गतिविधियों में आधिकारिक भागीदारी करें संस्थान उनके लिए सहयोग करेगा। प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने कहा कि जल्द ही महाविद्यालय खेलकूद के अंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा

### जसलोक पॉली क्लीनिक में बंध्याकरण कल



चौपारण। जसलोक पॉली क्लीनिक में शुक्रवार को बंध्याकरण का नि:शुल्क ऑपरेशन होगा।संचालक विशाल सिन्हा ने बताया कि मेरे पिता स्व सुरेश प्रसाद सिन्हा का पूरा जीवन समाज की सेवा में गुजरा उनकी तमन्ना थी की रंजीता स्टूडियो परिसर में सभी का काम हो चाहे उनके पास पैसा हो या ना हो इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विशाल सिन्हा ने अपना एक निजी दवा दुकान खोला, लेकिन उसके सपनों को तब पंख मिला जब इस सपने को साकार करने में डा धीरज कुमार का सहयोग उनको मिला। इसके लिये 9431342333 ,7004825056 पर संपर्क करें।

### फाइलेरिया का एकमात्र इलाज दवा : डॉ बिमल

बरही। रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में एनएसएस के बैनर तले फाइलेरिया से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने कहा कि फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है। इससे बचाव के लिए दवा सेवन ही एकमात्र ईलाज है। पूरे भारत में सात राज्य फाइलेरिया रिश्क जोन में आते हैं, जिसमें झारखंड भी एक है। एनएसएस समन्वयक डॉ अरुणा रानी ने कहा कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक दवा का मुफ्त वितरण किया जाएगा। इसे एक साल में मात्र एक ही खुराक लेना है। इसके सेवन से कोई साईड ईफेक्ट नहीं है। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही महाविद्यालय के शिक्षक डा, संजय कुमार बर्णवाल, डा, बद्री साव, प्रो, हिरामन साव डा गिरिधारी यादव, डा कुमारी सुषमा, डा अजय रविदास, प्रो, जागेश्वर यादव, प्रो बबीता, डा सीमा, डा संगीता चौधरी, प्रो संजय बक्शी, डा ब्रह्मदेव मोदी, डॉ अजय रंजन, निर्मला सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

### चंद्रवंशी ने 51 श्रद्धालुओं को बाबाधाम किया रवाना

**बरही।** महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बाबा धाम देवघर के लिए 51 श्रद्धालुओं को मनोकामनेश्वर शिव मंदिर से रवाना हुए। श्रद्धालुओं को संस्था के संस्थापक अविनाश आर्य चंद्रवंशी ने मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी श्रद्धालुओं को बस के माध्यम से नि:शुल्क देवघर के लिए रवाना किया। चंद्रवंशी के साथ सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, सुजीत चंद्रवंशी भी मौजूद थे। अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने बताया कि वैसे लोग बाबा धाम जा रहे हैं, जो बाबा धाम जाने के लिए इच्छुक थे। उन्होंने बताया कि यात्रा नि:शुल्क रखा गया है। बताया कि आने जाने खाने पीने का सारा खर्च संस्था द्वारा किया जा रहा है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि संस्था समाज मे जागृति लाने के उद्देश्य से काम कर रही है। हमारा उद्देश्य है कि समाज उन्नति और विकसित हों। यात्रा में फुलवा देवी शाहपुर हजारीबाग, कुलदीप केशरी कुम्हार टोली हजारीबाग, रीता देवी लोहड़ी चौपारण, अमर कसेरा, ईशा कुमारी, अफीमकोठी बरही संदीप कुमार राय व कौलेश्वर राम शामिल हैं।

### कावेद का जर्जर पुल दे रही है मौत को दावत

**केरेडारी।** प्रखंड के पांडु गांव एवं काबेद गांव को जोड़ने वाला पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है। जिससे पाण्डु पंचायत के लगभग छह हजार एवं मनातू पंचायत के पांच हजार दो सौ की आबादी को आने जाने के लिए मार्ग बदलना पड़ेगा। जबकि केरेडारी प्रखड मुख्यालय से मनातू की दूरी लगभग 13 किलोमीटर है। लेकिन पुल ध्वस्त होने के बाद मनातू के लोगों को मार्ग बदलकर गांव जाने के लिए 23 किलोमीटर की दूरी तय करना होगा।ज्ञात हो कि वही दूसरी ओर इसी नदी से चट्टी बारियातु कोयला खनन परियोजना के गंदे पानी का बहाव किया जाता है।जिससे नदी की पानी भी पूर्ण रूप से दूषित हो चुका है।जबकि इसी नदी से काबेद, पांडु एवं बालेदेवरी गांव के लोग चुआ बनाकर पानी को पेयजल के रूप में इस्तेमाल करते थे।लेकिन इस नदी की पानी अब जानवर भी पानी पीना पसंद नही करते है।इस नदी में बने पुल का निर्माण वर्ष 1995 में जिला परिषद से किया गया है।जिसका प्राक्कलित राशि 04 लाख 95 हजार था।लेकिन अब पुल का अस्तित्व खतरे में है। इस बाबत मनातू पंचायत के मुखिया देवन्ति देवी एवं पांडु पंचायत के मुखिया सकिबा खातून ने इस नदी में पुन: पुल निर्माण के लिए अलग अलग ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन एनटीपीसी महाप्रबंधक को दी है,लेकिन पुल निर्माण सम्बन्धी कम्पनी द्वारा अबतक कोई विचार नही किया गया है।

स्पीड न्यूज

## आसमानी बिजली गिरने से एक महिला की मौत, दो घायल

**चतरा।** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के सिमरिया मुख्य बस्ती में आसमानी बिजली गिरने से धान रोपाई कर रही तीन महिलाएं उसकी चपेट में आ गईं, जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति का बैठक

**जयनगर (कोडरमा)।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति (एसी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने एवं वर्गीकरण के खिलाफ 21 अगस्त 2024 को प्रस्तावित भारत बंद की तैयारी के लिए 9 अगस्त 2024 को दोपहर 12 से साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में एक अति आवश्यक बैठक बुलाई गई है। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य महादेव राम, शांति प्रिया आदि लोग मौजूद रहेंगे।

## बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेको पंचायत के नावडीह नईटांड़ निवासी 23 वर्षीय नितेश सिंह पिता जयप्रकाश सिंह बुधवार की दोपहर 1 बजे कोडरमा गिरिडीह पथ पर अपनी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नितेश मरकच्चो से जयनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान दशारो के समीप श्री राम ऑटो मोबाईल्स के पास अपना संतुलन खो दिया, जिसकी वजह से वह गिर गया। युवक को माथे व चेहरे पर गंभीर रूप से चोट आई। वहीं आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से उसे 108 एम्बुलेंस से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोडरमा।** जिले के मेघातरी झारखंड बिहार बॉर्डर काराखूट गढ़ दिबौर के समीप मंगलवार शाम करीब सात बजे एक ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना में सूरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अन्य दो युवक को मामूली रूप से चोट आई। वहीं घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा घायल युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बुधवार को चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न होटलों का किया औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी ने बुधवार को कोडरमा और झुमरीतिलैया शहर के विभिन्न होटलों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक जांच किया। इस दौरान उन्होंने होटल संचालकों को अपने अपने होटलों में साफ सफाई रखने, बरसात के मौसम में हमेशा ताजा और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को बेचने आदि का निर्देश दिया।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण संपन्न

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आगामी विानसभा चुनाव 2024 के आलोक में सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु सुदीप सहाय द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रकार के पहलुओं की जानकारी दिया गया। मतदान केंद्र पर सारी मूलभूत सुविधाएं, मतदान से पहले की प्रक्रिया, मतदान दिवस के दिन की प्रक्रिया, संवेदनशील मतदान केंद्रों, वनरेबल मैपिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

जननी सुरक्षा में वितीय अनियमितता को लेकर सिविल सर्जन ने की प्रेसवार्ता, अब तक हुई कार्रवाई का दिया जानकारी, कहा

# जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा, एक भी दोषी बख्शे नही जाएंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जननी सुरक्षा योजना में लाखों के वितीय अनियमितता का मामला प्रकाश में आने के बाद हुई कार्रवाई की जानकारी देने को लेकर बुधवार को सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने प्रेसवार्ता किया और मामले को लेकर दोषियों के विरुद्ध अब तक हुए कार्रवाई की जानकारी दी। प्रेसवार्ता के दौरान सीएस डॉ. अनिल कुमार और डीपीएम महेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि जननी सुरक्षा योजना में फर्जी तरीके से राशि का बंदरबांट करने, बिटीटी दिनेश चौधरी के द्वारा फर्जीवाड़ा कर, सहिया पत्नी ममता देवी के बैंक खाते में योजना की राशि ट्रांसफर के मामले में उपायुक्त के निर्देश पर डीडीसी के नेतृत्व वाली टीम के द्वारा मामले की जांच किया गया, जांच में सीएचसी के बिटीटी दिनेश कुमार को दोषी पाते हुए उसके खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई, साथ ही आरोपी को तत्काल प्रभाव से चयन मुक्त कर दिया। वहीं गबन के राशि की रिकवरी को लेकर अन्य कार्रवाई किया जा रहा है। वहीं आरोपी पत्नी को सहिया पद से बर्खास्त कर दिया गया। वहीं सिविल सर्जन ने बताया की इसके अलावे सीएचसी के लेखा सहायक सह लिपिक अजित कुमार को निलंबित कर दिया गया है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाकिारी डॉ. सत्यनारायण भगत को हटाकर प्रभार डॉ. आशीष कुमार को दिया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जननी सुरक्षा योजना में वितीय गड़बड़ी मिलने के बाद इसका जांच का दायरा अभी और बढ़ाया जा रहा है। शक के आधार पर वितीय वर्ष 2021 से अबतक हुए भुगतान की विस्तृत जांच किया जाएगा, साथ ही आयुष्मान भारत योजना का भी विस्तृत जांच किया जाएगा। यह जांच सिर्फ सतगावां सीएचसी में ही नही, बल्कि सभी प्रखंडों के सीएचसी में दोनों योजनाओं की जांच की जाएगी और जो भी दोषी मिलेंगे, उसे किसी भी हालात में बख्शा नही जाएगा। वहीं डीपीएम महेश कुमार ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना में हुए वितीय गड़बड़ी के दोषियों से राशि की रिकवरी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी बिटीटी दिनेश चौधरी इसके पूर्व गिरिडीह के गांवा में जननी सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत समेत अन्य योजनाओं में भी वितीय गड़बड़ी का दोषी है।

### पुरुष प्रसव की बात मनगढ़ंत, लाभुक के पति के खाते में किया गया था राशि का भुगतान

प्रेसवार्ता के दौरान सिविल सर्जन ने बताया की जननी सुरक्षा योजना में वित्तीय गड़बड़ी का मामला जांच में सही पाया गया है, पुरूषों के फर्जी डिलीवरी दिखा कर, राशि गबन का मामला पूरी तरह गलत है। पुरुषों की डीलीवरी नही किया गया है, बल्कि जिन महिलाओं का डिलीवरी हुआ था, उनके द्वारा अपना बैंक खाता की जगह अपने पति का बैंक खाता भुगतान के लिए दिया गया था, जिसके आलोक में योजना की राशि लाभुक महिला की जगह उसके पति के बैंक खाता में राशि भेज दिया गया था।

एक नजर में

खरीक-मरमदिरी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार

## सड़क का निर्माण खत्म हुआ नही, पड़ने लगी दरारें

### नौ करोड़ की लागत से बन रहा खरीक-मरमदिरी तक सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** खरीक-मरमदिरी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के कारण सड़क बनने के कुछ ही दिनों बाद दरारें पड़ने लगी हैं और पहली वर्षा में ही सड़क जगह-जगह धंस कर गड्ढों में तब्दील होने लगी है। सड़क निर्माण कार्य कौलेश्वरी इंफ्राकानर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी करा रही है और ग्रामीणों का आरोप है कि सहायक अभियंता और कनीय अभियंता भी संवेदक के साथ मिले हुए हैं।

आस-पड़ोस के लोगों ने सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने को लेकर कई बार आवाज उठाने की पहल की, लेकिन आरईओ विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से स्वतः मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कराकर दोषी संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सड़क की हालत देख खुद अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त सड़क के निर्माण में किस हद तक मानक की अनदेखी की गई है।

## डायरिया की खबर पाकर, बिरहोर टोला पहुंची स्वास्थ्य टीम, किया इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डोमचांच के जिमोरडीह बिरहोर टोला में डायरिया फैलने की खबर पाकर बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरपी शर्मा स्वास्थ्य टीम के साथ बिरहोर टोला पहुंची और और डायरिया से ग्रसित बिरहोरों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयों के साथ जरूरी सलाह दिया। वहीं डॉ.आरपी शर्मा ने बताया कि डायरिया से ग्रसित सभी लोगों का समुचित इलाज व जरूरी दवाइयां दी गयी है, सभी खतरे से बाहर हैं। नियमित रूप से मरीजों की जांच के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र मसनोडीह के कर्मियों को निर्देशित किया गया है।



मौके पर डॉ. ब्यूटी कुमारी, बीपीएम मोनाजिर अहसन, जागेश्वर यादव, कमला सिन्हा, सरिता कुमारी आदि मौजूद थे।

## भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला की बैठक शिव वाटिका में की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी व संचालन महामंत्री राजकुमार यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ. नीरा यादव उपस्थित हुई। वहीं उन्होंने कहा कि 8 अगस्त को सुबह 11 बजे कोडरमा मुख्यालय में महिला मोर्चा द्वारा हेमंत सोरेन की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ धरना दिया जाएगा, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह उपस्थित रहेंगी, इसमें हजारों महिला शामिल होंगी। 9 तारीख से 15 तारीख तक घर-घर तिरंगा एवं 11 तारीख को कोडरमा समाहरणालय से मोटरसाइकिल से तिरंगा यात्रा, सुभाष चौक झुमरीतिलैया तक निकाली जाएगी। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 13 तारीख को सुबह 8 बजे महिला मोर्चा द्वारा शहीद स्थलों की साफ-सफाई की जाएगी और 14 अगस्त को विभीषिका दिवस मनाया जाएगा, जिसका संयोजक गोपाल कुमार गुतुल को बनाया गया है। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा झण्डा लगाना है और देश की शान बढ़ाना है। तिरंगा कार्यक्रम का संयोजक देवनारायण मोदी, सह संयोजक सूरज प्रताप मेहता, राजेश सिंह को बनाया गया। वहीं नितेश चंद्रवंशी ने कहा देश को आजादी बहुत बलिदानों के बाद मिली है। इसलिए आजादी के महत्व को समझें। वहीं इसके अलावा राजेश सिंह को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर जिलाध्यक्ष एवं सभी ने माल्यार्पण कर बधाई दी।

कोडरमा पॉलिटेक्निक कॉलेज बचाओ को लेकर संघर्ष जारी

## तीन सूत्री मांगों को लेकर विधायक डॉ. नीरा यादव से मिला प्रतिनिधि मंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल तीन सूत्री मांगों को लेकर विधायक डॉ. नीरा यादव से मिलकर तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा है। जिसमें कोडरमा पॉलिटेक्निक कॉलेज को बंद नही किया जाय और जयनगर गोहाल में बने नए भवन में नई कॉलेज की स्थापना किया जाय। कोडरमा पॉलिटेक्निक कॉलेज के परिसर में बने नया इंजीनियरिंग कॉलेज को प्राइवेट विश्वविद्यालय से किए गए एमओयू को रद्द करते हुए शैक्षणिक कार्य जल्द शुरू किया जाय। जिससे कोडरमा जिला सहित पूरे झारखंड बिहार एवं अन्य राज्यो के गरीब बच्चो को उचित शिक्षा मिल सके। कोडरमा जिला का मात्र एक अंगीभूत डिग्री कॉलेज जेजे कॉलेज को बिनोवा भावे विश्वविद्यालय में ही रहने दिया जाय से संबांित स्मार पत्र दिया। अपने स्तर से विभागीय सचिव को पत्र भेजने तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। मौके पर मनोज कुमार झुन्नू, महेश भारती ने



कहा की एक सप्ताह के अंदर मुख्यमंत्री से मिलकर स्मार पत्र देने का काम करेंगे एवं 11 अगस्त को कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति की विस्तारित बैठक कर जिसमे पॉलिटेक्निक कलेज को रोकने के साथ ही अन्य तीनो मांगो को लेकर आगे की आंदोलन की रणनीति तय किया जायेगा।

## भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बने राजेश सिंह



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रो. राजेश सिंह को बनाया गया। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि राजेश सिंह एक बहुत जुझारु राजनीतिक नेता है। इसके आने से संगठन को बहुत बल मिलेगा और संगठन को और भी आगे ले जाने का कार्य करेंगे। वहीं राजेश सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंशाक राज का बहुत आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं एक-एक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी के कार्य को आगे बढ़ाऊंगा और किसी के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूंगा।

## अनुसचिवीय कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 17वें दिन भी जारी

**कोडरमा।** अपने 9 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को 17वें दिन भी जारी रहा। कर्मियों के हड़ताल से विभिन्न कार्यालयों में सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं सरकारी कामकाज भी पूरी तरह प्रभावित है। जिले के दूरदराज से आये ग्रामीणों को भी मायूस होकर खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

## द-आई स्कूल कोडरमा में ग्रीन-डे और सावन महोत्सव मना

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय के सहाना रोड स्थित द-आई स्कूल में बुधवार को ग्रीन-डे और सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण की महत्ता बताते हुए वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। वहीं निदेशक मधु कुमारी ने बच्चों को बताया कि अपने घर परिसर में पौधारोपण करने के साथ ही 5 साल तक उन्हें सुरक्षित बड़े होने देना है। उन्होंने अभिभावकों से उनके विवाह के वर्षगांठ या बच्चों के जन्मदिन पर पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बच्चों की मातायें, विद्यालय की शिक्षिकाएं तथा कर्मी शामिल हुए।

## शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा में हब ऑफ लर्निंग के तत्वावधान में एक अंतर विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चतरा जिले के सीबीएसई एफिलिएटिड स्कूलों ने भाग लिया। बालक वर्ग में डीएवी चतरा के वैभव गुप्ता ने पहला, पार्थ प्रकाश ने दूसरा और नाजरथ विद्यालय के आयुष कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा सृष्टि कुमारी ने पहला, नाजरथ स्कूल की उजमा इकबाल ने दूसरा और डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा वंदानया आर्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा के श्री संजय पुरी, संयोजक पीके साव, खेल शिक्षक अभिजीत सिन्हा, नवीन गोस्वामी और अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष श्री कुमार विवेक और प्रधानाचार्य सैयद एजाज अहमद ने सफल बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को पकड़ा, हिरासत में

**कोडरमा।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में बुधवार को बीए सेमेस्टर थर्ड परीक्षा के दौरान सी-5 रूम में फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को पकड़ा गया। युवक की पहचान नीरज कुमार, पिता प्रयाग साव नवलशाही निवासी के रूप में हुई है। बतादें की बुधवार को पहली पारी में डिजिटल एजुकेशन विषय की परीक्षा संचालित हो रही थी। जानकारी के अनुसार परीक्षार्थी दिवाकर कुमार साव की जगह फर्जी तरीके से नीरज कुमार परीक्षा देते पाए गए। वहीं केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य ने फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को पुलिस के हवाले कर दिया है। इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्जी परीक्षा देने के आरोपी को कोडरमा थाना में हिरासत में रखा गया है।

## टंडवा निवासी मृतक श्रमिक इन्द्र भारती के परिजनों को श्रम अधीक्षक ने सौंपा चेक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** श्रम अधीक्षक अरबिंद कुमार ने राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता के निर्देश पर प्रतापपुर प्रखंड के ग्राम टंडवा निवासी मृतक श्रमिक इन्द्र भारती के परिजनों को उनके घर जाकर पचास हजार रुपए का चेक सौंपा। स्व. इन्द्र भारती का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया था और वो दिल्ली में ही श्रमिक का कार्य करते थे। श्रम अधीक्षक ने परिजनों को जल्द ही श्रम विभाग की ओर से अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा भी दिलाया। मंत्री सत्यानन्द भोगता ने श्रमिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार श्रमिकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और उनके परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाने का प्रयास करेगी।

# श्री राम संकीर्तन मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने संभाली कमान

### 25वें कांवर पदयात्रा को लेकर मंडल की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा आगामी 12 अगस्त को ऐतिहासिक एवं भव्य कांवर पदयात्रा निकालने को लेकर श्री सत्यनारायण मन्दिर के प्रांगण में बैठक की गई। आयोजन में विधि व्यवस्था सहित सभी प्रकार के तैयारी की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में कांवर पदयात्रा के रजत जयंती पर राज्य स्तरीय किसी बड़े चेहरे से उद्घाटन करवाने का निर्णय लिया गया। 10 अगस्त को शहर के पूरे स्टेशन रोड के अलावे अन्य स्थलों पर केसरिया झंडा लगाए जाएंगे। वहीं कार्यक्रम को लेकर बताया गया की 11 अगस्त को प्रातः 10 बजे अड़ी बांग्ला दुर्गा मंडप से जागरूकता मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी, जिसका आकर्षण पुरुषों के साथ महाराष्ट्रीयन वेश भूषा में बुलेट चलाते हुए बालिकाएं नगर भ्रमण करते हुए कांवर पदयात्रा का प्रचार प्रसार करेंगे। 11 अगस्त के रात्रि में ही इंदरवा शहरी मध्य विद्यालय के समीप बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की एवं पंजाबी धर्मशाला में रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। वहीं पर झांकियां को अंतिम रूप दिया जाएगा। 12 अगस्त को नृत्य नाटिका की टीम एवं भस्म आरती के अलावा कई अन्य झांकियां शामिल होंगी, जिसमें कानपुर, पटना और कोडरमा जिला की टीम मुख्य भूमिका में होगी। चौथे सोमवार के प्रातः 7 बजे से भव्य कांवर पद यात्रा की शुरुआत होगी, जिसमें लाखों श्रद्धालु पात्र में झरना कुंड से जल उठाएंगे और 15 किलोमीटर पैदल चलते हुए ध्वजधारी धाम के नीचे स्थित शिव मंदिर में एवं ध्वजाधारी धाम में 777 सीढ़ी चढ़कर भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे।

### कांवरियों के बस पर पथराव, मदद की गुहार



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा जमुआ मुख्य मार्ग स्थित एलआईसी ऑफिस के समीप बाबा धाम देवघर से गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) जा रही कांवरियों के एक बस पर कुछ लोगों के द्वारा पथराव कर बस का शीशा तोड़ दिया। वहीं चालक और कांवरियों के साथ हाथापाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार कार्तिकेय बस में 70 महिला, पुरुष सहित बच्चे बाबा धाम देवघर से जलाभिषेक कर अपने घर गोरखपुर उत्तर प्रदेश जा रही थी। इसी दौरान डोमचांच में एक स्कॉर्पियो से उतरकर कुछ लोगों ने बस पर पथराव किया, जिसे शीशा टूट गया। वहीं बस पर सवार सभी कांवरियों ने डोमचांच थाना पहुंचकर मदद की गुहार लगाई।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता चार दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगे चतरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखंड के लोकप्रिय मंत्री सत्यानन्द भोगता 08 अगस्त से चार दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँच रहे हैं। इस दौरान वे 'झारखंड मंईयां सम्मान योजना' के कई शिविरों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। 09 अगस्त को वे सदर प्रखंड के पकरिया सरना टोंगरी पर आयोजित 'विश्व आदिवासी दिवस' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। 10 अगस्त को वे अपने विधानसभा क्षेत्र के कई प्रखंडों का दौरा कर जनता से रूबरू होंगे और कई योजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन करेंगे। अपने चतरा प्रवास के चौथे दिन 11 अगस्त को वे अपने आवासीय कार्यालय में जनता दरबार सह जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत जनता से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं का निदान करेंगे।

# ईमानदार और निष्ठावान बनें, लक्ष्य जरूर हासिल होगा : सूरज कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जीवन में ईमानदार और निष्ठावान बनें। लक्ष्य जरूर हासिल होगा। यह बात राज्य के सहकारी समितियों के निबंधक सूरज कुमार ने कही। वह बुधवार को एक्सएलआरआई प्रेक्षागृह में अरका जैन यूनिवर्सिटी की ओर से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नवनामांकित छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

यूनिवर्सिटी के इंडक्शन सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम आरंभ 2024 में मुख्य अतिथि के तौर पर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए सूरज कुमार ने कहा कि जीवन में चाहे जितनी भी कठिनाइयां और चुनौतियां आयें, उनका डट कर सामना करें। हौसले बुलंद होंगे, तो लक्ष्य भी आसान होगा।

**स्तरीय यूनिवर्सिटी व कॉलेज होंगे तो ब्रेन ड्रेन रुकेगा : अनन्य मित्तल** - सम्मानित अतिथि अनन्य मित्तल ने अरका जैन यूनिवर्सिटी को राज्य की एक स्तरीय यूनिवर्सिटी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज होंगे, तभी यहां के विद्यार्थी यहीं पढ़-लिख कर अपने गांव, जिले और राज्य के विकास में सहभागी बन सकेंगे। साथ ही कहा कि यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज में ही छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। अतः छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा व करियर पर फोकस करें।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी में रंगारंग आरंभ 2024 के साथ नये सत्र का आगाज





कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथिगण और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

### क्या बोले कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव

कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि अरका जैन विश्वविद्यालय मानव निर्माण के ध्येय के साथ कौशल विकास को प्रमुखता देते हुए शहर में अपना शैक्षणिक भूमिका निभाने के लिए कृतसंकल्पित है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के सहकारी समितियों के निबंधक सूरज कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, सम्मानित अतिथि जिले के डीटीओ धनंजय कुमार, यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रो एसएस रजी, कुलसचिव सह निदेशक डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, कैंपस निदेशक डॉ अंगद तिवारी एवं वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। छात्र-छात्राओं ने गणेश व सरस्वतीत वंदना तथा स्वागत गीत समेत कई मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य,, गीत एवं रैंपवाक प्रस्तुत किये। समारोह का संचालन छात्रा इकरा हाशमी और छात्र चिराग अग्रवाल तथा धन्यवाद ज्ञापन कैंपस निदेशक डॉ अंगद तिवारी ने किया।

## स्पीड न्यूज

### हलधर बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महासचिव

**जमशेदपुर।** वैश्य एकता मंच झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष हलधर साह जी को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर वैश्य एकता मंच परिवार के सभी पदाधिकारियों व तमाम सदस्यों ने प्रसन्नता प्रगट की है। ज्ञात हो कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के निर्देशानुसार भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के द्वारा हलदर नारायण साह जी को एक बार पुनः प्रदेश महासचिव का दायित्व दिया गया है।

### योजना को 31 अगस्त तक बढ़ायें : सरयू राय

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना को 31 अगस्त अथवा आचार संहिता लागू के दिन तक बढ़ाने की अपील की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग कर किये गये एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि इस योजना का आवेदन फॉर्म उन्होंने अपने स्तर पर भी छपवाया है। योजना का लाभ अधिक बहनों तक पहुंचे इसके लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 तक अथवा चुनाव आचार संहिता लगने के दिन तक बढ़ाया जाना चाहिए।

### विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान 11 को

**जमशेदपुर।** नावा जुवान् जुमिद. आखड़ा गोड़ाडीह और सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 11 अगस्त रविवार को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सुंदरनगर थाना क्षेत्र के गोड़ाडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। वीवीडीए के सहयोग से जमशेदपुर ब्लड सेंटर टीम रक्त संग्रह करेगी।

### मंदिर के समीप से मीट-मुर्गा दुकानों को हटाया

**गम्हरिया।** आदित्यपुर नगर निगम द्वारा बुधवार को गम्हरिया बाजार में धार्मिक स्थलों के आसपास से मीट व मछली की दुकानें हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान बाजार में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर के इर्द-गिर्द लगने वाले मीट-मुर्गा और मछली की दुकानों को जबरन खाली कराया गया।

### भाजपा जमशेदपुर महानगर कमेटी का विस्तार

**जमशेदपुर।** लंबी प्रतीक्षा के बाद अंततः भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जिला कमिटी का विस्तार कर दिया है। बुधवार शाम जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की स्वीकृति के पश्चात जिला कार्यसमिति की घोषणा की। सुधांशु ओझा ने जिला कमिटी के साथ महानगर अंतर्गत 28 मंडल अध्यक्षों की घोषणा भी की। नयी महानगर कमेटी में महामंत्री रहे राकेश सिंह, मंत्री रहे मंजीत सिंह जैसे पुराने पदाधिकारियों की छुट्टी कर दी गयी। दोनों रघुवर दास के खास माने जाते हैं। इसी गुट के पुरानी कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव सिंह को प्रमोशन देकर महामंत्री बनाया गया जबकि पुरानी कमेटी के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह को प्रमोशन देकर उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# टाटा स्टील यूआइएसएल : ऑफिस में पंखे से लटकता मिला कर्मचारी

- मृतक ओपी साहू ने आत्महत्या के लिए काम का प्रेशर बताया
- सीपी समिति स्कूल के सचिव थे मृतक, मौत के कारणों की जांच जरूरी : दिनेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में टाटा स्टील यूआइएसएल के एक कर्मचारी ने कार्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिवार के अनुसार, सुसाइड नोट में उन्होंने काम का प्रेशर बताया है। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा है कि हमें टीएसयूआईएसएल के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में सीनियर सेनेटरी सुपरवाइजर ओम प्रकाश साहू (56 वर्ष) के दुर्भाग्यपूर्ण निधन की सूचना देते हुए दुख हो रहा है। आज दोपहर करीब 12 बजे उनका शव उनके गोलमुरी ऑफिस के सीलिंग फैन से लटका मिला।

कंपनी प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को सूचित कर दिया गया है और जांच जारी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टीएसयूआईएसएल जांच एजेंसियों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। प्रवक्ता ने यहां जारी बयान में कहा कि कंपनी पीड़ित परिवार के साथ है और कंपनी की नीति के अनुसार हरसंभव सहायता कर रही है।

दूसरी ओर, भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा, यह दुखद घटना है। कर्मचारी की मौत के लिए कौन जिम्मेदार है, उसकी गहन जाँच होनी चाहिये। हम मामले की जांच की मांग करते हैं और कर्मचारी के परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टाटा स्टील यूआइएसएल प्रबंधन कंपनी प्रावधानों के अनुसार मुआवजे का ऐलान करे और मृतक के आश्रितों द्वारा नौकरी की मांग की जा रही है, इसपर संवेदनशील पहल हो। भाजपा नेता दिनेश कुमार ने बताया ओमप्रकाश साहू उनके पड़ोसी हैं वे मिलनसार व्यक्ति थें। सीपी समिति मवि की प्रबंधन समिति में सचिव के दायित्व पर थे। उनके संग घटित अप्रिय घटना पर भाजपा नेता ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## बुद्धेश्वर मुखी पर हमला करने वाले अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाये : हरि मुखी



**जमशेपुर।** टाटा स्टील कर्मी सह कदमा निवासी बुधेश्वर मुखी की कल रात अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारने की सूचना मिलने पर केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में टाटा मुख्य अस्पताल जाकर घायल बुधेश्वर मुखी व उनके परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली व उनके ईलाज में लगे डॉक्टरों से उनके बेहतर ईलाज की मांग की। इसके बाद मुखी समाज का प्रतिनिधिमंडल कदमा थाना जाकर क्षेत्र के डीएसपी और थाना प्रभारी के मिलकर घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। हरि मुखी ने कहा कि इस घटना का मुखी समाज विरोध करता है। प्रशासन को त्वरित उच्च स्तरीय जांच कर घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी होनी चाहिए। कार्यकारी अध्यक्ष पोरेश मुखी ने कहा कि इस तरह की घटना दुबारा ना घटित हो इसके लिए प्रशासन को इस घटना का उच्च स्तरीय जांच करनी चाहिए। मौके पर हरि मुखी, पोरेश मुखी, लखिन्द्र करूवा, मुजीम मुखी, राकेश मुखी, आशीष मुखी, पीके करूवा, विकास मुखी, धीरज मुखी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सिंधारा पर्व के मौके पर खंडेलवाल समाज की महिलाओं ने खूब की मौज-मस्ती



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक सस्था खंडेलवाल वैश्य महिला महासंघ द्वारा बुधवार को सावन का सिंधारा पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम सीतारामडेरा स्थित एक होटल में खंडेलवाल समाज की महिलाओं द्वारा पहली बार किया गया। जिसमें काफी संख्या में खंडेलवाल समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने काफी उत्साह के साथ सज धज कर भाग लिया और खूब मस्ती की। महिलाओं के लिए फिल्मी एवं राजस्थानी गीतों पर नृत्य, फैंसी ड्रेस एवं प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रतियोगिता निर्णायक के रूप में अनीता अग्रवाल एवं पूजा मोदी उपस्थित थी। कार्यक्रम मंजू खंडेलवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पन्ना देवी, गीता, रुक्मणी, रंजना, अनीता, रक्षा, सुरभि, निधि, नमिता, एनिमा, सुजाता, निक्की, संगीता, रचना, रश्मि, बरसा, प्रियंका, शशि, प्रीति खंडेलवाल आदि उपस्थित थी। सभी ने लजीज व्यंजन का आनंद उठाया।

### आदिवासी दिवस मनाने को लेकर चांडिल डैम में बैठक



**चांडिल।** आदिवासी दिवस मनाने को लेकर चांडिल डैम नौका विहार में तैयारी को लेकर बैठक किया गया। जिसमें शनिवार 9 अगस्त को धूमधाम के साथ मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें बाईक रैली के रूप में फूलो झानो चौक चौका से गौरांगकोचा होते हुए चांडिल गोलचक्कर में सिद्धू-कान्हू के मूर्ति पर माल्यार्पण कर चांडिल बाईपास से ढोल नगाड़े के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल गांगुडीह फुटबॉल मैदान पहुंचेंगे। फुटबॉल मैदान में आदिवासी कल्चरल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर श्यामल मार्डी, डोमन बासके, प्रकाश मार्डी, सुचांद उरांव, मकर सिंह सरदार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### परसुडीह सोसाइटी कॉलोनी में धूमधाम से मना दादी जी का सिंधारा तीज उत्सव



**जमशेदपुर।** बुधवार को परसुडीह को-ऑपरेटिव सोसाइटी कॉलोनी (हाट बाजार रोड़) स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में सावन माह का राजस्थानी पर्व सिंधारा तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दादी जी का दरबार फूलों से बहुत ही सुंदर और आकर्षक ढंग से सजाया गया था। महिलाओं ने मीठे-मीठे भजनों से दादी जी का गुणगान किया। दादी झुंझुनू में बैठी-बैठी याद करे..., दादी ओढ़ के चुनरिया...., बड़ी प्यारी लागे है दरबार श्री राणी सती की..., नारायणी लियो अवतार बधाई सारा भक्ता नें..., वो झुंझनू वाली मेरी पालनहार है..., दुनिया ठुकराए जिसको उसे दादी गले लगाती...., श्याम चूड़ी बेचने आयो... आदि भजनों पर जय दादी की जयकारों के साथ महिलाएं जमकर थिरकी। इसे सफल बनाने में मारवाड़ी समाज एवं सोसइटी की महिलाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### जमशेदपुर विमेंस युनिवर्सिटी में मना सावन महोत्सव



**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर विमेंस युनिवर्सिटी के बिस्टूपुर प्रांगण में कुलपति महोदया प्रो अंजिला गुप्ता के निर्देशन में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा संकाय की कोऑर्डिनेटर डॉ कामिनी कुमारी, विभागाध्यक्ष डॉ संजय भुइयां सहित सभी शिक्षिकाएं शामिल हुईं। यह कार्यक्रम पिछले एक सप्ताह से लगातार चल रहा था जिसमें कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करके छात्राओं का मनोबल बढ़ाया गया। सावन महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के दरम्यान मेहंदी प्रतियोगिता, छतरी सज्जा प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, एकल और समूह नृत्य प्रतियोगताओं का भी आयोजन किया गया। आज इस आयोजन में स्वागत गान, लघु नाटिका को शामिल किया गया और साथ ही 'सावन क्वीन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और परिसर का माहौल संगीतमय बनाया।

### नेहरु कालोनी में लगा मेगा मेडिकल चेकअप कैंप

**जमशेदपुर।** साकची प्रखंड कांग्रेस के अंतर्गत स्लैग रोड, नेहरू कॉलोनी में मेगा हेल्थ चेकप कैंप एवं सहायता शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना के तहत 210 जरूरतमंद लोगों का फॉर्म भरा गया साथ ही सर्वजन पेंशन के अंतर्गत समाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन तथा झारखण्ड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना भरवाने वालों की तादाद काफी संख्या में रही। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित चिकित्सकों सहित सपोर्टिंग स्टाफ के दल के देखरेख में सहायता शिविर में 320 लोगों का जाँच कर दवा दी गई। मेडिकल कैंप में बस्ती के काफी लोगों ने चिकित्सा शिविर से लाभ उठाया, ह्रदय रोग, दांत, कान, नाक, स्वांस, अर्थो, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज सहित विभिन्न प्रकार के बीमारियों से संबंधित चेकअप के साथ-साथ दवा एवं सलाह भी लोगों ने लिया। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने चिकित्सकों के दल का स्वागत एवं सम्मानित किया। मेडिकल कैंप में निम्न चिकित्सकों ने दी सेवाएं : किडनी विशेषज्ञ डॉ सुजीत कुमार, डॉ नवीन लोधा हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ वैष्णवी, डॉ एम खान फिजिशियन, डॉ हीना गायनिक विशेषज्ञ, डॉ विनायक अग्रवाल चेस्ट रोग विशेषज्ञ, डॉ रश्मी वर्मा गायनिक, डॉ जेबा काजमी, मेडिकल को ऑडिनेटर आशीष राय ने योगदान प्रदान किया।

## अमर शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस 11 को, बंगबंधु करेंगे पदयात्रा



- रक्तदान शिविर का आयोजन 17 को, तैयारी शुरू


खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था बंग बंधु की केंद्रीय अध्यक्ष अपर्णा गुहा ने बताया के देश की आजादी की जंग में मात्र 18 वर्ष की आयु में अपना बलिदान देनेवाले अमर शहीद खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर 11 अगस्त को शहर के अन्य बंगभाषी संस्थाओं के साथ मिलकर मानगो गोलचक्कर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा रतदान शिविर लगाया जायेगा। वे आज बिष्टुपुर स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता में उक्त जानकारी दी। बताया कि उक्त तिथि को संस्था के सदस्य सुबह लगभग 9 बजे भुइयांडीह दुर्गापूजा मैदान में इकट्ठा होंगे। तत्पश्चात सभी लोग मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर पहुंचेंगे तथा वहां अन्य बंगभाषी संस्था के सदस्यों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर पदयात्रा कर मानगो पुल के दूसरी छोर पर स्थित शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा (मानगो गोलचक्कर) तक पहुंच माल्यार्पण करेंगे।

## श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन में श्रावणी संगम-5 का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में दिनांक 7 अगस्त 2024 को श्रीनाथ श्रावणी संगम -5 का भव्य आयोजन किया गया। सभागार में पवित्र सावन मास के प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक सौंदर्य को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने मनमोहक नृत्य-संगीत से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ श्रीनाथ विश्वविद्यालय के प्रबंधन की सदस्या अनिता महतो तथा श्रीमती मौमिता महतो, श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या एवम शिक्षक वृंद के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मौके पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के प्रबंधन की सदस्या अनिता महतो ने सबको पवित्र सावन मास की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी कलाकारों एवं उनके प्रशिक्षको की खूब प्रशंसा की और कहा कि बहुत थोड़े समय में ही इन प्रतिभाशाली कलाकारों ने जो बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वह प्रशंसनीय है। इस महोत्सव में प्रस्तुत पारंपरिक गीतों और नृत्य ने सबको लोक-जीवन से जोड़ने का कार्य किया है। महोत्सव में विविध प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे नेल आर्ट, मेहंदी प्रतियोगिता, हेयरस्टाइल इत्यादि। मिस्टर एवम मिस सावन का ताज देवीदत्त और पूजा ठाकुर को दिया गया।



मिस्टर एंड मिस सावन क्रमश : देवीदत्त और सुश्री पूजा ठाकुर।

## आजादी का जश्न मनाने के लिए 11 से हर घर तिरंगा अभियान शुरू करेगी भाजपा

- विधानसभा में युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली जायेगी विशाल तिरंगा यात्रा
- जमशेदपुर महानगर की बैठक में कार्यक्रम की सफलता को लेकर बनी रूपरेखा



कार्यक्रम की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश देते जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर में 11 अगस्त से भाजपा हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत करेगी। आजादी का जश्न मनाने और राष्ट्रवाद की अलख जगाने के उद्देश्य से भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 11 से 14 अगस्त तक पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी में, बुधवार को जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित जिला कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम की व्यापक सफलता और रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।

## चाईबासा में भाजपा नेत्री डॉ आशा लकड़ा ने की उच्च स्तरीय बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**चाईबासा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व जिला स्तरीय सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति से संबंधित जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की उपस्थिति में समीक्षा बैठक की। सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा क्रमवार सभी विभाग अंतर्गत संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा तथा योजनाओं में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी से संबंधित चर्चा की गयी। उन्होने सभी को जानकारी दी कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन अनुसूचित जनजातियों को शोषण के विरुद्ध सुरक्षा उपाय देने के लिए किया गया है।

## फार्म रिजेक्शन का सत्यापन जरूर करें, लंबित फार्म का निष्पादन में तेजी लायें : हरि प्रसाद केशरी

- आयुक्त ने मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 (एसएसआर) की समीक्षा बैठक
- जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रमंडलीय आयुक्त कोल्हान प्रमंडल, चाईबासा हरि कुमार केशरी ने जमशेदपुर परिसदन में मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर) 2024 के प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ किया, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने विधानसभावार पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अबतक जोड़े गए नए मतदाताओं, वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं तथा मृत मतदाताओं के नाम विलोपित करने आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रमंडलीय आयुक्त ने प्राप्त फार्म 06, फार्म 07 एवं फार्म 08 तथा निष्पादित फार्म रिजेक्टेड फार्म के संबंध में सभी संबंधित ईआरओ से समीक्षा की।



सोनारी में मतदान केंद्र का निरीक्षण के क्रम में जानकारी लेते कोल्हान कमिश्नर। साथ में डीसी अनन्य मित्तल और एसडीओ पारुल सिंह।

**खास बातें :** उन्होंने विधानसभावार रिजेक्टेड फार्म के कारणों की जानकारी ली। कहा कि फार्म रिजेक्शन का सत्यापन अवश्य करें, वैद्य कारण पर ही फार्म को रद्द करें। वहीं, लंबित फॉर्म का निष्पादन ससमय करने का निर्देश दिया। उन्होने सभी ईआरओ - एईआरओ को अपने -अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का नियमित भौतिक निरीक्षण का भी निर्देश दिया। कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि मतदान केंद्रों की जानकारी किसी को नहीं हो, उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर के साथ नियमित बैठक करने एवं कार्य प्रगति की समीक्षा का निर्देश दिया। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर समय निर्धारित है, सभी कार्यो का निष्पादन समयबद्ध होना है, इसे सभी ईआरओझ्र एईआरओ सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित समोवेशी सप्ताह के तहत जिले में पीवीटीजी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह का नाम मतदाता सूची में निबंधन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिलान्तर्गत रैन बसेरों/आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों, दिव्यांगजनों, 85 प्लस वरिष्ठ मतदाताओं, ट्रांसजेंडर का निबंधन हेतु भी विशेष अभियान चलाया गया। कम वोटिंग वाले मतदान केंद्रों की भी समीक्षा कर संबंधित मतदान केंद्र के मतदाता सूची को दुरूस्त करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

छतरपुर पलामू। छतरपुर के सुल्तानी घाटी के समीप एनएच 139 फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में बुधवार को एक युवक की मौत हो गयी। जिसकी पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के बंधुडीह निवासी नरेश यादव के पुत्र नीतीश के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही छतरपुर पुलिस एसआई अशोक टोप्पो के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची और क्षतिग्रस्त गाड़ी कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

### सरयू राय को जदयू में शामिल होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष



मेदिनीनगर/ पाटन। जनता दल यूनाइटेड पलामू ने पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी से विधायक सरयू राय को जदयू की सदस्यता लेने पर स्वागत किया है। जदयू नेताओं ने कहा कि श्री राय को जदयू में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी तथा विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। स्वागत करने वालों में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, जिलाध्यक्ष मनोज दुबे, जदयू पलामू जिला महासचिव सुरेंद्र यादव, नितेश्वर मेहता उर्फ चिंटू मेहता, अवध किशोर सिंह, शमीम हैदर मौजूद थे।

### हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

मेदिनीनगर। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश टू की अदालत ने सात अगस्त को नावा जयपुर थाना कांड 11/2018 दिनांक 04.04.2018 मामले में हत्या के तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सुजा सुनायी है। इस कांड के अभियुक्त कृष्णा राम पिता स्व अमरिका राम, फिरोष राम पिता स्व अमरिका राम, राजपतिया कुंवर पति स्व अमरिका राम नावाजयपुर के ग्राम कनौदा को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व दस दस हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनायी गयी है।

### पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प



चैनपुर पलामू। प्रखंड के चेड़ाबार स्थित भुवनेश्वर दुबे मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के सहयोग से बच्चों ने पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य विवेक त्रिपाठी ने बताया कि पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है जो हमारे जीवन के लिए सबसे अहम है। हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर वातावरण को हरा भरा बनाना चाहिए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक आकाश कश्यप, मुकेश तिवारी, अभय कुमार, आलोक कुमार, श्वेता टोप्पो, ज्योति दुबे, पल्लवी कुमारी एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### महिलाओं की परेशानी होगी दूर : मुखिया



पाटन पलामू। सगुना मुखिया मंजू देवी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सगुना पंचायत की महिलाओं की ओर से बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सर्वर डाउन होने से महिलाओं की परेशानी को देख महिलाओं का अब ऑफ लाइन आवेदन भी जमा लिया जायेगा। इससे महिलाओं की परेशानी दूर होगी। महिलाओं को एक वर्ष में 12 हजार रुपये सरकार देगी।

### विद्युत कार्यालय मेदिनीनगर में धरना व तालाबंदी 27 को होगा : उमेश सिंह

पाटन पलामू। प्रखंड में बिजली की अनियमित आपूर्ति व ग्राम कुम्हवा स्थित विद्युत सब स्टेशन में चारों विद्युत फीडर चालू करने की मांग को लेकर पाटन जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पाटन छतरपुर विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह 27 अगस्त को विद्युत कार्यालय मेदिनीनगर में पाटन के ग्रामीणों के साथ एक दिवसीय तालाबंदी व धरना प्रदर्शन करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि किशुनपुर फीडर का रूट अधिक लंबा होने से विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। पाटन छतरपुर विस क्षेत्र के सभी गांवों में खुले एलटी तार हटाकर केबल एलटी तार लगाये जायें। उक्त समस्याओं को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों के साथ मेदिनीनगर विद्युत कार्यालय के समक्ष तालाबंदी व धरना प्रदर्शन करेंगे। इसकी जवाबदेही आपकी होगी। इसकी प्रतिलिपि पूर्व सांसद मनोज कुमार व विधायक पुष्पा देवी को भी दी है।

### राजद को प्रमंडल स्तर पर मजबूती प्रदान किया जा रहा है : गिरधारी गोप



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय जनता दल का जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक परिसदन में जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी को मजबूती देने, जिला प्रखंड व पंचायत व गांव स्तर पर पार्टी से अधिक लोगों को जोड़ने एवं क्षेत्र की ज्वलंत समस्या समेत अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष सह संयोजक गिरधारी गोप ने कहा कि पलामू के सभी विधानसभा क्षेत्र में विकट जनसमस्या को एकत्रित करें। ताकि उन ज्वलंत समस्याओं का समाधान पार्टी स्तर पर कराया जा सके। जिससे कि क्षेत्र के लोगों को उसका लाभ मिल सके। जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान ने कहा कि राजद के सभी इकाईयों का गठन शीघ्र कर लिया जायेगा। मौके पर विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी, विजय राम, प्रदेश महासचिव साहिल साहनी समेत अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये।

### ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा पहुंचा विश्रामपुर

विश्रामपुर पलामू। ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) के नेतृत्व में रांची से चलकर ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा पलामू जिला के विश्रामपुर पहुंचा। केंद्रीय अध्यक्ष बीडी प्रसाद ने कहा कि रथ के माध्यम से ओबीसी जाति को हक व अधिकार हर हाल में दिलाकर रहेंगे। इस दौरान रथ यात्रा के माध्यम से गोसांग, खुटहेरिया, कुसहा, गरदाहा एवं बेलोपाति समेत विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

# पलामू सांसद ने जल शक्ति मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से की मुलाकात

■ उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना के निर्माण पर की विस्तृत चर्चा, कार्य को पूर्ण कराने का आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। नई दिल्ली में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री सी०आर० पाटिल से मुलाकात की। साथ में चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद काली चरण सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना के निर्माण हेतु विस्तृत चर्चा की एवं कार्य को पूर्ण कराने का अनुरोध किया। सांसद श्री राम ने कहा कि झारखण्ड राज्य के लातेहार जिला में स्थित उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना स्थित है। उक्त परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 1972 में आरंभ हुआ था जो 1993 तक कार्य जारी रहा और इसी वर्ष वन एवं पर्यावरण विभाग बिहार सरकार के द्वारा बेतला राष्ट्रीय पार्क और पलामू टाइगर रिजर्व के खतरे को देख मंडल डैम के बांध में जल जमाव की आशंका के साथ गेट लगाने पर आपत्ति दर्ज की गयी थी।



**खास बातें :** इसके साथ ही टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 1007 हेक्टेयर वन भूमि के जल मग्न होने के संबंध में भूमि की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गयी थी, जिसके कारण उक्त परियोजना अधर में लटक गयी। इस परियोजना के निर्माण से झारखण्ड राज्य के पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने की परिकल्पना है तथा लोगों को पेयजल के साथ-साथ औद्योगिक उद्देश्यों हेतु जल भी उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार बनने पर पलामू, चतरा, औरंगाबाद एवं गया संसदीय क्षेत्र के हम सभी सांसदों ने प्रधानमंत्री जी से मुलाकात की और उक्त परियोजना निर्माण के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। फलस्वरूप केन्द्र सरकार ने 1622.27 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। परियोजना का कार्य वाप्कोस लिमिटेड कंपनी को मिला।

# आत्मनिर्भर व सशक्त बनायी जायेंगी पांकी विस क्षेत्र की सभी महिलाएं : डॉ शशिभूषण

■ विधायक ने पांकी प्रखंड के पांच पंचायतों के स्वयंसहायता समूह की महिलाओं के बीच किया सिलाई मशीन वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश वर्मा मौजूद थे। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने श्री वर्मा को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस से जुड़ी पांकी प्रखंड पंचायत होटाई, ढुब, पंचायत नौडीहा वन, पंचायत पांकी पूर्वी, पंचायत पांकी पश्चिमी महिलाओं के बीच सिलाई मशीन वितरण पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि पलामू जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश वर्मा के साथ विधायक डॉ मेहता ने कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।





**खास बातें :** विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पूर्व के विधायक ने विधायक मद की राशि को लूटा, लेकिन जब हम विधायक बने तो महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए सिलाई मशीन बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सशक्त-आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कहा कि क्षेत्र की मां-बहनों और जनता का आशीर्वाद मिला, तो अगली बार समूह की सभी दीदियों को सिलाई मशीन देकर उन्हें रोजगार से जोड़ेंगे। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर कर रही हैं। इनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, सुनील कुशवाहा, जिला ओबीसी उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, वीरेंद्र वर्मा, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, निर्मल मेहता, पूर्व मुखिया अजय पासवान, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता भी थे।

डायन कुप्रथा, नशा मुक्ति अभियान व स्तनपान विषय को लेकर टाउन हॉल में कार्यशाला

# कुप्रथा व अभिशाप खत्म करने में सबका सहयोग जरूरी : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के टाउन हॉल में बुधवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से डायन कुप्रथा, नशा मुक्ति अभियान व स्तनपान सप्ताह विषयक पर कार्यशाला की गयी। जिले के उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी व जिला परिषद के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर जिले के उपायुक्त श्री रंजन ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि डायन कुप्रथा व नशा एक अभिशाप है और यह अभिशाप बगैर आपके सहयोग के खत्म नहीं किया जा सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि इन दोनों कुरीतियों को समाप्त करने में प्रशासन का हर संभव मदद करें। आज के इस आधुनिक युग में उपरोक्त दोनों कुरीतियों का कोई स्थान नहीं है। इसी तरह सिविल सर्जन डॉ अनिल ने स्तनपान की महत्ता पर प्रकाश डाला।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते उपायुक्त व अन्य।

**ग्रामीण क्षेत्र से आप जुड़े हैं आपकी भूमिका अहम : डीडीसी** - कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि आज जिन तीन विषयों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गयी है वे तीनों विषय महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी मुखियाओं व सेविकाओं से कहा कि आप सभी ग्राउंड जीरो पर कार्य करते हैं। ऐसे में इन कुरीतियों को रोकने में आप सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है। डायन कुप्रथा अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली चीजें हैं। नशा को लेकर उन्होंने कहा कि नशा किसी भी रूप में सही नहीं है।

# अल्टो कार से बिहार जा रही 21 पेटी देशी शराब जब्त, चार हुए गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। पलामू एसपी के निर्देश पर छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में पिपरा पुलिस ने अल्टो कार जेएच 01 इएक्स 3239 पर लाद कर बिहार ले जा रहे 21 पेटी में बंद टनाका मार्का 1008 बोतल देशी शराब को जब्त किया है। साथ ही कार चालक पिपरा थाना के बरदाग निवासी दीपक कुमार यादव तथा कार पर सवार औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना अंतर्गत चिरैली गांव निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा शराब तस्करों के लिए लाइनर का काम कर रहे दो युवकों औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना अन्तर्गत सिमरी जेयतिया निवासी युवराज सिंह तथा टंडवा थाना के मुंगिया गांव निवासी धीरज कुमार को बजाज पल्सर बाइक बीआर 26 क्यू 5098 के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ के दौरान बिहार के टंडवा गांव में शराब बेचने के लिए ले जाने की बात स्वीकार किया है। मालूम हो कि पलामू एसपी रिष्मा रमेशन को सूचना मिली कि होलेया मोड़ से कुंड की ओर जाने वाले निमार्णाधीन सड़क के रास्ते तस्करी कर शराब बिहार जाने वाला है। सूचना के आलोक में छतरपुर एसडीपीओ, थाना प्रभारी विमल कुमार सशस्त्र बल के साथ कुड़वा ग्राम से आगे वाहन चेकिंग लगाया। इस दौरान बाइक पर सवार दो युवक तथा पीछे अल्टो कार आता दिखाई दिया। पुलिस को देख उनलोगों ने मुड़कर भागने का प्रयास किया। परंतु पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। इस संबंध में उत्पाद अधिनियम के तहत पिपरा थाना कांड संख्या 33/2024 दर्ज की गयी है।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल के बच्चों ने खेल में दिखाया जलवा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने बताया कि कक्षा चतुर्थ से बारहवीं तक छात्रों के लिए अंतः विद्यालयीन स्पोर्ट्स का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो कि पिछले कई दिनों से सतत आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत कक्षा नवीं व दसवीं के क्रिकेट व कबड्डी खेलों में प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा एक से लेकर पंचम तक के विद्यार्थियों ने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित किये। कक्षा सातवीं (अ एवं ब) में शौर्य राज, रितिक कुमार, अनिष्का संयुक्त रुप से प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर आदित्य, अभिषेक कुमार, कल्पना, सृष्टि कुमारी, पल्लवी, निहारिका सिंह रहे तथा वेदपरी, स्वाती चंद्रा, अन्वेषा पांडे, साक्षी कुमारी ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। कक्षा सातवीं (स एवं द) में साक्षी, वैष्णवी, प्रियांशु कुमार संयुक्त रुप से प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर वर्षा, शगुन रहे तथा परी, अभ्यास, अनुराग, आराध्या, सचिन, अंकित एवं सूरज ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। कक्षा आठवीं में आदित्य पाल एवं शिवांश संयुक्त रुप से प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर राहुल कुमार, एवं यश त्रिवेदी रहे तथा हर्ष राज एवं दीपांजली गुप्ता ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। कक्षा नौवीं में नैतिक राज संयुक्त रुप से प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर आद्विक, कृशराज रहे तथा अंकित कुमार गुप्ता, सूरज ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। कक्षा ग्यारहवीं में ऐश्वर्या, सजोनी समीक्षा संयुक्त रुप से प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर खुशी पांडे, शाल्वी कुमारी, प्रतिक्षा प्रभात रहे तथा साधना कुमारी, सिद्धि श्री, भूमिका ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। कक्षा बारहवीं में अनामिका सिंह, रागिनी सिंह संयुक्त रुप से प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर समीक्षा तिवारी, अंकित कुमार, सृष्टि सुमेर, रितिक जायसवाल ने बाजी मारी।





प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी देते प्राचार्य व अन्य।

### खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत



चैनपुर पलामू। थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर चालक सनोज चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि मृतक सनोज गांव में ही धान रोपाई के लिए ट्रैक्टर से खेत की जोताई कर रहा था, इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर पलट गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दिया। फिर शव परिजनों को सौंप दिया।

### आशीष ने की डीडीटी छिड़काव की मांग



सतबरवा। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने बढ़ते मच्छर के प्रकोप से बचाव के लिए झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और उपायुक्त पलामू से सतबरवा प्रखंड समेत पलामू जिला के सभी प्रखंडों मे डिडीटी छिड़काव कराने की मांग की है। वहीं उन्होंने मेडिकेटेट मच्छरदानी बांटने की मांग की है, ताकि लोग मच्छर के काटने से बच सकें। लोग मलेरिया से ग्रसित हैं। गरीब असहाय लोगों को इलाज कराने में काफी दिक्कत हो रही है।

### पाटन बीडीओ ने 263 विद्यार्थियों में बांटी साइकिल

पाटन पलामू। पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने पाटन प्रखंड मुख्यालय में 263 छात्र–छात्राओं के बीच साइकिल बांटी। मौके पर पाटन सीरमा मुखिया राकेश दुबे भी थे। साइकिल वितरण कार्यक्रम में बीडीओ ने कहा कि सरकार सभी विद्यालयों के आठवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं को साइकिल दे रही है।

### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन



मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी–बारी से सुनी गयी। सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए उपायुक्त श्री रंजन ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में आये आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मामले, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले थे। उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

## क्षेत्र में अच्छी वर्षा के लिए भुड़ली पहाड़ पर भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर (पलामू)। सैकडों वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार विश्रामपुर नप के भुड़ली पहाड़ की चोटी पर भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना किसानों द्वारा किया गया। इस विशेष पूजा-अर्चना में दर्जन भर गांव के किसान शामिल हुये। स्थानीय लोगों में धार्मिक मान्यता है कि भगवान इंद्र के इस विशेष पूजा-अर्चना के बाद क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान के एक दिन पहले किसान भुड़ली पहाड़ पर जाकर भगवान इंद्र सहित कई देवी-देवताओं को जयघोष के बीच आमंत्रित करते हैं। उसके दूसरे दिन अहले सुबह से भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना होती है। कर्मकांडी पुरोहित अच्यूता नंद पांडेय के द्वारा भगवान इंद्र की विशेष पूजा व अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### बारिश में इप्पी ईएनटी एजेंसी में घुसा पानी, खाद्य सामग्री बर्बाद

मेदिनीनगर। मंगलवार को बारिश में बाईपास रोड अवस्थित ईप्पी ईएनटी नामक एजेंसी में पानी घुस जाने से उसमें रखा लाखों का खाद्य पदार्थ डूब जाने से बर्बाद हो गया। दुकान के प्रोपराइटर पंकज तिवारी ने बताया कि उन्हें पानी निकालने में लगभग 8 घंटे का समय लगा और लाखों का नुकसान हुआ है।

### भाजपा नेता निरंजन ने लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

पाटन पलामू। भाजपा नेता निरंजन पासवान ने दर्जनों गांव का दौरा कर ग्रामीण से मिलकर केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चलायी गयी योजनाओं के बारे मे लोगों को अवगत कराया। भ्रमण के दौरान कूडूवा, किशुनपुर, पाटन, सगुना, पाल्हे, नौडीहा, कोकर्षा, गंगातुवा, मानहार ग्राम के उमेश पासवान, योगिंद्र पांडेय, विजय कुमार पांडेय मौजूद थे। कुछ लोगों ने अपनी समस्याएं भी रखी।

## डायवर्सन बहने से कई गांवों का संपर्क टूटा, ग्रामीण हैं परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। प्रखंड के तूरी व अररूआ कला गांव के बीच बटाने नदी पर बना डायवर्सन टूटने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि चार दिन पहले क्षेत्र में हुई तेज बारिश से नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण डायवर्सन बह गया। इस मार्ग से तूरी, बरवा दोहरी, लंगुराही, करमलेवा, परसलेवा सहित सीमावर्ती बिहार के कई गांव के लोगों का संपर्क कट गया है। हरिहरगंज बाजार, प्रखंड मुख्यालय व इलाज के लिए जाने के लिए छह से सात किलोमीटर अधिक दूरी तय करना पड़ रहा है। खासकर विद्यार्थियों तथा बीमार लोगों के लिए ज्यादा दूरी तय करना बेहद मुश्किल कार्य है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से तूरी गांव के समीप बटाने नदी पर पिछले पांच वर्षों से अधिक समय से अधूरे पुल निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है।

# अभाविप के पूर्व छात्र नेता बबन बैठा बने भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता

■ हुसैनाबाद समेत जिला भर के भाजपा नेताओं व परिषद के मित्रों ने दी बधाई

गौतम पटेल

हुसैनाबाद पलामू। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश के नवनियुक्त संगठन में हुसैनाबाद के ग्राम बेनी कला सिंढा निवासी बबन बैठा को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया हैं। जिससे हुसैनाबाद में भाजपा के बड़े नेताओं समेत पलामू जिला में पूर्व छात्र संगठन अभाविप के कार्यकर्ताओं समेत कई लोगो ने उन्होंने बधाई दी है।



प्रदेश प्रवक्ता से मिलते बबन।

नेताओं ने कहा कि बबन संघ के समर्पित व्यक्ति रहे हैं जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्रीय कार्यो में समर्पण किया है। जिनके आने से संगठन कार्यो में गति मिलेगी।

आपको बता दें कि बबन बैठा पूर्व संघ के प्रशिक्षित स्वयंसेवक हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में वर्ष 2008 से सक्रिय कार्यकर्ता रहे है जिन्होंने परिषद के कॉलेज इकाई से लेकर प्रदेश कार्यसमिति व फिर 2015 से पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में रांची, खुंटी, संथाल परगना, धनबादद बोकारो, गिरिडीह एवं कोडरमा जिलों में विभाग संगठन मंत्री रह चुके हैं जिनका लगभग 16 वर्षो का कार्य अनुभव पार्टी को मिलेगा। पलामू लोकसभा चुनाव में उनका सक्रिय भूमिका रही हैं।

इन्हें प्रवक्ता के दायित्व मिलने पर हुसैनाबाद के लोगों मे खुशी का माहौल है। खुशी व्यक्त करने वालो में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, श्वेतांक गर्ग, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ज्योति पांडे, प्रिंस पाण्डे, पत्रकार गौतम पटेल, मित्तल सिंह, अजय सोनी समेत भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, अशोक सिंह, रविन्द्र सिंह, प्रफुल्ल सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर कुशवाहा, उदयनाथ विश्वकर्मा, श्रवण अग्रवाल, सचिन आनंद समेत कई लोगो ने बधाई दी है।

# जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष ने समाजसेवी हरिकिशोर से की मुलाकात

■ ट्रस्ट को हरसंभव मदद करने का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे नियर लाल लाजपत कॉलोनी रांची में वरिष्ठ समाजसेवी हरीकिशोर दुबे से शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान श्री अजीत ने जनकल्याण ट्रस्ट के कार्य प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के उपरांत हरि किशोर दुबे ने जनकल्याण ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी को सामाजिक व बेहतर कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष को हर संभव मदद करने का भरोसा जताया। कहा कि जन कल्याण ट्रस्ट का कार्य समाज उत्थान के लिए काफी सराहनीय है। हर क्षेत्र में ट्रस्ट का कार्यक्रम निरंतर होने से समाज कल्याण में आगे बढ़ चढ़कर मदद करने का यह पुनीत कार्य उठाया है। मौके पर चर्चा में अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि जनकल्याण ट्रस्ट के द्वारा शहीदों के याद में सम्मान समारोह का कार्यक्रम पलामू जिला होमगार्ड कार्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही मेडिकल कैंप लगाने शिक्षा जगत में वंचित जो बच्चे मूलभूत सुविधा से पाठ पठन का कार्य नहीं कर पा रहे हैं उन तक सुविधा दिलाने का भी कार्य ट्रस्ट के द्वारा किया जायेगा।



जानकारी देते लोग।

स्पीड न्यूज

## याह्या सिनवार बना हमास का प्रमुख

**गाजा।** हमास ने गाजा नेता याह्या सिनवार को समूह का प्रमुख नियुक्त किया है। हमास समूह ने कहा कि 31 जुलाई को तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद यह निर्णय लिया गया है। याह्या सिनवार को फरवरी 2017 में गाजा पट्टी में हमास का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था, वो अपने कट्टरपंथी विचारधारा के लिए जाना जाता है। उस पर सात अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड होने का आरोप है। 61 साल के याह्या सिनवार का संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। उसने 23 साल इजरायली जेलों में बिताए हैं और वो 2011 में कैदी एक्सचेंज के तहत रिहा किया गया था।

## नेपाल में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 5 मरे

**काठमांडू।** नेपाल में बुधवार को काठमांडू के उत्तर-पश्चिम में पर्वतीय क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने नुवाकोट के शिवपुरी ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर सात में दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद किए हैं। एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर, 9एन-एजेडी काठमांडू से रसुवा जा रहा था। हेलीकॉप्टर ने अपराह्न 1:54 बजे काठमांडू से उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान भरने के तीन मिनट बाद ही इसका संपर्क टूट गया। पुलिस बताया कि दुर्घटनास्थल से दो पुरुषों, एक महिला और पायलट के शव बरामद किए गए हैं।

## देवेश चतुर्वेदी कृषि और पोंडरिक इस्पात सचिव बने

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ अधिकारी देवेश चतुर्वेदी को कृषि और संदीप पोंडरिक को इस्पात सचिव नियुक्त किया है। 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चतुर्वेर्दी फिलहाल अपने कैडर उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं। 1993 कैडर के आईएएस अधिकारी पोंड्रिक को इस्पात मंत्रालय में सचिव नियुक्ति को मंजूरी दी है। फिलहाल पोंडरिक बिहार में कार्यरत हैं।

## जम्मू-कश्मीर के डीजीपी होंगे स्वैन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एजीएमयूटी कैडर के 1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरआर स्वैन को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। गृह मंत्रालय के आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि स्वैन का कार्यकाल कार्यभार संभालने से 30 सितंबर अथवा अगले आदेश तक का होगा।

रेलवे ने कवच तेजी से लगाने के लिए बनायी विशेष योजना

## रेलवे कवच लगाने काम तेजी से शुरू

नयी दिल्ली । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेलवे को टक्कर रोधी उपकरण कवच 4.0 से युक्त करने के लिए द्रुत गति से काम शुरू हो गया है जिसके तहत दो साल के भीतर 20 हजार से अधिक लोकोमोटिव अर्थात इंजनों में कवच उपकरण और नौ हजार किमी के मार्ग को कवच युक्त कर दिया जाएगा। श्री वैष्णव ने रेल भवन में कहा कि कवच के नये 4.0 संस्करण का एसआईएल-4 प्रमाणन होने के बाद उसके औद्योगिक उत्पादन की स्थिति आ चुकी है और तीन विनिर्माता को ऑर्डर जारी किये गये हैं।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लांच किया इवी

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में ड्राइव भारत कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नवाचारों की एक शृखला लांच किया। कंपनी ने इन प्रगतियों को प्रदर्शित करने के लिए ऑटोमोटिव और ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योग खिलाड़ियों के साथ सहयोग किया। अपनी तरह का पहला यह कार्यक्रम ईवी तकनीक को आगे बढ़ाने वाहनों को तेजी से परेशानी मुक्त करने के लिए ईवी निर्माण के लिए निर्माताओं की अटूट दर्शाता है।

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का शपथ आज

## सलाहकार परिषद में 15 सदस्य हो सकते हैं शामिल : सेना प्रमुख

एजेंसी

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार गुरुवार को शपथ लेगी। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने यह जानकारी दी। जनरल वकार ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि अंतरिम सरकार गुरुवार रात आठ बजे शपथ ले सकती है। उन्होंने कहा कि सलाहकार परिषद में 15 सदस्य शामिल किए जा सकते हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को अर्थशास्त्री यूनुस (84) को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया था। इस बीच, मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को सभी से शांति कायम करने और हर प्रकार की हिंसा से बचने की अपील की। यूनुस ने कहा, आइए इस नई जीत का सर्वोत्तम उपयोग करें। हम अपनी किसी गलती की वजह से इस जीत को व्यर्थ न जाने दें। यूनुस के प्रभार संभालने के लिए पेरिस से गुरुवार को स्वदेश लौटने की संभावना है।

### नोबेल विजेता यूनुस होंगे सरकार के प्रमुख

**छात्रों ने यातायात प्रबंधन संभाला :** इससे पहले बांग्लादेश में छात्रों ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन स्वयंसेवकों के रूप में यातायात प्रबंधन किया। वहीं, एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, सोमवार को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश में अराजकता चरम पर है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने या यातायात का प्रबंधन करने के लिए पुलिसकर्मी उपलब्ध नहीं हैं।

**खालिदा जिया ने रैली को किया संबोधित :** अपनी कट्टर प्रतिद्वंद्वी हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद जेल से रिहा हुईं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने ढाका



में अपनी पार्टी की एक विशाल रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश के पुनर्निर्माण के लिए शांति की अपील की। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष जिया ने कहा कि मुझे अब रिहा कर दिया गया है। मैं उन बहादुर लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं जो असंभव को संभव बनाने के लिए करो या मरो के संघर्ष में थे।

उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे लिए लूट, भ्रष्टाचार और बीमार राजनीति से पार पाने की नई संभावना लेकर आई है। हमें इस देश को एक समृद्ध देश बनाने की जरूरत है। जिया ने यह भी कहा कि कोई विनाश नहीं, कोई आक्रोश

### मोहम्मद यूनुस ने शांति बनाये रखने की अपील

### जिया ने देश के पुनर्निर्माण के लिए शांति की अपील की

नहीं और कोई प्रतिशोध नहीं, हमें अपने देश के पुनर्निर्माण के लिए प्रेम व शांति की जरूरत है।

**सांसत में कारोबारी प्रतिष्ठान :** इस बीच, कारोबारी प्रतिष्ठानों ने पिछले दो दिन में फैक्टरियों में आगजनी की घटनाओं के बीच बुधवार को कानून एवं व्यवस्था तुरंत बहाल करने की मांग की, ताकि उनकी उत्पादन इकाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मीडिया ने इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स, बांग्लादेश' के हवाले से बताया कि कारोबारियों ने कहा है कि उन्होंने आज खासतौर से कपड़ों की फैक्टरियां खोलीं, लेकिन अशांति और तोड़फोड़ के डर के कारण कई फैक्टरी का संचालन संभव नहीं है।

### शीर्ष पुलिस अफसर बदले गये

अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) ए.के.एम. शाहीदुर रहमान को मौजूदा संकट से निपटने के लिए बांग्लादेश पुलिस का शीर्ष अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और सार्वजनिक सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने के काम में जुटने का आह्वान किया है। इस बीच, बांग्लादेश स्काउट्स के सदस्यों समेत छात्रों को कई स्थानों पर यातायात प्रबंधन करते हुए देखा गया। बुधवार को सुरक्षाबल में हुए ताजा फेरबदल के तहत रहमान को अब रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मोहम्मद मोईन उल हसन ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के आयुक्त के रूप में हबीबुर रहमान का स्थान लेंगे।

**बैंक के शीर्ष अधिकारियों के इस्तीफे :** कार्यालयों को फिर से खोले जाने के बाद दूसरे दिन बुधवार को बांग्लादेश बैंक में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई। डिप्टी गवर्नर काजी सईदुर रहमान सहित बांग्लादेश बैंक के छह शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। बांग्लादेश बैंक के सैकड़ों अधिकारी बैंक गवर्नर के कार्यालय में घुस गए, जिससे कई डिप्टी गवर्नर को कार्यालय छोड़ना पड़ा।

**अवामी लीग के 29 समर्थकों के शव बरामद :** वहीं, मंगलवार को देश के कई हिस्सों से हसीना की आवामी लीग पार्टी के कम से कम 29 समर्थकों के शव बरामद हुए। इससे सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर जुलाई में शुरू हुए प्रदर्शन के हिंसक होने से अब तक मारे गए लागों की संख्या बढ़कर 469 हो गई है। मंगलवार को अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के ज्यादा मामले सामने आने की बात कही गई।



## भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहला बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति का आगाज

**नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहला बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति बुधवार से दक्षिण भारत के सुलूर में शुरू हुआ। जर्मन, स्पेनिश और फ्रांसीसी वायु सेनाओं के विमानों का स्वागत वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह ने खुद एलसीए तेजस में उड़ान भरा। वायु सेना पहली बार तरंग शक्ति की मेजबानी कर रहा है। अभ्यास में शामिल होने के लिए 51 देशों को आमंत्रित किया गया, जिसमें 12 देशों की वायु सेनाओं ने भारत आने की सहमति दी।**

# बजट लोकसभा से पास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने जमीन जायदाद पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर की प्रस्तावित नयी व्यवस्था में करदाताओं को राहत देने वाले संशोधन प्रस्ताव समेत कुल 45 सरकारी संशोधनों के साथ वित्त विधेयक 2024(2) को स्वीकृति प्रदान करने के साथ वर्ष 2024-25 के बजट प्रस्तावों को बुधवार को मंजूरी दे दी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक में दीर्घकालीन पूंजीगत संपत्तियों (भूमि और भवन या दोनों) के हस्तांतरण/ बिक्री पर व्यक्तियों और अविभाजित हिंदू परिवार को राहत देते हुये प्रस्ताव किया कि 23 जुलाई 2024 (बजट पेश किये जाने की तिथि) से पहले खरीदी गयी जमीन जायदाद की बिक्री या हस्तांतरण पर इंडेक्सेशन (महंगाई दर समायोजन) के साथ 20 प्रतिशत या बिना इंडेक्सेशन के 12.5 प्रतिशत की दर, जिसमें कम कर दर हो उसे लागू किया जायेगा।

- 45 संशोधनों के साथ वित्त विधेयक को मिली मंजूरी
- जमीन जायदाद की खरीद-बिक्री पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा : सीतारमण

वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त संशोधन सहित कुल 45 संशोधनों को सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। इस तरह की संपत्तियों पर अब तक इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत की दर से दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ लागू होता था। वित्त मंत्री बजट में कर की दर को 12.5 प्रतिशत करने के साथ ही 2001 की कीमत के आधार पर गणना की जाने वाली इंडेक्सेशन की सुविधा को समाप्त कर दिया था। इंडेक्सशन को बहाल रखने की संसद के अंदर और बाहर उठी मांग को ध्यान में रखते हुये वित्त मंत्री ने इस संबंध में नये संशोधन का प्रस्ताव किया था जिसके पारित होने पर अब करदाताओं के सामने दोनों विकल्प होंगे लेकिन इंडेक्सेशन के लिये अब कट ऑफ तिथि 23 जुलाई



2024 होगी। वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुये कहा कि मोदी सरकार जनता की बातों पर ध्यान देते हुये फैसला करती है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से जमीन जायदाद की खरीद-बिक्री पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पालिसी प्रीमियम पर 18 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवाकर (जीएसटी) को समाप्त करने की विपक्ष की मांग को महज राजनीति बताते हुये कहा कि बिना प्रीमियम पर राज्यों में कर जीएसटी लागू होने से पहले से चला आ रहा था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जीएसटी परिषद की कई बैठकों में चर्चा हो चुकी है।

# राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव तीन सितंबर को

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है। 3 सितंबर को मतदान होगा और उसी दिन नतीजे आएंगे। असम, बिहार और महाराष्ट्र से दो-दो तथा हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और उड़ीसा से एक-एक सीट के लिए मतदान होगा। असम से कामाख्या प्रसाद तासा, सवार्नंद सोनोवाल, बिहार से मीसा भारती, विवेक ठाकुर, हरियाणा से दीपेंद्र सिंह हुड्डा, मध्य प्रदेश से ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाराष्ट्र से उदयनराजे भोसले और पीयूष गोयल, राजस्थान से केसी वेणुगोपाल, त्रिपुरा से बिप्लब देब इस बार लोकसभा में जीत कर आए

**असम, बिहार और महाराष्ट्र से दो-दो तथा हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओड़िशा से एक-एक सीट के लिए होगा मतदान**

हैं। इसके कारण राज्यसभा में उनकी सीट रिक्त है। तेलंगाना से के. केशव राव और ओडिशा से ममता मोहंता ने क्रमशः 5 और 31 जुलाई को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। नामांकन 14 अगस्त से शुरू होगी और असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और त्रिपुरा के लिए 26 अगस्त तथा बिहार, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना और ओडिशा के लिए 27 को नाम वापसी के साथ नामांकन प्रक्रिया पूरी होगी।

## खड़गे व राहुल से मिले उद्धव ठाकरे

**नयी दिल्ली।** शिव सेना-उद्धव ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा अन्य प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री ठाकरे तथा कांग्रेस नेतृत्व के बीच यह बैठक श्री खड़गे के आवास पर हुई। श्री ठाकरे के साथ उनकी पार्टी के अन्य कई नेता भी बैठक में मौजूद थे।

खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के किसान और नौजवान अवसरवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन से परेशान हैं। महाराष्ट्र की 13 करोड़ जनता बदलाव की ओर देख रही है। श्री ठाकरे तथा अन्य नेताओं के साथ हमारी बैठक हुई।

# विशेष विमान से 205 यात्री ढाका से दिल्ली पहुंचे

**नयी दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने बुधवार सुबह राजधानी नई दिल्ली से बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बीच एक विशेष उड़ान का संचालन किया, जिससे छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ए 321 नियो विमान से संचालित एयर इंडिया का की चार्टर्ड उड़ान मंगलवार देररात ढाका से रवाना हुई, जिसके जरिए छह बच्चों और 199 वयस्कों सहित 205 लोगों को भारत लाया गया है। एयर इंडिया ने ढाका एयरपोर्ट पर बुनियादी ढांचा संबंधी चुनौतियों के बावजूद इस विशेष उड़ान का संचालन किया है। नई दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के इस विमान में कोई यात्री नहीं था। इससे



एक दिन पहले कंपनी ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए अपनी सुबह की उड़ान को रद्द कर दिया था, लेकिन शाम की उड़ान को तय समय पर रवाना किया था।

विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस भी बुधवार से तय समय-सारिणी के मुताबिक ढाका के लिए उड़ानों का संचालन करेंगी। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ जारी प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के कारण एयरलाइन कंपनियों ने मंगलवार को ढाका के लिए अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी थीं।

## एनआइए ने अमन साहू के प्रमुख गुर्गे आकाश साहू को किया गिरफ्तार


**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड कोयला खदान में गोलीबारी, आगजनी और जबरन वसूली के मामले में जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के एक और प्रमुख गुर्गे को गिरफ्तार किया है। झारखंड में रांची के आकाश कुमार साहू उर्फ साकस साहू को एनआईए द्वारा आरोपित किए जाने के एक दिन बाद हिरासत में लिया गया था। अब आकाश इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 26वां आरोपी है। एनआईए ने यह जानकारी बुधवार को दी। जांच में एनआईए को पता चला कि आरोपी आकाश कुमार, शंकर यादव और अमन साहू के लिए जबरन वसूली के काम में सक्रिय था। इस पैसे को दोनों रियल एस्टेट में निवेश करने का ढोंग रच रहे थे।

# लगातार गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

एजेंसी

**मुंबई।** जापानी शेयर बाजार निक्केई को स्थिर करने करने के लिए बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के ब्याज दर में बढ़ोतरी नहीं करने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार पिछले लगातार तीन दिन की गिरावट से उबरकर बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की उछाल पर रहा। सेंसेक्स 874.94 अंक अर्थात 1.11 प्रतिशत की उड़ान भरकर 79 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 79,468.01 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 304.95 अंक यानी 1.27 प्रतिशत उछलकर 24,297.50 अंक हो गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के

- बैंक ऑफ जापान के ब्याज नहीं बढ़ाने के संकेत से तेजी
- सेंसेक्स 874 अंक उड़ान भरकर 79,468 पर पहुंचा निफ्टी 304 अंक उछलकर 24,297 पर हुआ बंद
- 4031 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, 2986 में तेजी और 947 में गिरावट रही



शेयरों में भी जमकर खरीददारी हुई, जिससे मिडकैप 2.63 प्रतिशत मजबूत होकर 46,830.57 अंक और स्मॉलकैप 2.39 प्रतिशत की छलांग लगाकर 53,278.93 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4031 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2986 में तेजी जबकि 947 में गिरावट रही वहीं 98 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 44 कंपनियों में लिवाली जबकि शेष छह में बिकवाली हुई।वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुख से उत्साहित निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत हुई और बीएसई के सभी 20 समूह चढ़ गए। इससे कमोडिटीज 2.49, सीडी 2.06, ऊर्जा 3.32, एफएमसीजी 1.38, वित्तीय सेवाएं 1.53, हेल्थकेयर 2.03, इंडस्ट्रियल्स 2.80, आईटी 1.66, दूरसंचार 2.80, यूटिलिटीज 1.45, ऑटो 1.87, बैंकिंग 0.93, कैपिटल गुड्स 2.89, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.31, धातु 3.44, तेल एवं गैस 3.75, पावर 2.07, रियल्टी 2.07, टेक 1.46 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.53 प्रतिशत मजबूत रहे। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 972 अंक की तूफानी तेजी के साथ 79,565.40 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,639.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 79,106.20 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 78,593.07 अंक के मुकाबले 1.11 प्रतिशत मजबूत होकर 79,468.01 अंक हो गया। निफ्टी 297 अंक उछलकर 24,289 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,337.70 अंक के उच्चतम जबकि 24,184.90 अंक के निचले स्तर पर रहा। पिछले सत्र के 23,992.55 अंक की तुलना में 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,297.50 अंक पर बंद हुआ।

## एनटीआर जूनियर के साथ काम करना चाहती हैं कीर्ति सुरेश



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री कीर्ति सुरेश मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के साथ काम करना चाहती हैं। एनटीआर जूनियर को मैन ऑफ मासेस के नाम से जाना जाता है, उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और बेहतरीन अभिनय के लिए वैश्विक पहचान और प्रशंसा प्राप्त की है। उनके प्रभावशाली अभिनय कौशल और विनम्र व्यक्तित्व ने उन्हें अपने साथी अभिनेताओं सहित कई लोगों के बीच पसंदीदा बना दिया है।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !